
# Samyak

An Institute For Civil Services

# करेंट अफेयर्स

## मासिक समसामयिकी

## सितम्बर 2024






### विशेष आकर्षण

- अंतर्राष्ट्रीय घटनाचक्र
- राष्ट्रीय घटनाचक्र
- राजस्थान घटनाचक्र
- रक्षा/विज्ञान प्रौद्योगिकी
- आर्थिक घटनाचक्र
- खेल जगत











**सभी प्रतियोगी परीक्षाओ के लिए उपयोगी**




# INDEX


| | | पेज नं. |
|---|---|---|
| 1 | राजस्थान परिदृश्य | 1 – 16 |
| 2 | राष्ट्रीय परिदृश्य | 17– 18 |
| 3 | आर्थिक परिदृश्य | 19 – 23 |
| 4 | अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य | 24 – 27 |
| 5 | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 28 – 31 |
| 6 | खेल | 32 –33 |
| 7 | पुरस्कार एवं सम्मान | 34 – 35 |
| 8 | चर्चित व्यक्तित्व | 36 – 37 |
| 9 | चर्चित स्थल | 38 |
| 10 | महत्त्वपूर्ण तथ्य | 39 |
| 11 | रिपोर्ट्स एवं इंडेक्स | 40 – 44 |
| 12 | प्रमुख दिवस एवं सप्ताह | 44 |


# मासिक करेंट अफेयर्स

## सितंबर : 2024

# 1.राजस्थान परिदृश्य

## 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024

- आयोजन: 9-11 दिसम्बर 2024 को जयपुर में।
- इसका उद्घाटन 9 दिसंबर को, प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किया जाएगा।
- इसका नामकरण व लोगो 1 अगस्त 2024 को लॉन्च किया गया।
- इसकी थीम ''REPLETE, RESPONSIBLE, READY'' है।
- इसका लक्ष्य राजस्थान को अगले 5 वर्षों में 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना तथा 'विकसित राजस्थान' कार्य योजना को आगे बढ़ाना है।
- यह आयोजन राजस्थान सरकार के तत्वाधान में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन (BIP) और राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन (रीको) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।
- इसका नोडल विभाग ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन (BIP) है।
- फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) इसका समिट पार्टनर है।
- इस इन्वेस्टमेंट समिट का नॉलेज पार्टनर PWC इंडिया है।
- इसमें एमएसएमई कॉन्क्लेव और प्रवासी राजस्थानी कॉन्क्लेव भी आयोजित होगा।
- राजस्थान में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए राज्य में जिला स्तर पर 1 अक्टूबर से 15 नवंबर तक इन्वेस्टर्स मीट होगी।
- इसमें कलेक्टर व अधिकारी स्थानीय स्तर पर निवेश के इच्छुक उद्यमियों के साथ बैठक करेंगे।
- जिले की इन्वेस्टर्स मीट में प्रभारी मंत्री व प्रभारी सचिव भी शामिल होंगे।
- इस मीट का आयोजन जिला प्रशासन, जिला उद्योग केंद्र और रीको के सहयोग से किया जाएगा।

### विदेशों में इन्वेस्टर्स रोड शो

- निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए उद्योग मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ व प्रतिनिधिमंडल 17 से 19 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात (UAE) और दोहा (कतर) में इंटरनेशनल इन्वेस्टर्स रोड शो आयोजित किए गए।

## राजस्थान सरकार के जापान में दो बड़े एमओयू

- 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट 2024 के संदर्भ में राज्य के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के जापान प्रवास के दौरान ओसाका में इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन हुआ।
- इसमें 2बड़े प्रोजेक्ट्स पर एमओयू हस्ताक्षरित किए-
  1. बायोसीड कॉरपोरेशन व राजस्थान सरकार
  2. सरताज ग्रुप व राजस्थान सरकार
- इस एमओयू के तहत **जयपुर और जोधपुर में रिसर्च एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूशन और स्पोर्ट्स एकेडमी** बनाई जाएगी।

## नई दिल्ली में इन्वेस्टर मीट में 8 लाख करोड़ रुपये के निवेश समझौते हुए

- राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के तहत 30 सितंबर 2024 को नई दिल्ली में इन्वेस्टर मीट का आयोजन किया गया।
- इस दौरान राजस्थान में निवेश हेतु राज्य सरकार के ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन और विभिन्न कंपनियों के बीच **8 लाख करोड़ रुपये** से अधिक के निवेश संबंधी एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।
- राजस्थान में निवेश के लिए एमओयू का कुल मूल्य 12.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।
- इन्वेस्टर मीट में अक्षय ऊर्जा, पावर ट्रांसमिशन, तेल और गैस, सीएनजी, लॉजिस्टिक्स, एग्रोटेक जैसे क्षेत्रों में निवेश के लिए एमओयू किए गए।
- इसमें **सर्वाधिक एमओयू ऊर्जा क्षेत्र में** हुए है।

### ध्यान रखने योग्य तथ्य

- राजस्थान के उद्योग मंत्री: राज्यवर्धन राठौड़
- राजस्थान के मुख्य सचिव: सुधांश पंत
- उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव: अजिताभ शर्मा

## राजस्थान में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस हेतु प्रावधान

- **राजस्थान** में होने वाली राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट से पहले राज्य सरकार 21 नीतियाँ लागू करेगी।
- इन नीतियों में ऐसे प्रावधान किए जाएंगे, जिससे निवेशक आसानी से प्रदेश में उद्योग स्थापित कर सकें।

## राजस्थान में पर्यटन संबंधी प्रावधान

- राजस्थान के पर्यटन विभाग ने राजस्थान पर्यटन इकाई नीति (RUTP-2024) के तहत हेरिटेज रेस्टोरेंट, ग्रामीण पर्यटन, ईको पर्यटन, हैल्थ रिसोर्ट, योग एवं ध्यान केंद्र, वेलनेस सेंटर, स्टूडियो अपार्टमेंट, टूर ऑपरेटर, ट्रेवल एजेंट, इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को भी पर्यटन इकाई मानने का निर्णय लिया है।
- नई नीति में पर्यटन इकाइयों के लिए लाइसेंस की सालाना बाध्यता को खत्म कर दिया जाएगा।
- स्थानीय निकायों द्वारा एक मुश्त 10 साल के लाइसेंस दिए जाएंगे।
- प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाली सभी पर्यटन इकाइयों में रोजगार के अवसर बढ़ाने और पर्यटन क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों के कौशल विकास के लिए 12,500 रुपए प्रति कर्मचारी अनुदान दिया जाएगा।

### विश्व पर्यटन दिवस

- वैश्विक स्तर पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है।
- संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 1980 में इसकी शुरुआत की थी।
- इस वर्ष पर्यटन दिवस की थीम "टूरिज्म और शांति" है।

### राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (RIPS) 2024 को मंजूरी

- इस योजना का राजस्थान सरकार द्वारा 29 सितंबर 2024 को मंजूरी दी गई।
- इसमें MSME सेक्टर से लेकर नए उभरते हुए क्षेत्रों में निवेश को आकर्षित करने के लिए प्रावधान किए गए हैं।
- नए उभरते हुए क्षेत्रों की सूची का विस्तार करते हुए इसमें एयरो स्पेस, रक्षा, ड्रोन, सेमीकंडक्टर्स, एग्रीटेक और वेस्ट रिसाइक्लिंग जैसे क्षेत्रों को शामिल किया गया है।
- RIPS-2024 में स्टैंडर्ड सर्विसेज पैकेज के तहत इन्सेंटिव्स के लिए निवेश की न्यूनतम सीमा 50 करोड़ रुपये से घटाकर 25 करोड़ रुपये कर दी गई है।
- पर्यटन इकाइयों के लिए इन्सेंटिव्स के लिए निवेश की न्यूनतम सीमा 10 करोड़ रुपये किया गया है।
- 1 करोड़ रुपये से कम की अचल पूंजी निवेश करने वाले MSME उद्यमों को भी रिप्स- 2024 के दायरे में लाया गया है।
- ग्रीन ग्रोथ निर्यात संवर्धन और क्षमता विकास जैसी प्राथमिकताओं को शामिल किया गया है।
- नई यूनिट लगाने और पहले से चल रही इकाइयों को प्रोत्साहन के साथ ही पहली बार निर्यातक बनने वाले उद्यमियों को भी इसमें लाभान्वित किया जाएगा।
- MSME इकाइयों की लागत कम करने के लिए भूमि और बिजली से संबंधित इंसेंटिव शुरू किए गए हैं।
- मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करने वाले निवेशकों के लिए भूमि लागत के भुगतान का लचीला मॉडल रिप्स में शामिल किया गया है, जिसमें भूमि लागत का 25 प्रतिशत अग्रिम भुगतान करने के बाद शेष 75 प्रतिशत राशि 10 किस्तों में 8 प्रतिशत ब्याज के साथ दी जा सकेगी।
- ऊर्जा के अधिक उपयोग वाले 8 प्रकार के उद्योगों को विद्युत लागत इंसेंटिव प्रदान किए जाएंगे।
- MSME सेक्टर के लिए स्टैण्डर्ड मैन्युफैक्चरिंग पैकेज की तुलना में अधिक अवधि (7 वर्ष) के लिए ब्याज छूट का लाभ दिया जाएगा।
- खादी, ग्रामीण पर्यटन और कृषि-प्रसंस्करण एमएसएमई के लिए अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा।

**3 हजार करोड़ से अधिक निवेश पर 5 गुना इंसेंटिव**

- **महिलाओं** की ओर से संचालित स्टार्टअप्स को 2 साल के लिए शत प्रतिशत एसजीएसटी की प्रतिपूर्ति प्रदान की जाएगी।
- तीन हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश पर 5 गुना इंसेंटिव दिए जाएंगे।

### नॉलेज इनहांसमेन्ट प्रोग्राम

- राजस्थान सरकार ने बजट 2024- 25 में "नॉलेज इनहांसमेन्ट प्रोग्राम" शुरू करने की घोषणा की थी।
- इसके तहत राजस्थान के 100 युवा एवं प्रगतिशील किसान प्रशिक्षण के लिए विदेश भेजे जाएंगे।
- इस कार्यक्रम के अंतर्गत पहले चरण में इन प्रगतिशील युवा किसानों को उन देशों में भेजा जाएगा, जहाँ कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में नवाचार किए जा रहे हैं और उच्च तकनीक के प्रयोग से कम जगह और लागत में अधिक फसल उत्पादित की जा रही है।

**चयन के मापदंड**

| कृषि क्षेत्र | **डेयरी पशुपालन क्षेत्र** |
|---|---|
| • कृषक के पास कम से कम एक हेक्टेयर कृषि भूमि का भूस्वामित्व हो।<br>• अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व महिला कृषकों के पास 0.5 हेक्टेयर कृषि भूमि का भूस्वामित्व हो।<br>• कृषक पिछले 10 वर्षों से खेती कर रहा हो।<br>• कृषक द्वारा उच्च कृषि तकनीक जैसे संरक्षित खेती, सूक्ष्म सिंचाई, मल्चिंग, सौर ऊर्जा पंप, ड्रोन फर्टिगेशन, ऑटोमेशन, फार्म पॉंड, डिग्गी अपनाई जा रही हो। | • वास्तविक रूप से कम से कम 20 गाय-भैंस की डेयरी या 10 ऊंट या 50 भेड़-बकरी का स्वामित्व रखता हो।<br>• पिछले 10 वर्षों से डेयरी या पशुपालन पेशे से जुड़ा हो।<br>• उच्च पशुपालन या डेयरी तकनीक उपयोग करता हो।<br>• डेयरी क्षेत्र में जिला या राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए चयनित हो।<br>• जिसकी अपने क्षेत्र में प्रगतिशील पशुपालक के रूप में पहचान हो। |

- इस प्रोग्राम के तहत पहले चरण में चयनित 100 युवा किसानों में से 80 कृषि क्षेत्र तथा 20 डेयरी एवं पशुपालन क्षेत्र से होंगे।
- इसमें कृषि क्षेत्र में प्रशिक्षण हेतु आवेदन करने वाले कृषकों की उम्र 55 वर्ष से कम होनी चाहिए।

### लाडो प्रोत्साहन योजना में बदलाव

- हाल ही में राजस्थान सरकार ने मुख्यमंत्री राजश्री योजना को लाडो प्रोत्साहन योजना में मर्ज करने के बाद इसमें महत्त्वपूर्ण बदलाव किया है।
- इसके तहत अब राज्य में निजी स्कूलों में पढ़ाई करने वाली और निजी अस्पतालों में जन्मी बेटियों को भी 1 लाख रुपए की सहायता मिलेगी।
- इससे पहले राजश्री योजना का लाभ केवल सरकारी अस्पतालों में जन्मी और सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली बेटियों को ही मिलता था।

| किस्त | राशि |
|---|---|
| पहली | 2500 रुपये जन्म पर |
| दूसरी | 2500 रुपये एक साल के पूरे टीकाकरण पर |
| तीसरी | 4,000 रुपये प्रथम कक्षा में प्रवेश पर |
| चौथी | 5,000 रुपये कक्षा 6 में प्रवेश पर |
| पांचवीं | 11,000 रुपये कक्षा 10 में प्रवेश पर |
| छठीं | 25,000 रुपये कक्षा 12 में प्रवेश पर |
| सातवीं | 50,000 रुपये स्नातक परीक्षा पास करने पर |

### MAA (मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य) वाउचर योजना

- यह योजना राज्य स्तर पर 17 सितंबर 2024 को शुरू की गई।
- इसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी करवाने की सुविधा उपलब्ध करवाना है।
- यह योजना 8 मार्च, 2024 को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 3 जिलों-बारां, भरतपुर और फलौदी में शुरू की गई थी।
- इस योजना के तहत राजकीय सोनोग्राफी केन्द्रों के साथ-साथ निजी सोनोग्राफी केन्द्रों पर भी नि:शुल्क सोनोग्राफी सेवाओं का लाभ मिलेगा।
- इस योजना के माध्यम से गर्भवती महिलाएं 1,161 निजी पंजीकृत सोनोग्राफी केंद्रों पर निःशुल्क सोनोग्राफी करा सकेंगी।
- इस योजना पर राज्य सरकार 10 करोड़ रुपये से अधिक प्रतिवर्ष व्यय करेगी।

### गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना

- राजस्थान सरकार द्वारा ग्रामीण गोपालक परिवारों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज पर शुरू की गई है।
- इस योजना में पात्र गोपालकों को एक वर्ष की अवधि के लिए 1 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा।
- राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के बजट में गोपालकों को डेयरी से संबंधित गतिविधियों हेतु किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज पर गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना की घोषणा की गई थी।
- यह ऋण गाय-भैंस हेतु शेड / खेली का निर्माण, दुग्ध, चारा, बांट सहित आवश्यक उपकरण खरीदने हेतु दिया जा सकता है।
- इसके प्रथम चरण में 5 लाख गोपालक परिवारों को ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा।
- इस योजना हेतु 150 करोड़ रुपये बजट निर्धारित किया गया है।
- गोपालक द्वारा ऋण समय पर अथवा समय से पूर्व चुकाए जाने पर आगामी एक वर्ष के लिए नवीन ऋण स्वीकृत किया जा सकता है।

### ऋण हेतु पात्रता

- गोपालक किसान को प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति का सदस्य होना आवश्यक है।
- गोपालक परिवार से एक सदस्य, जो कि सहकारी डेयरी समिति को दूध का बेचान करता हो, को प्राथमिक दुग्ध समिति की अनुशंषा पर ऋण प्राप्त कर सकता है।

### अटल एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम

- इसकी घोषणा राजस्थान परिवर्तित बजट 2023-24 में की गई।
- उद्देश्य: युवाओं को स्टार्टअप स्थापित करना तथा उनमें उद्यमिता बढ़ाना।
- इसके माध्यम से युवाओं को देश-विदेश के उत्कृष्ट सीईओ का मार्गदर्शन मिलेगा।
- इसके तहत चयनित स्टार्टअप्स को 10 करोड़ रुपये तक की फडिंग उपलब्ध करवाई जाएगी।

### अटल इनोवेशन स्टूडियो एंड एक्सीलरेटर्स

- इसकी घोषणा राजस्थान परिवर्तित बजट 2023-24 में की गई।
- **ये जयपुर, भरतपुर, बीकानेर और उदयपुर में स्थापित किए** जाएंगे।
- लागत: 1,000 करोड़ रुपये।
- उद्देश्य: युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराना।

### मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का दायरा बढ़ेगा

- इस योजना के तहत राजकीय अस्पतालों के साथ निजी अस्पतालों का नेटवर्क अब गांवों तक उपलब्ध करवाया जाएगा।
- राज्य सरकार द्वारा निजी क्षेत्र की भागीदारी से अस्पतालों का नेटवर्क बढ़ाया जाएगा।
- इसके लिए योजना से संबंधित नियमों में बदलाव एवं सरलीकरण किया जाएगा।
- इस योजना से संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए ग्रिवांस रिड्रेसल सिस्टम को मजबूत किया जाएगा।
- इस योजना में पोर्टेबिलिटी की सुविधा जल्द शुरू की जाएगी। इससे बाहर के राज्यों नागरिक भी इस योजना का लाभ ले सकेंगे और राजस्थान के रोगी दूसरे राज्यों में इलाज प्राप्त कर सकेंगे।

**मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (MAA) योजना**

**उद्देश्यः**

- सरकारी एवं साथ ही निजी सूचीबद्ध अस्पतालों में पात्र लाभार्थियों को कैशलेस उपचार प्रदान करना।
- उच्च स्वास्थ्य देखभाल लागत के विरूद्ध परिवारों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना।

**निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा**

- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, सामाजिक आर्थिक एवं जाति आधारित जनगणना में चिन्हित,

- छोटे एवं सीमान्त किसान
- संविदाकर्मियों
- कोविड- 19 अनुगृह योजना के लाभार्थियों के परिवार
- शेष आबादी प्रति वर्ष प्रति परिवार 850 रुपये की राशि का भुगतान करना होता है, शेष प्रीमियम लागत राज्य सरकार द्वारा वहन की जा रही है।
- वर्तमान में लगभग 1.43 करोड़ परिवार योजनान्तर्गत पंजीकृत हैं।

**प्रमुख विशेषताएँ**

- नया चरण 30 जनवरी, 2023 को शुरू किया गया, इसके तहत बीमा कम्पनी को प्रति परिवार प्रति वर्ष 1,965 रुपये की प्रीमियम राशि का भुगतान किया जाता है।
- योजना में कुल 1,806 पैकेजेज शामिल हैं, जिसमें 1,761 पैकेज बीमा मोड पर एवं 45 पैकेज ट्रस्ट मोड पर शामिल है।
- योजना के तहत प्रति परिवार प्रति वर्ष 25 लाख रुपये का कैशलेस उपचार प्रदान किया जा रहा है, जो दो भागों में विभाजित है।
    - बीमा मोड में 5 लाख रुपये कवरेज
    - ट्रस्ट मोड में 20 लाख रुपये तक कवरेज
- इसमें अंग प्रत्यारोपण और कॉकलियर इम्प्लांट के लिए विशेष पैकेज भी शामिल हैं, जैसे- अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण, किडनी प्रत्यारोपण, लिवर प्रत्यारोपण, हृदय प्रत्यारोपण और फेफड़े का प्रत्यारोपण।
- बजट घोषणा 2024 के अनुसार कैंसर उपचार के 73 डे केयर पैकेज भी योजना में शामिल हैं।

## 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान

- मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने 17 सितंबर 2024 को जयपुर में राज्य स्तर पर 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान की शुरूआत की।
- इस अभियान की अवधि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक है।
- इसके तहत राज्य स्तर पर सामूहिक जन भागीदारी के श्रमदान के माध्यम से गांवों एवं शहरों में सफाई तथा स्वच्छता का कार्य किया जाएगा।

## टोबेको फ्री यूथ कैंपेन 2.0

- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने **26 सितंबर 2024 को** जयपुर में राज्य स्तरीय समारोह में टोबेको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 का शुभारम्भ किया।
- इस कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को तम्बाकू एवं नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई।
- इस अभियान के तहत जन- जागरूकता के साथ तम्बाकू नियंत्रण के नियमों की प्राथमिकता से पालना करवाई जाएगी।
- तम्बाकू नियंत्रण एवं रोकथाम की दिशा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर टोबेको कंट्रोल एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

## वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना

- यह योजना वर्ष 2013 में शुरू की गई थी।
- इस योजना में वर्ष 2013 से रेल तथा वर्ष 2016 से रेल एवं हवाई यात्रा शामिल की गई।
- यह योजना राजस्थान सरकार के देवस्थान विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही है।
- इस योजना के तहत **वर्ष 2024 में** राजस्थान सरकार द्वारा **36,000 बुजुर्गों को यात्रा** कराई जाएगी।
- इसके तहत पात्र लाभार्थियों का चयन लॉटरी द्वारा किया जाता है।
- इसमें 30,000 वरिष्ठ नागरिकों को रेल और 6,000 को हवाई जहाज के माध्यम से तीर्थ स्थलों की यात्रा कराई जाएगी।
- इस योजना का उद्देश्य प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष और अधिक आयु) को निःशुल्क तीर्थ यात्रा कराना है।
- **रेल द्वारा यात्रा:**
  1. रामेश्वरम् - मदुरई 2. जगन्नाथपुरी
  3. तिरूपति 4 द्वारकापुरी – सोमनाथ
  5. वैष्णोदेवी - अमृतसर
  6. प्रयागराज - वाराणसी 7. मथुरा-वृंदावन -बरसाना
  8. सम्मेद शिखर - पावापुरी - बैद्यनाथ
  9 उज्जैन - ओंकारेश्वर - त्रयम्बकेश्वर (नासिक)
  10. गंगासागर (कोलकत्ता ) 11. कामाख्या (गुवाहटी)
  12. हरिद्वार - ऋषिकेश - अयोध्या
  13. मथुरा - अयोध्या 14. बिहार शरीफ
  15. वेलकानी चर्च (तमिलनाडू)
- हवाई यात्राः काठमांडू (नेपाल) स्थित पशुपतिनाथ दर्शन के लिए वरिष्ठ नागरिकों को हवाई जहाज से यात्रा करवाई जाएगी।

## पाइप लाइन से घरेलू कनेक्शन हेतु प्रोत्साहन योजना

- **शुरुआत:** राजस्थान सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड (RSGL) द्वारा **कोटा में।**
- **उद्देश्य:** पाइप लाइन से घरेलू गैस के नए कनेक्शन लेने वालों के लिए प्रोत्साहन और ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देना।
- इसके तहत 20 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक कोटा शहर में कनेक्शन लेने वाले पहले 1,000 उपभोक्ताओं को 1 माह के उपभोग की गैस निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

| योजना/अभियान | शुभारंभ | |
|---|---|---|
| **मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव** | • दिनांक : 17 सितम्बर, 2024<br>• स्थान: जयपुर | • 8 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र। |
| **स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा** | | • 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक।<br>• वेस्ट टू आर्ट एक्जीबिशन का mn~?kkVu |

## HPCL राजस्थान रिफाइनरी परियोजना

- **संदर्भ:** राजस्थान रिफाइनरी परियोजना की 10 प्रोसेस इकाइयों का 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है।
- यह बालोतरा के पचपदरा में स्थापित की जा रही है।
- क्षमता: 9 मिलियन टन वार्षिक क्षमता।
- यह हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HPCL) और राजस्थान सरकार का यह संयुक्त उपक्रम है।
- बीएस-6 मानक की अत्याधुनिक रिफाइनरी
- पेट्रोल व डीजल के अतिरिक्त पेट्रोकेमिकल उत्पाद
    - पॉली प्रोपलीन, ब्यूटाडीन, एलएलडीपीई, एचडीपीई, बेंजीन और टोलूइन आदि सह उत्पाद।

## राष्ट्रीय पोषण माह अभियान

- राजस्थान में 1 से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह अभियान चलाया जा रहा है।
- इसमें एनीमिया, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर शासन के लिए तकनीकी उपाय, पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्यक्रम संचालित जा रहे हैं।
- महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यह अभियान संचालित किया जा रहा है।
- इस अभियान में राजस्थान की राष्ट्रीय स्तर पर 8वीं रैंक है।
- इसमें चूरू जिला राजस्थान में पहले स्थान पर है तथा अजमेर दूसरे, हनुमानगढ़ तीसरे स्थान पर है।

## गोशालाओं की अनुदान राशि में 10 प्रतिशत वृद्धि

- राजस्थान सरकार द्वारा पंजीकृत गोशालाओं में गोवंश के अनुदान में 10% वृद्धि की गई है।
- यह वृद्धि 1 अक्टूबर 2024 से लागू होगी।
- इसमें अनुदान राशि के तहत बड़े गोवंश के लिए 40 रुपये के स्थान पर 44 रुपये और छोटे गोवंश के लिए 20 रुपये के स्थान पर 22 रुपये का अनुदान प्रतिदिन दिया जाएगा।
- गोपालन और पशुपालन मंत्री: श्री जोराराम कुमावत

## राजस्थान में कोल्ड स्टोरेज हेतु अनुदान

- राजस्थान सरकार द्वारा कोल्ड स्टोरेज हेतु 1.40 करोड़ रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है।
- यह अनुदान कृषक उद्यमी या कृषक समूह को कोल्ड स्टोरेज बनाने पर दिया जाता है।
- कोल्ड स्टोरेज पर राष्ट्रीय हॉर्टिकल्चर मिशन योजना के तहत 250 मैट्रिक टन से लेकर अधिकतम 5 हजार मैट्रिक टन का कोल्ड स्टोरेज बनाने पर अनुदान दिए जाने का प्रावधान है।
- कोल्ड स्टोरेज बनाने पर इकाई लागत का 8 हजार रुपये प्रति मैट्रिक टन से गणना कर अधिकतम 5 हजार मैट्रिक टन पर इकाई लागत का 35 प्रतिशत या अधिकतम 1.40 करोड़ रुपये का अनुदान दिया जाता है।

## देश की पहली ट्रांसफॉर्मर टेस्टिंग लैब

- केंद्रीय उपभोक्ता मंत्रालय की राष्ट्रीय परीक्षणशाला द्वारा **मंडा रीको औद्योगिक क्षेत्र (जयपुर)** में देश की पहली ट्रांसफॉर्मर टेस्टिंग लेबोरेट्री स्थापित की जाएगी।
- इसमें 10 मेगा वॉल्ट एम्प (MVA) क्षमता तक के ट्रांसफॉर्मर के शार्ट सर्किट टेस्ट की जांच होगी।
- यह लैब 10,000 स्क्वायर मीटर क्षेत्र में बनाई जाएगी।
- इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा लगभग 84 करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया है।
- वर्तमान में कोलकाता व गाजियाबाद में टेस्टिंग लैब हैं, इनमें छोटे ट्रांसफॉर्मरों की टेस्टिंग की सुविधा उपलब्ध है।
- मंडा में देश की पहली ऐसी लैब होगी, जिसमें पावर एवं डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर के उपकरणों की टेस्टिंग भी हो सकेगी।

## राजस्थान का पहला वेस्ट टू एनर्जी प्लांट

- यह प्लांट **लांगडियावास (जमवारामगढ़ रोड, जयपुर) में** स्थापित किया जा रहा है।
- इस प्लांट की लागत 180 करोड़ है।
- यह प्रोजेक्ट मार्च 2025 तक पूरा होगा।
- इस प्लांट में प्रतिदिन 1000 टन कचरे की खपत होगी तथा 1 घंटे में 12 मेगावाट बिजली उत्पन्न होगी।
- इससे प्रतिवर्ष औसतन 330 दिन प्लांट में विद्युत उत्पादन होगा तथा 3.30 लाख टन कचरे से लगभग 95,000 मेगावाट विद्युत उत्पादित होगी।
- इस प्लांट में कचरे को प्रोसेस करके रेजिडूय ड्राई फ्यूल (RDF) बनाया जाएगा।
- RDF को बाउलर में उपयोग कर इसकी हीट से स्टीम बनेगी।
- इस स्टीम से विद्युत उत्पन्न होगी और स्टीम पानी में बदल जाएगी।
- इस प्लांट में विद्युत उत्पादन हेतु सीवर वाटर का भी उपयोग किया जाएगा।
- वर्तमान में देश में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट दिल्ली, हैदराबाद, पुणे व जबलपुर आदि शहरों में स्थापित है।

## 25वें आईफा (IIFA) अवॉर्ड का आयोजन जयपुर में होगा

- आईफा का सिल्वर जुबली आयोजन (25वाँ समारोह) 7-9 मार्च 2025 तक जयपुर में किया जाएगा।
- जयपुर में आईफा अवॉर्ड शो का आयोजन पहली बार होगा।
- 22 सितंबर 2024 को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की उपस्थिति में 'जयपुर होस्ट सिटी एग्रीमेंट साइनिंग सेरेमनी' पर एमओयू साइन किए गए।
- इस पर आईफा के वाइस प्रेसिडेंट सुरेश अय्यर और राजस्थान सरकार के पर्यटन आयुक्त विजय पाल ने हस्ताक्षर किए।
- इस अवॉर्ड शो में इंडियन सिनेमा को कवर करते हुए पहली बार डिजिटल अवॉर्ड्स की शुरुआत करेंगे।

- यह केवल हिंदी ही नहीं बल्कि इंडियन सिनेमा को कवर करेगा।
- नोट: भारत में पिछली बार 'आईफा 2020' में मुंबई में हुआ था।
- लाभ: प्रदेश को रोजगार, निवेश और टूरिज्म जैसे कई सेक्टर्स को मजबूती मिलेगी।

## जयपुर में सैनिक स्कूल का उद्घाटन

- **उद्घाटन**: 22 सितंबर 2024 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा।
- स्थान: जयपुर के भवानी निकेतन पब्लिक स्कूल परिसर में।
- यह स्कूल सार्वजनिक निजी भागीदारी मॉडल पर संचालित किया जाएगा।
- यह जयपुर का पहला सैनिक स्कूल है और राजस्थान में तीसरा सैनिक स्कूल है।
- केंद्र सरकार ने सितंबर 2023 में जयपुर, जोधपुर, सीकर और हनुमानगढ़ जिले में सैनिक स्कूल स्थापित करने की घोषणा की थी।
- राजस्थान में चित्तौड़गढ़ और झुंझुनू में सैनिक स्कूल है।
- **नोट:** राज्य सरकार द्वारा अलवर जिले की मालाखेड़ा तहसील के हल्दीना गांव में सैनिक स्कूल हेतु जमीन आवंटित की गई है।

## BSF के स्थापना दिवस का आयोजन जोधपुर में होगा

- वर्ष 2024 का BSF का स्थापना दिवस 1 दिसंबर 2024 को जोधपुर में मनाया जाएगा।
- इस समारोह की जिम्मेदारी राजस्थान फ्रंटियर को सौंपी गई है।
- ये लगातार चौथा अवसर है, जब राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से बाहर BSF का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है।

## राजस्थान में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (AI) का प्रशिक्षण

- राजस्थान में वोकेशनल ट्रेनिंग में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (AI) का प्रशिक्षण **जोधपुर और जयपुर में** शुरू हुआ है।
- यह पहल युवाओं को नवीनतम तकनीक में कुशल बनाने हेतु राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (NSTI) द्वारा शुरू की गई है।
- कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) के अंतर्गत राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (NSTI) में इसी सत्र से कोर्स शुरू किए गए हैं।
- NSTI अब तक परम्परागत क्षेत्रों में प्रशिक्षण देता था।
- NSTI से प्रशिक्षित होने के बाद अभ्यर्थी स्वयं ITI व अन्य संस्थाओं में प्रशिक्षण देने के योग्य हो जाते हैं।

## भारत का तीसरा स्वदेशी परमाणु ऊर्जा रिएक्टर सक्रिय

- रावतभाटा (राजस्थान) में भारत के स्वदेशी तकनीक से निर्मित तीसरा परमाणु ऊर्जा रिएक्टर सक्रिय हो गया है।
- राजस्थान में पहले 700 मेगावाट के परमाणु बिजलीघर इकाई के रिएक्टर में नियंत्रित परमाणु विखंडन पूरी हो गई है।
- अर्थात इस इकाई में पहली बार क्रांतिकता (क्रिटिकलिटी रिएक्टर में नियंत्रित परमाणु विखंडन प्रक्रिया) पूरी हुई है।
- यह भारत का 25वाँ परमाणु रिएक्टर है।
- रावतभाटा की यह इकाई-7 देश में स्थापित किए जा रहे 700 मेगावाट के 16 स्वदेशी दबावयुक्त भारी पानी ($D_2O$) रिएक्टर की श्रृंखला का तीसरा रिएक्टर है।
- इस भारी जल रिएक्टर का विकास परमाणु ऊर्जा विभाग ने किया गया है।
- इस परियोजना की लागत 17 हजार करोड़ है।
- देश में वर्तमान में 24 परमाणु बिजलीघर बिजली उत्पादन कर रहे हैं, जिनकी क्षमता 8080 मेगावाट है।

## SMS स्टेडियम जयपुर: सेंटर फॉर एक्सीलेंस ऑफ स्पोर्ट्स बनेगा

- **राजस्थान में मिशन ओलंपिक -2028** के तहत सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में सेंटर फॉर एक्सीलेंस ऑफ स्पोर्ट्स विकसित किया जाएगा।
- इसके तहत रेसलिंग, बॉक्सिंग, घुड़सवारी शूटिंग रेंज तैयार किए जाएंगे।
- इसमें राजस्थान के खिलाड़ियों हेतु पदक दिलाने वाले 10 खेल चिह्नित किए जाएंगे।

## NSG-1 श्रेणी का दर्जा प्राप्त राजस्थान का पहला रेलवे स्टेशन

- रेलवे बोर्ड ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए नए स्टेशन अपग्रेड करने की घोषणा की है।
- देशभर में 28 रेलवे स्टेशन सबसे अधिक आय और यात्रीभार वाले हैं, जिन्हें टॉप कैटेगरी के **NSG-1** (नॉन सबर्बन ग्रुप) में स्थान मिला है।
- **NSG-1** का दर्जा हासिल करने वाला जयपुर रेलवे स्टेशन राजस्थान का पहला स्टेशन बना है।
- इस श्रेणी में शामिल होने से स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

## ISO से प्रमाणित राज्य का पहला विश्वविद्यालय

- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण की अभिनव प्रक्रियाओं को लेकर ISO से प्रमाणित होने वाला राजस्थान विश्वविद्यालय राज्य का पहला विश्वविद्यालय बना है।
- राजस्थान विश्वविद्यालय की वर्तमान कुलपति अल्पना कटेजा है।

## गांधी वाटिका म्यूजियम

- राजस्थान सरकार द्वारा 2 अक्टूबर 2024 से गांधी वाटिका म्यूजियम को आमजन के लिए खोल दिया जाएगा।
- यह जयपुर में स्थित है।
- गांधी वाटिका में देश का पहला ऐसा म्यूजियम है, जहां होलोग्राफिक तकनीक वाली गांधी जी की तस्वीरें लगी हैं।
- इसका संचालन पर्यटन, कला व संस्कृति विभाग करेगा।

- वर्तमान में गांधी वाटिका का संचालन एवं रखरखाव जेडीए की ओर से किया जा रहा है।
- इसके अलावा गांधी वाटिका म्यूजियम को पर्यटन विभाग की सूची में शामिल किया जाएगा।
- गांधी वाटिका का निर्माण गांधीजी की जीवनी के साथ उनका राजस्थान से जुड़ाव को रेखांकित करने हेतु करवाया था।
- इसका निर्माण प्रशांत कुमार (गांधीवादी और गांधी शांति प्रतिष्ठान दिल्ली के अध्यक्ष) के निर्देशन में किया गया था।
- इसका 23 सितंबर 2023 को लोकार्पण किया गया था।
- यह 14500 वर्गमीटर में विस्तृत है।
- पूर्ववर्ती गहलोत सरकार द्वारा गांधी वाटिका के संचालन और प्रबंधन के लिए विधानसभा में गांधी वाटिका ट्रस्ट जयपुर अधिनियम 2023 बिल पारित कर 'गांधी वाटिका ट्रस्ट' बनाया था।
- वर्तमान राज्य सरकार द्वारा इस ट्रस्ट को खत्म कर दिया गया है।

### गांधीनगर राजस्थान का पहला कवर्ड ट्रैक स्टेशन बना

- जयपुर का गांधी नगर रेलवे स्टेशन राजस्थान का पहला स्टेशन बना है, जहां ट्रैक के ऊपर कवरिंग की गई है।
- इसकी कवरिंग 70 मीटर लंबी और 38 मीटर चौड़ी है।
- इस स्टेशन को निजी फर्म की सहायता से रूफ प्लाजा के 25 हजार स्क्वायर फीट में शॉपिंग एरिया, फूड़ और गेम जोन विकसित कर ऑपरेट किया जाएगा।
- निजी फर्म द्वारा स्टेशन पर ट्रेन ऑपरेशन के अलावा पूरे स्टेशन का प्रबंधन किया जाएगा।
- इसके लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (EOI) जारी किया जाएगा।

### देश का पहला 'कवच 4.0' वाला ट्रैक

- **सवाईमाधोपुर-कोटा रेलवे ट्रैक 'कवच 4.0' से लैस होने वाला देश का पहला ट्रैक** बना है।
- रेलवे ने यहां स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली (ऑटोमेटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम) कवच 4.0 को स्थापित किया है।
- इस कवच. 4.0 सिस्टम का ट्रायल 24 सितंबर 2024 को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा किया गया।
- कवच 4.0 अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली है, जो रेल दुर्घटना की रोकथाम में सहायक सिद्ध होगी।
- इसे सवाई माधोपुर से कोटा के बीच 108 किमी. दूरी में स्थापित किया है।
- **इसके तहत –**
  - यदि ट्रेन की स्पीड नियंत्रण ट्रेन की स्पीड तय सीमा से 2 किमी प्रतिघंटा से अधिक है तो कवच ओवर स्पीड अलार्म बजाएगा।
  - ट्रेन की स्पीड तय सीमा से 5 किमी प्रतिघंटा से अधिक है तो स्वत ब्रेक लग जाएंगे।
  - स्पीड 9 किमीप्रतिघंटा होने पर इमरजेंसी ब्रेक लग जाएंगे।

### MNIT जयपुर: स्वयं का एंथम जारी करने वाला देश का पहला NIT इंस्टीट्यूट

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 18 सितंबर 2024 को **MNIT जयपुर** 18वें दीक्षांत समारोह में भाग लिया।
- इस दौरान **MNIT जयपुर** का एंथम जारी किया गया। स्वयं का एंथम जारी करने वाला देश का पहला NIT इंस्टीट्यूट बना है।

### ब्यावर के देवमाली गाँव को "बेस्ट टूरिज्म विलेज" अवॉर्ड मिला

- पर्यटन दिवस के अवसर पर 27 सितंबर 2024 को नई दिल्ली में **ब्यावर जिले के मसूदा उपखंड स्थित देवमाली गांव** की सरपंच पूजा गुर्जर का अवॉर्ड प्रदान किया गया।
- यह पुरस्कार भारत सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा प्रदान किया गया।
- यह पुरस्कार ब्यावर के तत्कालीन जिलाधीश उत्सव कौशल और देवमाली गांव की सरपंच पूजा गुर्जर जी ने ग्रहण किया।
- देवमाली गांव को यह पुरस्कार समुदाय आधारित पर्यटन श्रेणी में दिया गया।
- पर्यटन मंत्रालय द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव प्रतियोगिता में ऐसे गांव को मान्यता दी जाती है जो पर्यटन स्थल का सर्वोत्तम उदाहरण प्रस्तुत करता है एवं जो संस्कृति को और प्राकृतिक संपदाओं को संरक्षित करता है।

### राजस्थान को देश में सौर ऊर्जा में प्रथम, अक्षय ऊर्जा में द्वितीय पुरस्कार

- गांधीनगर (गुजरात) में आयोजित चौथी ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इंवेस्टर्स मीट में 16 सितंबर 2024 को देश में राजस्थान को सौर ऊर्जा क्षमता में पहले एवं अक्षय ऊर्जा में दूसरे स्थान का पुरस्कार दिया गया।
- केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी के हाथों पुरस्कार सीएम भजनलाल शर्मा ने प्राप्त किए।




- राजस्थान भारत में अक्षय ऊर्जा उत्पादन में पहले स्थान पर है।
- दुनिया का सबसे बड़ा सोलर पार्क: भड़ला सोलर पार्क (फलौदी) (क्षमता: 2245 मेगावाट)
- राजस्थान में 28 गीगावाट अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं से लगभग 470 करोड़ यूनिट बिजली उत्पादित हो रही है और 32 गीगावाट की परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं।
- राजस्थान में सौर ऊर्जा उत्पादन की संभावनाएं: 142 गीगावाट
- पवन ऊर्जा उत्पादन की संभावनाएं: 284 गीगावाट

**वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेश बैठक (Global Renewable Energy Investers Summit) व एक्सपो**

- **संस्करण: चौथा।**
- **आयोजन: 16 सितंबर 2024 को** गुजरात के गांधीनगर में।
- **mn~?kkVu :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा।
- थीम: 'Invest Innovate and Inspire'

**'सुजान जवाई होटल'**

- राजस्थान के पाली जिले के सुमेरपुर स्थित सुजान जवाई होटल को विश्व के 50 सर्वश्रेष्ठ होटलों में 43वाँ स्थान मिला है।
- लंदन में हुए पुरस्कार समारोह में 2024 के 50 सर्वश्रेष्ठ होटलों की सूची जारी की गई।
- इस सूची में शामिल होने वाला यह भारत का एकमात्र होटल है।
- इसे 'द वर्ल्ड्स 50 बेस्ट होटल्स' समूह द्वारा जारी किया जाता है।
- दुनिया के 50 बेस्ट होटलों की लिस्ट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुई वोटिंग से तैयार की जाती है।

**शी शक्ति 2024 अवॉर्ड**

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पैरा आलंपिक गोल्ड मैडल विजेता अवनी लेखरा को शी शक्ति 2024 अवार्ड से सम्मानित किया।
- अवनी लेखरा पैरालम्पिक खेलों में 2 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक जीतने वाली देश की एकमात्र महिला खिलाड़ी है।

OTS **को सिविल सेवाओं के प्रशिक्षण के लिए मान्यता मिली**

- हरिश्चंद्र माथुर लोक प्रशासन संस्थान (OTS: Officers' Training School), जयपुर को भारत सरकार के क्षमता निर्माण आयोग (CBC) ने सिविल सेवाओं के प्रशिक्षण संस्थानों के राष्ट्रीय मानकों के पालन के लिए मान्यता प्रदान की है।
- यह प्रतिष्ठित मान्यता संस्थान की लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।
- OTS की वर्तमान महानिदेशक श्रेया गुहा है।
- इससे OTS राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थानों में सम्मिलित हो गया है।

**विश्व का सबसे बड़ा चीता संरक्षण क्षेत्र**

- नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी की 2023-24 वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार मध्य प्रदेश के श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क से राजस्थान के मुकंदरा टाइगर रिजर्व होते हुए मंदसौर की गांधी सागर सेंचुरी तक विश्व का सबसे बड़ा चीता संरक्षण क्षेत्र विकसित किया जाएगा।
- इसमें मध्य प्रदेश के 8, राजस्थान के 7 और यूपी के 2 जिलों के जंगल शामिल होंगे।




| | |
|---|---|
| **राजस्थान के 7 जिले** | बारां, करौली, कोटा, झालावाड़, बूंदी, चित्तौड़गढ़ और सवाई माधोपुर |
| **मध्य प्रदेश के 8 जिले** | श्योपुर शिवपुरी, ग्वालियर, मुरैना, गुना, अशोकनगर, मंदसौर और नीमच |
| **उत्तर प्रदेश के 2 जिले** | झांसी और ललितपुर |

- अगले 5 वर्षों में मध्य प्रदेश के कूनो से गांधी सागर के बीच चीता कॉरिडोर भी विकसित किया जाएगा।
- चीतों के भोजन के लिए वन्यजीव बढ़ाना प्राथमिकता कूनो नेशनल पार्क से गांधीसागर सेंचुरी तक के भूभाग में 70 चीतों पॉपुलेशन के प्रबंधन की क्षमता विकसित की जाएगी।

**सरिस्का में बाघ संरक्षण की जिम्मेदारी ग्लोबल टाइगर फोरम संभालेगा**

- सरिस्का टाइगर रिजर्व में अगले 10 वर्षों में बाघों के संरक्षण के लिए नया प्लान ग्लोबल टाइगर फोरम (GTF) द्वारा किया जाएगा।
- सरिस्का में अगले 10 वर्षों में 100 से ज्यादा टाइगर बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।
- GTF के तहत कोर, बफर, ईको सेंसेटिव जोन के लिए अलग-अलग प्रावधान किए जाएंगे।

**ग्लोबल टाइगर फोरम (GTF)**

- यह एक अंतरराष्ट्रीय अंतर सरकारी निकाय है, जो विशेष रूप से रेंज देशों में जंगली बाघों के संरक्षण के लिए स्थापित किया गया है।
- वर्तमान में 13 बाघ रेंज वाले देशों में से 7 जीटीएफ के सदस्य हैं।
- बांग्लादेश, भूटान, कंबोडिया, भारत, म्यांमार, नेपाल और वियतनाम शामिल हैं।

**कोल इंडिया का राजस्थान में नवीकरणीय ऊर्जा हेतु संयुक्त उद्यम**

- कोल इंडिया लिमिटेड (CIL) ने राजस्थान में नवीकरणीय ऊर्जा हेतु राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (RRVUNL) के साथ संयुक्त उद्यम (JV) समझौता किया है।
- संयुक्त उद्यम में CIL की हिस्सेदारी 74 फीसदी, जबकि RRVUNL की 26 फीसदी हिस्सेदारी होगी।

- संयुक्त उद्यम में चार कार्यकारी निदेशकों को नियुक्त करने का अधिकार उसके पास, जबकि दो कार्यकारी निदेशकों को नियुक्त करने का अधिकार आरआरवीयूएनएल के पास रहेगा।
- इस संयुक्त उद्यम कंपनी को निजी लिमिटेड कंपनी के रूप में स्थापित किया जाएगा, जिसकी आरंभिक चुकता शेयर पूंजी 10 लाख रुपये होगी।

## NTPC रिन्यूबल एनर्जी लि. की सौर ऊर्जा परियोजना

- **जैसलमेर के भैसाड़ा गांव में** 17 सितंबर 2024 को NTPC रिन्यूबल एनर्जी लि. के 160 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना का लोकार्पण किया गया।
- इसके अलावा NTPC ग्रीन एनर्जी लिमिटेड तथा राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के मध्य संयुक्त उपक्रम कंपनी की स्थापना के लिए हस्ताक्षर किए गए।

## सौर ऊर्जा और विण्ड- सोलर हाइब्रिड परियोजनाओं के लिए भूमि आवंटन की स्वीकृति मिली

- राजस्थान में विद्युत उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से 5,708 मेगावाट की सौर ऊर्जा और विण्ड- सोलर हाइब्रिड परियोजनाओं के लिए 10,418 हैक्टेयर भूमि आवंटन की स्वीकृतियां प्रदान की गई।

**सौर ऊर्जा परियोजना**

1. जैसलमेर जिले की तहसील **नाचना-1 के ग्राम बोडान में** (2,000 मेगावाट) (क्रिस्टेलाइन टेक्नोलॉजी पर आधारित)।

- जैसलमेर जिले की तहसील मोहनगढ़ नं- 1 के **ग्राम मोहनगढ़** एवं तहसील मोहनगढ़ नं-2 के **ग्राम पोहड़** में (1,500 मेगावाट) (क्रिस्टेलाइन टेक्नोलॉजी विद ट्रैकर पर आधारित)
- जैसलमेर जिले की तहसील रामगढ़ के **ग्राम सियाम्बर** में (1,000 मेगावाट)
- जैसलमेर में (1,100 मेगावाट)

**विण्ड- सोलर हाइब्रिड प्रोजेक्ट**

- फलौदी में (108 मेगावाट)

## बिजली उत्पादन बढ़ाने के लिए तीन संयुक्त उद्यम कम्पनियों के प्रस्तावों का अनुमोदन

- राजस्थान में 10 मार्च 2024 को केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के बीच एमओयू हस्ताक्षरित किए गए थे।
- **उद्देश्य:** राजस्थान में भविष्य की बिजली की मांग को पूरा करना।
- तीन संयुक्त उद्यम कम्पनियाँ बनाने के प्रस्तावों का अनुमोदन-

1. **NLC इंडिया लिमिटेड एवं राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम (RVUN)**
    - लिग्नाइट आधारित परियोजना हेतु।
    - इनके तहत 3,125 मेगावाट के लिग्नाइट आधारित तापीय विद्युत स्टेशन की स्थापना
2. **NLC इंडिया रिन्यूएबल लिमिटेड एवं राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम (RVUN)**
    - अक्षय ऊर्जा परियोजना हेतु।
    - 2,000 मेगावाट संभावित क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना की स्थापना
3. **NTPC एवं राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम (RVUN)**
    - छबड़ा थर्मल पावर प्लांट में 660 और 800 मेगावाट क्षमता की अतिरिक्त विद्युत तापीय इकाइयाँ स्थापित की जाएगी।

- NLC इंडिया लिमिटेड और NLC इंडिया रिन्यूएबल लिमिटेड की शेयरधारिता 74% एवं राज्य विद्युत उत्पादन निगम की शेयरधारिता 26% रहेगी।
- NTPC एवं RVUN की 50-50% शेयरधारिता रहेगी।

## चिकित्सा विभाग और CIFF के बीच समझौता

- राजस्थान के चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा चिल्ड्रन्स इन्वेस्टमेंट फण्ड फाउंडेशन (CIFF) बीच 10 सितंबर 2024 को एमओयू हस्ताक्षरित किया गया।
- **उद्देश्य:** मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करना।

**लाभ**

- मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने में तकनीकी सहयोग।
- परिवार नियोजन कार्यक्रम को प्रोत्साहन।
- मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में सुगमता।
- एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं के लिए बेहतर उपचार विकल्प।
- महिलाओं और बच्चों के जीवन स्तर में सुधार।

## कलर एन का राजस्थान चेंबर से एमओयू

- राजस्थान में रिन्युएबल एनर्जी को प्रोत्साहन हेतु कलर एन डिजाइन ने राजस्थान चेंबर ऑफ कॉमर्स से 16 सितंबर 2024 को एमओयू किया।
- इसके तहत दोनों संस्थाएं रिन्युएबल एनर्जी के संदर्भ में जागरूकता अभियान चलाएगी।
- कलर इन डिजाइन राजस्थान के प्रमुख शहरों में हरित भारत के नाम से कैंप आयोजित करेगा।
- इनमें रिन्युएबल एनर्जी की सरकारी योजनाओं के बारे में जनता को जागरूक किया जाएगा।
- राजस्थान चेंबर के अध्यक्ष: डॉ. के. एल जैन

## हीरानन्द कटारिया

- इन्हें हाल ही में 10वीं सीनियर एशियन वुशू प्रतियोगिता में ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है।
- हीरानन्द कटारिया वर्तमान में भारतीय वूशु संघ के उपाध्यक्ष व राजस्थान वुशु संघ के अध्यक्ष है।
- 10वीं सीनियर एशियन वुशू प्रतियोगिता का आयोजन मकाऊ में किया जाएगा।

## राधे लाल शर्मा को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 11 सितंबर 2024 को नर्सिंग पेशेवरों को वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किए।
- राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू ने देश भर से चयनित 15 नर्सिंग पेशेवरों में राजस्थान से राधे लाल शर्मा, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी, ट्रोमा सेंटर, सवाई मान सिंह अस्पताल, जयपुर को क्लीनिकल नर्स श्रेणी में राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया।

## रिया सिंघा 'मिस यूनिवर्स इंडिया' बनीं

- 'मिस यूनिवर्स इंडिया' प्रतियोगिता का आयोजन जयपुर (राजस्थान) में किया गया।
- इसमें अहमदाबाद (गुजरात) की 19 वर्षीय रिया सिंघा 'मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 ' बनी।
- महाराष्ट्र की प्रांजल प्रिया फर्स्ट और राजस्थान की छवि वर्ग सेकंड रनरअप रही।
- रिया सिंघा मैक्सिको में होने वाली वैश्विक 'मिस यूनिवर्स' प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।
- नोट: भारत की हरनाज संधू ने वर्ष 2021 में 'मिस यूनिवर्स' का खिताब जीता था।

## राजेन्द्र सिंह

- राजेंद्र सिंह ने 30 सितंबर 2024 को राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के सचिव पद का कार्यभार संभाल लिया।
- वर्ष 2015 बैच के राजस्थान प्रशासनिक सेवा (RAS) के अधिकारी है।
- राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में स्थित है।

**राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद**

- यह राजस्थान संस्था रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1958 के अन्तर्गत एक पंजीकृत संस्था है।
- यह राजस्थान में युवा मामले एवं खेल विभाग के नियन्त्रण में राज्य में खेलों के विकास की सर्वोच्च संस्था है।
- राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के संरक्षक (PATRON): राज्य के राज्यपाल।
- परिषद के उप संरक्षक: राज्य के मुख्यमंत्री
- परिषद के अध्यक्ष मुख्य कार्यकारी होते हैं।
- इसके अलावा परिषद में उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व राज्य सरकार द्वारा मनोनीत 12 से अधिक सदस्य होते हैं। जबकि 6 अधिकारी इसके पदेन सदस्य होते है।
- परिषद के प्रथम अध्यक्ष: श्री वी.जी. कानेटकर
- परिषद के वर्तमान अध्यक्ष: नीरज के. पवन

**राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा दिए जाने वाले पुरस्कार**

- **"महाराणा प्रताप पुरस्कार"** (राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए खिलाड़ियों को)
- **"वशिष्ठ पुरस्कार"** (राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों के खेल प्रशिक्षकों को)

## सुरेश उपाध्याय

- सुरेश उपाध्याय को राजस्थान ड्यूबॉल एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया है।
- इसके अलावा अवधेश सेदावत को सीनियर वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।
- नोट: ड्यू बॉल का वर्ल्ड कप 2024 का आयोजन ईरान (बगदाद) में किया जाएगा।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती

- यह प्रतिवर्ष 25 सितंबर को भारत में अंत्योदय दिवस के रूप में मनाई जाती है।
- वर्ष 2014 में भारत सरकार द्वारा पंउपाध्याय की जयंती के . मौके पर लोगों के उत्थान में उनके योगदान और सम्मान के मनाने का फैसला किया गया। तौर पर अंत्योदय दिवस
- उपाध्याय के 'अंत्योदय' से तात्पर्य समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान से है।
- पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितम्बर 1916 को धानक्या नामक स्थान ,जयपुर (राजस्थान) हुआ था।
- इनका पैतृक गांव नागला मथुरा (उत्तर प्रदेश) था।
- 'भारतीय जनसंघ' में 1952 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय को महामंत्री बनाया गया।
- इनका 11 फरवरी 1968 को नई दिल्ली में निधन हुआ।

## सूर्यकांता व्यास

- भाजपा की वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक सूर्यकांता व्यास का 25 सितंबर को निधन हो गया।
- सूर्यकांता व्यास को 'जीजी' के नाम से जाना जाता है।
- उन्होंने 1990 से सात बार विधायक चुनाव लड़ा, जिनमें से 6 में उन्हें जीत मिली।
- वह जोधपुर और सूरसागर से तीन-तीन बार विधायक रहीं।
- वे वर्ष 1990 में पहली बार विधायक बनीं थी।

## रमेश सिंह

- यह राजस्थान के पूर्व दिग्गज फुटबॉलर और प्रसिद्ध रेफरी थे।
- इनका 23 सितंबर 2024 को 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
- रमेश सिंह यूनाइटेड क्लब और यूनियन क्लब से खेला करते थे।

## काका सुंदरलाल

- इनका 12 सितंबर 2024 को निधन हुआ।
- यह राजस्थान के दो बार कैबीनेट मंत्री, एक बार राज्य मंत्री व एक बार संसदीय सचिव रहे है।
- वे 5 बार सूरजगढ़ व 2 बार पिलानी से विधायक रहे है।

## राजस्थान में स्वदेशी 'जोरावर' टैंक का सफल फील्ड ट्रायल

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने स्वदेश निर्मित हल्के वजन वाले जोरावर (Jorawar) टैंक का 13 सितंबर 2024 को जैसलमेर के रेगिस्तानी क्षेत्र में सफल परीक्षण किया।
- यह टैंक रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की इकाई, लड़ाकू वाहन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान ने लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के सहयोग से विकसित किया गया है।
- इसका वजन 25 टन हैं।
- यह उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तैनाती में सक्षम है तथा इसे मुख्य रूप से चीन के साथ सीमा पर त्वरित तैनाती के लिए तैयार किया जा रहा है।
- इन टैंक को इंडियन एयरफोर्स के C-17 ग्लोब मास्टर के जरिए तैनाती वाली जगहों पर ले जा सकते है।
- जोरावर टैंक पहाड़ी इलाकों में तेजी से चलने में सक्षम (कम वजन के कारण) है।
- यह पहाड़ी क्षेत्रों में T-72, T-90 टैंक का स्थान लेगा।
- यह वर्ष 2027 तक भारतीय सेना में शामिल किया जाएगा।
- इसका विनिर्माण केंद्र हजीरा (सूरत के पास) (गुजरात) के एलएंडटी प्लांट में है।

## तेजस मार्क-1A की पहली स्क्वाड्रन बीकानेर में बनेगी

- तेजस मार्क-1A देश का पहला स्वदेशी सुपरसोनिक लड़ाकू विमान है।
- इसकी पहली स्क्वाड्रन बीकानेर के नाल एयरफोर्स स्टेशन पर तैनात होगा, जो वर्तमान मिग-21 बायसन की जगह लेगी।
- तेजस मार्क-1 ए ने पहली सफल उड़ान 28 मार्च 2024 को भरी थी ।
- बेंगलूरु स्थित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) द्वारा तैयार तेजस मार्क 1A लड़ाकू विमान की 4.5 जनरेशन का जेट है।
- **नोट:** भारतीय वायुसेना पहले ही 83 तेजस मार्क- 1A की खरीद का ऑर्डर दे चुकी है।
- वर्तमान में भारतीय वायुसेना के पास तेजस मार्क-1 की दो स्क्वाड्रन मौजूद हैं, जिसमें 40 विमान हैं। पहली 45 स्क्वाड्रन द फ्लाइंग डैगर्स और दूसरी स्क्वाड्रन बुलेट्स है। दोनों ही तमिलनाडू के सुलुर एयरबेस पर स्थित है।

## अश्वबोट

- यह घोड़े जैसा रोबोट है, जिसे फलोदी के डिफेंस स्टार्ट अप 'डेफटेक एंड ग्रीन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (DGPL)' द्वारा विकसित किया गया है।
- अश्वबोट लेवल-ऑटोनॉमी का रोबोट है, जिसे सेना के लिए डिजाइन किया गया है।
- अश्वबोट 100 किलो तक हथियार, मिसाइलें, दवाइयां सहित अन्य सामग्री 20 किलोमीटर तक ले जा सकता है।
- रक्षा प्रयोगशाला DRDO, जोधपुर ने अश्वबोट में एक विशेष सेंसर लगाने की पेशकश भी की है ताकि नाभिकीय विकिरण, रासायनिक व जैविक हमले के खतरे के समय सैन्य सामग्री को अश्वबोट से ट्रांसपोर्ट किया जा सके।

**अश्वबोट की विशेषताएं**

- 7 हाईरेजोल्यूशन कैमरा।
- लाइट डिटेक्टिंग एण्ड रेंजिंग सेंसर।
- अल्ट्रासोनिक सेंसर सहित एआई युक्त तकनीक है जो चार पहियों पर चलता है।
- 10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से 20 किमी. तक चलने में सक्षम।
- इसमें प्रोग्रामिंग के बाद केवल ओटीपी से ही खोला जा सकता है।
- लागत: लगभग 70 लाख रुपये।

## 'अर्जुन'

- 'अर्जुन' भारतीय सेना के प्रशिक्षित बाज है।
- 'अर्जुन' भारतीय सेना के लिए सर्विलांस हेतु उपयोगी है।
- इसके सिर पर कैमरा और पीठ पर जीपीएस चिप लगी होती है जिससे यह दुश्मनों की सटीक लाइव जानकारी देने में सक्षम है।
- नोट: **बीकानेर** की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के मध्य "युद्ध अभ्यास" का आयोजन हो रहा है।

## डिफेंस एविएशन एक्सपो 2024

- इसका आयोजन राजस्थान के जोधपुर में 12 से 14 सितंबर 2024 को किया गया।
- इसका mn~?kkVu 12 सितंबर 2024 को देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया।
- नोट: तरंगशीत युद्धाभ्यास 2024 भारतीय वायुसेना का एक बहुपक्षीय युद्धाभ्यास है जिसे देश में पहली बार आयोजन किया गया है। इसके दूसरे चरण का आयोजन जोधपुर में 1 से 14 सितंबर 2024 तक किया जा गया।

## नए जिलों के रिव्यू हेतु गठित कैबिनेट सब कमेटी

- नवगठित 17 जिलों व तीन संभागों की समीक्षा के लिए गठित कैबिनेट सबकमेटी समिति का **अध्यक्ष मदन दिलावर** को बनाया गया है।
- इन्होनें दूदू से विधायक और उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा का स्थान लिया।

- नए जिलों के रिव्यू हेतु गठित ललित के. पंवार कमेटी ने राज्य सरकार को जनसंख्या, क्षेत्रफल सहित कई बिंदुओं पर विस्तार से रिपोर्ट दी।
- इस कमेटी की बैठक 18 सितंबर 2024 को हुई थी।
- सब कमेटी के सदस्य
    - राज्यवर्धन राठौड़ (उद्योग मंत्री)
    - कन्हैयालाल (जलदाय मंत्री)
    - हेमंत मीणा (राजस्व मंत्री)
    - सुरेश सिंह रावत (जल संसाधन मंत्री)
- राजस्व विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव और सचिव भी सबकमेटी के सदस्य होंगे।
- यह कमेटी गहलोत सरकार के समय बने नए जिलों व संभागों का रिव्यू कर रिपोर्ट देगी।

## ऑन डिमांड परीक्षा आयोजित करवाने वाला पहला राज्य

- राजस्थान देश का ऐसा पहला राज्य होगा, जहाँ ऑन डिमांड परीक्षा (ODE) आयोजित की जाएगी।
- स्टेट ओपन स्कूल की शुरुआत 2005 में हुई थी।
- अब इस व्यवस्था के तहत विद्यार्थी हर महीने परीक्षा दे सकेगा।
- नोट: वर्तमान में, 10वीं और 12वीं की परीक्षा मार्च से मई और अक्टूबर से नवंबर के बीच आयोजित की जाती है।
- ऑन डिमांड परीक्षा (ODE) की अवधारणा मुक्त और दूरस्थ शिक्षा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- सबसे पहले ऑन डिमांड परीक्षा सिस्टम राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (NIOS) ने शुरू किया था।

## 'ऑपरेशन एंटी वायरस'

- **सदर्भ:** ऑपरेशन एंटी वायरस पूरे राजस्थान में लागू किया जाएगा।
- मेवात के साइबर ठगों पर कार्रवाई करने और साइबर अपराधों पर रोक लगाने हेतु भरतपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश ने डीग जिले में 1 मार्च 2024 को ऑपरेशन एंटी वायरस शुरू किया था।
- पूरे राज्य में लागू करने हेतु सभी जिलों में एक नोडल अधिकारी होगा।
- इन नोडल अधिकारियों को राजस्थान पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण दिलवाया गया है।
- इसमें इंडियन साइबर क्राइम कोआर्डिनेशन सेंटर (I4C) पोर्टल से साइबर ठगों के एक्टिव नंबरों की जानकारी लेते हैं।
- इसके बाद लोकेशन के हिसाब से गठित टीमें छापेमारी कर ठगों को पकड़ती हैं।

## 'एक शहर एक निकाय'

- राजस्थान सरकार ने हाल ही में राज्य में 'वन स्टेट वन इलेक्शन' की तर्ज पर 'एक शहर एक निकाय' भी लागू करने की घोषणा की है।
- इसके तहत राज्य में जयपुर, जोधपुर और कोटा के 2-2 निगमों को पुनः एक किया जाएगा।
- **नोट:** राजस्थान परिवर्तित बजट 2024-25 में **पाली व भीलवाड़ा में 2 नए नगर निगम** की घोषणा की गई थी।
- नोटः इससे पूर्व राज्य सरकार द्वारा अलवर में भी नगर निगम बनाने की घोषणा की गई थी।
- यदि 'एक शहर एक निकाय' को लागू किया जाता है तो राजस्थान में नगर निगमों की संख्या 10 हो जाएगी।

## राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट (RDTM)

- इसका चौथा संस्करण 14 और 15 सितंबर को जयपुर में आयोजित किया जा रहा है।
- यह आयोजन फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (FHTR) और राजस्थान पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में होगा।
- इसकी थीम 'वेडिंग, इन्सेंटिव, कांफ्रेंस और इवेंट' है।
- इस मार्ट में 200 से अधिक स्टॉल और 600 से ज्यादा हेरिटेज होटल्स प्रमोट किए जाएंगे।
- इस मार्ट में विभिन्न ट्रैवल प्लानर्स, टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेंट्स, होटलियर्स, इवेंट प्लानर्स, वेडिंग प्लानर्स, मीटिंग, इंसेंटिव, कॉन्फ्रेन्स एंड एग्जीबिशन (MICE) आर्गेनाइजर और टूरिज्म स्टेक होल्डर्स शामिल होंगे।

## जयपुर का RUHS रिम्स के रूप में विकसित होगा

- राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (RUHS) से संबद्ध अस्पताल को एम्स की तर्ज पर राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (RIMS) के रूप में विकसित किया जाएगा।
- इसे 750 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जाएगा।

## टाई स्मैशअप

- **आयोजनकर्ता:** राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (DoIT) और आई-स्टार्ट के सहयोग से टाई राजस्थान द्वारा।
- कब: 27-28 अक्टूबर 2024 को (दो दिवसीय)।
- संस्करण: 8वाँ
- थीम: 'स्पीड डेटिंग विद स्टार्टअप'
- इसके तहत विभिन्न स्टार्टअप द्वारा निवेशकों के समक्ष आइडिया प्रस्तुत किए गए।
- इस प्रतियोगिता में 41 स्टार्टअप चुने गए, जिनमें से 26 स्टार्टअप राजस्थान के हैं।
- विजेता स्टार्टअप को राज्य सरकार के आई-स्टार्ट प्रोजेक्ट के तहत और टाई राजस्थान की ओर से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।
- टाई राजस्थान की प्रेसिडेंट: डॉ शीनू झंवर

## एआई आधारित एम्प्लॉयबिलिटी असेसमेंट एवं करियर मार्गदर्शन सेवा

- यह पहल **राजस्थान नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RKCL) द्वारा** स्टार्टअप एडुबिल्ड टेक्नोलॉजी के सहयोग से राज्य के युवाओं के करियर मार्गदर्शन के लिए शुरू की गई है।
- इस आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस (AI) आधारित सेवा के माध्यम से राज्य के युवा अपनी प्रतिभा का आकलन एवं करियर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।
- यह सुविधा हिंदी एवं इंग्लिश दोनों माध्यमों में उपलब्ध है।
- यह सेवा आरकेसीएल के सभी आईटी ज्ञान केंद्र पर उपलब्ध है।

## राजस्थान संस्कृत साहित्य सम्मेलन

- इसका आयोजन राजस्थान शिक्षक प्रशिक्षण विद्यापीठ शाहपुरा (जयपुर ग्रामीण) में 17 सितंबर 2024 में किया गया।
- इस सम्मेलन में निम्नलिखित व्यक्तित्वों को संस्कृत सुधी सम्मान दिया गया-
  - प्रो. वेद प्रकाश शर्मा (सेवानिवृत्त आचार्य, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर)
  - डॉ. मंडन शर्मा (पूर्व निदेशक संस्कृत शिक्षा)
  - पंडित सांवरमल शर्मा (पूर्व आचार्य संस्कृत शिक्षा)
  - प्रो. मधुरेश्वर पारीक (पूर्वाचार्य राजस्थान विश्वविद्यालय)
  - प्रो. विनय शर्मा (पूर्वाचार्य पारीक महाविद्यालय )
  - पं. चंद्रशेखर शर्मा
  - प्रो. जानकी बल्लभ शर्मा (पूर्व प्राध्यापक संस्कृत शिक्षा)

## राजस्थान मे मास्टर प्लान और नए शहरों का मसौदा टेंडर के आधार पर बनेगा

- राजस्थान में **12 शहरों** के मास्टर प्लान टेंडर के आधार पर तैयार किए जाएंगे।
- इनमें जयपुर के अलावा डीडवाना, अनूपगढ़, पीलीबंगा, तिजारा, शाहपुरा, बाड़ी, डीग, फलौदी, आबू रोड, अंता, प्रतापगढ़ शामिल है।
- इसके अलावा राज्य के 38 नवगठित शहरों के लिए भी मसौदा तैयार किया जाएगा।

**मास्टर प्लान**

- मास्टर प्लान शहर के विकास का पॉलिसी दस्तावेज है।
- इसमें पूरे शहर का विकास का वृहद प्लान शामिल है। मसलन, शहर के किस इलाके में भूउपयोग आवासीय, संस्थानिक, कॉमर्शियल होगा।
- रोड नेटवर्क से लेकर परिवहन, मनोरंजन, आवास से जुड़ा खाका खींचा जाता है।
- इसमें इलाकेवार विकास का प्लान है।
- जन सुविधा के लिए जगह आरक्षित की जाती है।
- इकोलॉजिकल, हरियाली और पहाड़ी क्षेत्र के संरक्षण के लिए। हर एरिया में ऑक्सीजोन विकसित हो।

## नेशनल हाईवे के संदर्भ में राजस्थान

- नेशनल हाईवे की लंबाई के संदर्भ में महाराष्ट्र पहले स्थान पर है।
- इसके बाद उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर है।
- राजस्थान का इस संदर्भ में तीसरा स्थान है।

## 'रिसाइकिल' एवं 'जयपुर 311' एप

- यह जयपुर जिला प्रशासन की पहल है।
- 'रिसाइकिल एप: इसके माध्यम से नगर निगम द्वारा सूचना प्राप्त होने पर अब घर से ही सूखा कचरा श्रेणीवार एकत्रित किया जाएगा।
- जयपुर 311 एप: इसके माध्यम से निगम संबंधी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।

## राजस्थान को नई वंदे भारत ट्रेनें मिलेंगी 2

- राजस्थान में नवंबर 2024 में 2 नई वंदे भारत ट्रेनों का संचालन किया जाएगा।
  1. जोधपुर से दिल्ली (वाया जयपुर)
- 2. दिल्ली से बीकानेर (वाया चूरू- रतनगढ़)
- राजस्थान से वर्तमान में निम्नलिखित 4 वंदे भारत ट्रेन संचालित हो रही हैं-
  1. जयपुर–उदयपुर-जयपुर।
  2. अजमेर-दिल्ली-अजमेर (वाया जयपुर)।
  3. भगत की कोठी-साबरमती-भगत की कोठी।
  4. उदयपुर-आगरा कैंट-उदयपुर।
- इन ट्रेनों के संचालन के बाद जयपुर राजस्थान का एकमात्र स्टेशन होगा जहाँ से तीन वंदे भारत ट्रेनें गुजरेंगी।
- नोट: देश में अभी 55 वंदे भारत ट्रेनों का संचालन हो रहा हैं।
- दिसंबर 2024 तक वंदे भारत ट्रेन का स्लीपर वेरिएंट भी लॉन्च किया जाएगा।

## 16वीं विधानसभा के दूसरे सत्र का सत्रावसान

- राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े ने 11 सितंबर 2024 को 16वीं विधानसभा के दूसरे सत्र का सत्रावसान किया।
- **नोट:** इस संदर्भ में विधानसभा सचिवालय ने इसकी अधिसूचना जारी की गई।
- विधानसभा का दूसरा सत्र 3 जुलाई से 6 अगस्त तक हुआ था।
- राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र 3 जुलाई से शुरू हुआ।

**संवैधानिक प्रावधान**

- राज्य स्तर पर राज्य मंत्रिपरिषद की सिफारिश पर राज्यपाल द्वारा सत्र बुलाया जाता है।
- अनुच्छेद 174 के तहत राज्यपाल राज्य विधानमंडल का सत्र आहूत करता है, सत्रावसान करता है और विधानसभा भंग भी कर सकता है।
- अनुच्छेद 175 में विधानमंडल में अभिभाषण और संदेश भेजने के राज्यपाल का अधिकार का उल्लेख है।
- अनुच्छेद 176 में राज्यपाल का विशेष अभिभाषण का उल्लेख है।

## विस सचिवालय भर्ती एवं सेवा की शर्त में संशोधन

- राजस्थान सरकार ने विधान सभा के प्रमुख सचिव पद के सेवानिवृति के लिए अधिकतम उम्र 70 वर्ष से घटाकर 65 वर्ष कर दी है।
- इस हेतु संसदीय कार्य विभाग द्वारा राजस्थान विधानसभा सचिवालय भर्ती एवं सेवा की शर्त नियम 1992 में संशोधन किया गया है।
- वर्तमान राजस्थान विधान सभा के प्रमुख सचिव: श्री महावीर शर्मा
- राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष: श्री वासुदेव देवनानी

## स्वतंत्र पत्रकारों के अधिस्वीकरण के लिए न्यूनतम आयु एवं न्यूनतम अनुभव की अवधि

- राज्य बजट घोषणा वर्ष 2024-25 को अमल में लाते हुए राजस्थान प्रेस प्रतिनिधि अधिस्वीकरण नियम 1995 में संशोधन कर स्वतंत्र पत्रकारों के अधिस्वीकरण के लिए न्यूनतम आयु 50 वर्ष से घटा कर 45 वर्ष की गई है।
- न्यूनतम पत्रकारिता अनुभव 25 वर्ष से घटा कर 15 वर्ष किया गया है।

## स्वाति दूधवाल ने 3 स्वर्ण पदक जीते

- स्वाति दूधवाल ने राज्य स्तरीय सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता के 3 स्वर्ण पदक जीते।
- सीकर की स्वाति ने एकल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत चौहान के साथ स्वर्ण पदक जीता।
- टीम स्पर्धा के फाइनल में स्वाति, सुप्यार, शिवानी और नीलम जाखड़ की सीकर टीम ने जयपुर को हराकर खिताब स्वर्ण पदक जीता।

## शिशांत शर्मा ने वेटलिफ्टिंग में रजत पदक जीता

- प्रथम अखिल भारतीय वेटलिफ्टिंग क्लस्टर (वेटलिफ्टिंग, योगा एवं पावर लिफ्टिंग) प्रतियोगिता में राजस्थान पुलिस के शिशांत शर्मा ने 83 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक जीता।
- यह अखिल भारतीय पुलिस कंट्रोल बोर्ड, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ पुलिस के तत्वावधान में आयोजित की गई।
- भरतपुर निवासी शिशांत शर्मा ने स्क्वॉट्स में 235 किग्रा, बेंचप्रेस में 127.5 किग्रा, डेडलिट में 270 किग्रा सहित कुल 632.5 किग्रा वजन उठाया।
- शिशांत शर्मा पुलिस कमिश्नरेट, जयपुर में कार्यरत हैं।

## स्क्वैश चैंपियनशिप में अयान, युवान और गौरवी चैंपियन बने

- अयान कुच्छल, युवान वर्मा और गौरवी अजमेरा ने बेंगलूरु में संपन्न DSI ओपन स्क्वैश चैंपियनशिप में अपने-अपने आयु वर्ग के खिताब जीता।
- लड़कों के अंडर-17 आयु वर्ग में अयान कुच्छल ने कर्नाटक के आर्यमन सिंह को 10-12, 13-11, 11-6, 12-14, 11-3 से पराजित कर खिताब जीता।
- अंडर-9 आयु वर्ग के बॉयज और गर्ल्स दोनों खिताब राजस्थान के खिलाड़ियों ने जीते।
  - बॉयज कैटेगरी में युवान वर्मा ने अयांश कोल्टे को 11-4, 8-11, 11-6, 15-13 से हराया।
  - गर्ल्स कैटेगरी में गौरवी अजमेरा ने कर्नाटक की नाडिया इप्पे को 11-0, 11-5, 11-0 से हरा खिताब जीता।

## 43वीं सब जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता

- आयोजन: रोहतक (हरियाणा) में।
- आयोजनकर्ता: भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ।
- इस प्रतियोगिता में राजस्थान की बालक एवं बालिका दोनों टीमें भाग ले रही हैं।
- बालक वर्ग के कप्तान: हर्षित जांगिड़
- बालिका वर्ग की कप्तान: सलोनी।
- राज्य बॉल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष: डॉ. राजपाल शर्मा

## सीनियर महिला फुटबॉल चैंपियनशिप

- सीनियर महिला फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 6 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक जयपुर के नव निर्मित टर्फ फुटबॉल ग्राउंड पर किया जाएगा।
- सीनियर महिला फुटबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी राजस्थान को पहली बार मिली है।
- राजस्थान फुटबॉल संघ के अध्यक्ष: कर्नल मानवेंद्र सिंह जसोल
- अध्यक्ष जसोल ने रोशनी टांक को राजस्थान महिला विंग की नई चेयरपर्सन और प्रतिभा मीणा को वाइस चेयरपर्सन मनोनीत किया।

## 33वीं सीनियर राष्ट्रीय (पुरुष/महिला) वुशू प्रतियोगिता

- आयोजन: देहरादून (उत्तराखंड) में।
- इसमें राजस्थान वुशू टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 स्वर्ण, 6 रजत व 6 कांस्य सहित 18 पदक जीते।
- राजस्थान ने संशोऊ वर्ग में 4 स्वर्ण, 2 रजत व 2 कांस्य सहित 8 पदक जीत प्रथम स्थान की ट्रॉफी हासिल की।

- तालू वर्ग में 2 स्वर्ण, 4 रजत व 4 कांस्य सहित कुल 10 पदक जीते।
- **स्वर्ण पदक:** अमन पारीक, ईशा गुर्जर, नितिका बंसल, महक शर्मा, गौरांग सैनी, केशिका जोशी।
- **रजत पदक:** शुभम गोरा, पायल सारण, दिव्या चौधरी, किशन कुमार, मनोज चित्तौड़िया, रोहित तेजी।
- **कांस्य पदक:** देवराज सिंह, दिव्या यादव, दिव्या चौधरी, नीलम चौधरी (3 कांस्य पदक)।
- राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष: हीरानन्द कटारिया

## नेशनल स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया अंडर 17 शतरंज प्रतियोगिता

- आयोजन: कोटा (राजस्थान) में।
- बालक वर्ग में विजेता: अनुज चौमाल (जयपुर)
- बालिका वर्ग में विजेता: आशी उपाध्याय (जयपुर)

## 57वीं इंटर रेलवे निशानेबाजी (शूटिंग) चैंपियनशिप

- आयोजन: जयपुर स्थित शूटिंग रेंज में।
- कब: 23 से 27 सितंबर 2024 तक।
- आयोजनकर्ता: रेलवे स्पोर्टस प्रमोशन बोर्ड (RSPB) द्वारा।
- शुभारंभ: रवनीत सिंह बिट्टू (रेल, खाद्य प्रसंस्करण, उद्योग राज्यमंत्री)।
- इसमें 10 मीटर एयर राइफल, 10 मीटर एयर पिस्टल, 25 मीटर स्पोर्टस पिस्टल, 50 मीटर प्रोन राइफल और 3 पोजिशन रायफल का आयोजन किया जाएगा।
- इस प्रतियोगिता में पेरिस ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल विजेता स्वप्निल कुसले, चौथे स्थान वाले अर्जुन बबूता, एशियाड, कॉमनवेल्थ गेम्स स्तर के खिलाडियों सहित 17 टीम के लगभग 120 खिलाड़ी भाग लेंगे।

## IFMA यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप 2024

- **कब: 11-20 सितंबर 2024**
- **आयोजन:** बैंकॉक (थाईलैंड) में।
- **मुआयथाई** में भारत के खिलाड़ियों ने 15 पदक जीते।
- राजस्थान के खिलाड़ियों ने 5 पदक जीते।

## संस्कार सारस्वत

- राजस्थान के संस्कार सारस्वत ने पंचकूला में आयोजित अखिल भारतीय जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में अंडर-19 एकल वर्ग का खिताब जीता है।
- संस्कार अंडर-19 युगल वर्ग में उपविजेता रहे थे।

## सुभाष चौधरी ने स्क्वैश में स्वर्ण जीता

- मुम्बई में आयोजित 7वीं NSCI स्कवी सुपर क्लिनिक ओपन स्क्वैश चैंपियनशिप में जयपुर के सुभाष चौधरी ने अंडर 19 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।
- सुभाष ने फाइनल में तमिलनाडु के मयप्पन एल को 11-8, 11-5, 7-11, 12-10 से हराया।

## युग चेलानी

- कर्नाटक में आयोजित 77वीं सीनियर स्विमिंग चैंपियनशिप में राजस्थान के युग चेलानी ने 13 सितंबर 2024 को 400 मी. इंडिविजुअल में स्वर्ण पदक जीता।
- युग सीनियर स्विमिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले राजस्थान के पहले खिलाड़ी बने है।
- इससे पहले युग ने 11 सितंबर 2024 को इस चैंपियनशिप में 200 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।
- राजस्थान तैराकी संघ के अध्यक्ष: अनिल व्यास

## सिद्धार्थ चौधरी

- साउथ एशियन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सिद्धार्थ चौधरी (जयपुर, राजस्थान) ने शॉट-पुट स्पर्धा में 19.19 मीटर गोला फेंक कर स्वर्ण पदक जीता।
- साउथ एशियन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन चेन्नई में किया गया।
- इस स्पर्धा में भारत के अनुराग सिंह कालेर ने 18.91 मी. थ्रो के साथ रजत पदक तथा श्रीलंका के जायवी रणीधा 15.61 मी. गोलाफेंक कर कांस्य पदक जीता।

## स्टेट फूड सेफ्टी इंडेक्स 2023-24

- जारीकर्ता: भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) नई दिल्ली।

  **शीर्ष 5 राज्य**

  1. केरल
  2. तमिलनाडु
  3. जम्मू-कश्मीर
  4. गुजरात
  5. पंजाब
- इस इंडेक्स में राजस्थान देश में छठे स्थान पर है। (2020-21 में 18वें स्थान पर था)
- राजस्थान को कुल 100 में से 54.75 अंक मिले हैं।
- राजस्थान फूड सैंपल लेने के मामले में देश में पहले स्थान पर रहा है।
- राजस्थान को स्ट्रक्चर एंड सर्विलेंस में सर्वाधिक 24 अंक मिले।
- इंडेक्स के पैरामीटर
  - मानव संसाधन
  - कम्प्लाइंस
  - फूड टेस्टिंग इन्फ्रा
  - स्ट्रक्चर एंड सर्विलेंस
  - ट्रेनिंग-कैपेसिटी बिल्डिंग
  - उपभोक्ता सशक्तीकरण

## हुरुन इंडिया की अंडर 35 एंटरप्रेन्योर्स सूची

- हुरुन इंडिया ने पहली बार भारतीय उद्यमियों पर केंद्रित अंडर 35 एंटरप्रेन्योर्स सूची जारी की है।

- इसमें 35 और इससे कम उम्र के ऐसे 150 एंटरप्रेन्योर शामिल किए गए हैं, जिनके बिजनेस का न्यूनतम मूल्यांकन 5 करोड़ डॉलर (415 करोड़ रुपए) है और वे भविष्य के बिजनेस लीडर हैं।
- सूची में शेयरचैट के संस्थापक अंकुश सचदेवा (31 वर्ष) शीर्ष पर हैं तथा सबसे युवा एंटरप्रेन्योर भी हैं।
- दूसरे स्थान पर स्मार्टवर्क्स के नीतिश शारदा हैं। जबकि तीसरे स्थान पर गोल्डमेडल इलेक्ट्रिकल्स के अक्षित जैन है।
- **इस सूची में जयपुर के वैभव खंडेलवाल, सीकर के लालचंद बिशु और सचिन अग्रवाल भी शामिल है।**
- इस सूची में कुल 7 महिलाएं शामिल हैं।
- महिलाओं में टीचिंग एंड लर्निंग प्लेटफॉर्म टॉडल की संस्थापक **परिता पारेख** सबसे युवा एंटरप्रेन्योर (32 साल) हैं।
- अनएकेडमी के रोमन सैनी और हिमेश सिंह के सर्वाधिक फॉलोअर (10.95 लाख) हैं।
- इस सूची में 123 सेल्फमेड एंटरप्रेन्योर हैं। इनकी सूची में हिस्सेदारी 82% है।
- ये सभी एंटरप्रेन्योर देश के 41 शहरों से हैं। सबसे ज्यादा एंटरप्रेन्योर बेंगलुरु (29) से हैं।

## पोषण कार्यक्रम के क्रियान्वयन में राजस्थान का राष्ट्रीय स्तर छठा स्थान

- राजस्थान पोषण कार्यक्रम तहत की जा रही गतिविधियों के आधार पर देश में छठे स्थान पर है।
- प्रतिवर्ष **सितंबर के महीने में राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाता है।**
- राजस्थान के महिला एवं बाल विकास सचिव: श्री महेन्द्र सोनी।

**पोषण अभियान**

- (पूर्ववर्ती राष्ट्रीय पोषण मिशन) 8 मार्च 2018 को शुरू किया गया था।
- यह 0-6 वर्ष के बच्चों, किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं की पोषण स्थिति में समयबद्ध तरीके से सुधार लाने और बच्चों (0-6 वर्ष) में बौनेपन और कमजोरी में कमी लाने के साथ-साथ महिलाओं, बच्चों और किशोरियों में एनीमिया में कमी लाने के लिए शुरू किया गया था।
- इसके प्रमुख घटकों में प्रौद्योगिकी का उपयोग, अभिसरण और जन आंदोलन के माध्यम से व्यवहार परिवर्तन संचार शामिल हैं।
- इसके तहत उचित पोषण प्रदान करने हेतु पोषण वाटिकाएं या न्यूट्री-गार्डन देश भर में स्थापित किए जा रहे हैं।
- पोषण अभियान को अब आंगनवाड़ी सेवाओं और किशोरियों के लिए संशोधित योजना के साथ मिशन सक्षम, आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के हिस्से के रूप में शुरू किया गया है।

## RPSC में सुधार हेतु वासुदेव देवनानी की रिपोर्ट

- राज्य सरकार ने अगस्त 2024 में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को हरियाणा लोक सेवा आयोग का संवैधानिक दृष्टि से अध्ययन करने के लिए कहा था।
- राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) का पुनर्गठन किया जाएगा।
- हरियाणा लोक सेवा आयोग की तर्ज पर RPSC में सदस्यों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।
- विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सीएम को सौंपी में रिपोर्ट में RPSC में सदस्यों की संख्या दोगुनी करने की सिफारिश की है।
- इसके अलावा अध्यक्ष व सदस्यों का चयन योग्यता के आधार पर UPSC की तर्ज पर करने की सिफारिश की गई है।
- वर्तमान में आयोग में अध्यक्ष के अलावा सदस्यों के 7 पद हैं। इनमें से एक पद रिक्त है जबकि बाबूलाल कटारा निलंबित हैं।
- इनमें कैलाश चंद मीणा, संगीता आर्य और मंजू शर्मा का कार्यकाल 2026 तक है, जबकि केसरी सिंह राठौड़ व अयूब खान 2029 तक पद पर रहेंगे।
- इनमें से कैलाश चंद मीणा सबसे वरिष्ठ हैं तथा वर्तमान में RPSC के कार्यवाहक अध्यक्ष हैं।

## केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओज़ोन संबंधी रिपोर्ट

- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अनुसार 1 मार्च से 31 मई 2023 के डाटा के अनुसार ओजोन प्रदूषण के मामले में बड़े शहरों में जोधपुर सर्वाधिक प्रदूषित है।
- ओजोन प्रदूषण के मामले में छोटे शहरों में झुंझुनूं पहले स्थान पर है। झुंझुनूं में 84 दिन प्रदूषण से युक्त थे।

| सर्वाधिक प्रदूषण वाले जिले | | न्यूनतम प्रदूषण वाले जिले | |
|---|---|---|---|
| जिले | दिन | जिले | दिन |
| झुंझुनूं | 84 | अलवर | 0 |
| बांसवाड़ा | 69 | नागौर | 0 |
| चित्तौड़गढ़ | 61 | भिवाड़ी | 0 |
| चूरू | 56 | जैसलमेर | 1 |
| बाड़मेर | 50 | हनुमानगढ़ | 1 |

- संयुक्त राष्ट्र संघ ने स्ट्रेटोस्फीयर (सतह से 16 से 50 किलोमीटर ऊपर स्थित परत) में स्थित ओजोन परत के संरक्षण हेतु वर्ष 1994 में विश्व ओजोन संरक्षण दिवस शुरू किया।
- यह प्रतिवर्ष 16 सितंबर को मनाया जाता है।
- ओजोन परत सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी पर आने से रोकती है।

# 2. राष्ट्रीय परिदृश्य (राजव्यवस्था एवं शासन)

## 23वें विधि आयोग के गठन को मंजूरी

• **घोषणा:** 2 सितम्बर, 2024
• **अधिसूचना:** केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा जारी।
• **कार्यकाल:** 1 सितम्बर, 2024 से 31 अगस्त, 2027 (तीन वर्ष)

- विधि आयोग को मौजूदा कानूनों की जांच, सुधार और राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों के आलोक में सुधार के तरीके सुझाने का काम सौंपा गया है।
- आयोग का मुख्य उद्देश्य ऐसे कानून सुझाना है जो संविधान की प्रस्तावना में निर्धारित उद्देश्यों को पूरा कर सकें।

**आयोग की संरचना:**

- एक अध्यक्ष
- चार पूर्णकालिक सदस्य
- **पदेन सदस्य**: कानूनी कार्य विभाग और विधायी विभाग के सचिव
- पाँच अंशकालिक सदस्य
- अध्यक्ष और पूर्णकालिक सदस्य: सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालयों के सेवारत न्यायाधीश होंगे।

**विधि आयोग**

- विधि आयोग एक गैर-सांविधिक निकाय है, जो विधि एवं न्याय मंत्रालय की अधिसूचना द्वारा गठित होता है।
- इसकी सिफारिशें सलाहकारी होती हैं, जिन्हें स्वीकार करने के लिए सरकार बाध्य नहीं है।
- पहला विधि आयोग 1834 में लॉर्ड थॉमस बैबिंगटन मैकाले की अध्यक्षता में स्थापित किया गया था।
- 22वें विधि आयोग की अध्यक्षता कर्नाटक उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश ऋतु राज अवस्थी ने की थी। विधि आयोग ने अब तक 277 रिपोर्ट प्रस्तुत की हैं, लेकिन इसकी सिफारिशें सरकार के लिए बाध्यकारी नहीं होतीं।

## सुप्रीम कोर्ट का ध्वज और प्रतीक चिन्ह (Insignia)

- सुप्रीम कोर्ट की स्थापना के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 1 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट के ध्वज और प्रतीक चिन्ह (insignia) का अनावरण किया।
- **ध्वज**: सुप्रीम कोर्ट के ध्वज पर संस्कृत का श्लोक अंकित है: 'यतो धर्मस्ततो जयः', जिसका अर्थ है "जहाँ धर्म है, वहाँ विजय है।" यह श्लोक महाभारत के भीष्म पर्व: अध्याय 21: श्लोक 11 से लिया गया है।
- **प्रतीक चिन्ह**: गहरे नीले रंग में रंगे सुप्रीम कोर्ट के प्रतीक चिन्ह के केंद्र में सुप्रीम कोर्ट भवन की छवि है, जिसके ऊपर अशोक चक्र स्थित है। यह प्रतीक सारनाथ के सिंह स्तंभ यानी अशोक स्तंभ से प्रेरित है, जिसे तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व मौर्य सम्राट अशोक ने बनवाया था।
- **अशोक चक्र**: भारतीय ध्वज पर अंकित अशोक चक्र, धर्मचक्र "कानून के पहिये" का प्रतिनिधित्व करता है।

## 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रस्ताव को मंजूरी

• **मंजूरी :** 18 सितम्बर, 2024
• **पैनल:** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति

**मुख्य सिफारिशें:**

- पहले चरण में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की गई।
- नगरपालिका और पंचायत चुनाव 100 दिनों के भीतर कराने का प्रस्ताव।
- दो संवैधानिक संशोधन विधेयक प्रस्तावित:
  1. एक विधेयक द्वारा लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाएँगे (इसके लिए राज्यों की सहमति की आवश्यकता नहीं होगी)।
  2. दूसरा विधेयक स्थानीय निकाय के चुनाव, लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों के 100 दिनों के अंदर कराने के लिए होगा (इसके लिए आधे राज्यों की स्वीकृति आवश्यक होगी)।
- संविधान में 15 संशोधन करने की सिफारिश की गई।
- एक नया अनुच्छेद 82A जोड़ा जाएगा, जिसके अनुसार 'नियत तिथि' के बाद हुए आम चुनावों में निर्वाचित राज्य विधानसभाएँ, लोकसभा के कार्यकाल के अंत में समाप्त होंगी, चाहे उनका 5 वर्ष का कार्यकाल पूरा हुआ हो या नहीं।
- सरकार पूरे देश में इस प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा शुरू करेगी और इसे लागू करने के लिए एक क्रियान्वयन समूह का गठन किया जाएगा।
- 1951-1967 के दौरान देश में एक साथ चुनाव हुए थे।
- विधि आयोग की 170वीं रिपोर्ट (1999) में पाँच वर्षों में एक लोकसभा और सभी विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने का सुझाव दिया गया था।
- संसदीय समिति की 79वीं रिपोर्ट (2015) में दो चरणों में चुनाव कराने के सुझाव दिए गए थे।

## प्रिवेंटिव डिटेंशन पर सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

- 12 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने **जसीला शाजी बनाम भारत संघ और अन्य (2024)** मामले में प्रिवेंटिव डिटेंशन के संदर्भ में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।
- सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि प्रिवेंटिव डिटेंशन के तहत रखे गए व्यक्तियों को हिरासत में लेने के कारणों और उससे संबंधित दस्तावेज सौंपना अनिवार्य होगा।
- न्यायमूर्ति भूषण आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस

फैसले से व्यक्तिगत स्वतंत्रता की संवैधानिक गारंटी को मजबूत किया और प्रिवेंटिव डिटेंशन में रखे व्यक्ति को संविधान के अनुच्छेद 22(5) के तहत उचित अवसर देने के महत्व पर जोर दिया।

- पीठ ने कहा कि हिरासत में लिए व्यक्ति को अपना पक्ष रखने का अधिकार एक **संवैधानिक अधिकार** है जिसका उल्लंघन नहीं किया जा सकता।
- यह मामला **COFEPOSA अधिनियम** (1974) के तहत एक प्रिवेंटिव डिटेंशन आदेश से संबंधित था, जिसे मार्च 2024 में केरल उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा था।

**प्रिवेंटिव डिटेंशन के संवैधानिक प्रावधान:**

- **अनुच्छेद 22(5)**: हिरासत में लेने वाले अधिकारियों को हिरासत के आधारों को बताने और हिरासत के आदेशों का विरोध करने का अवसर देना होगा।
- **अनुच्छेद 22(3)**: प्रिवेंटिव डिटेंशन कानूनों के तहत गिरफ्तार व्यक्ति को अनुच्छेद 22(1) और 22(2) में दिए गए संरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा।
- प्रिवेंटिव डिटेंशन चार आधारों पर किया जा सकता है:
    - देश की सुरक्षा,
    - पब्लिक ऑर्डर का संरक्षण,
    - आवश्यक सेवाओं और आपूर्ति की रक्षा,
    - विदेश मामलों या भारत की सुरक्षा।

# 3. आर्थिक परिदृश्य

## पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट (PM E-DRIVE) योजना

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए 'पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट (PM E-DRIVE) योजना' के कार्यान्वयन के लिए भारी उद्योग मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।
- इस योजना में दो साल की अवधि में 10,900 करोड़ रुपये का परिव्यय शामिल है।

**योजना के प्रमुख घटक:**

- e-2Ws और e-3Ws (दोपहिया और तिपहिया वाहन), ई-एम्बुलेंस, ई-ट्रक और अन्य नए इलेक्ट्रिक व्हीकल (EV) के लिए 3,679 करोड़ रुपये की सब्सिडी/मांग प्रोत्साहन प्रदान किए गए हैं।
- योजना के तहत 24.79 लाख e-2Ws, 3.16 लाख e-3Ws और 14,028 ई-बसों का समर्थन किया जाएगा।

**ई-वाउचर**

- भारी उद्योग मंत्रालय के तहत इलेक्ट्रिक व्हीकल खरीदारों के लिए ई-वाउचर प्रदान किए जाएंगे।
- खरीदार को आधार प्रमाणित ई-वाउचर उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा, जिसे वह EV खरीद के समय डीलर को सौंपेंगे।
- ई-वाउचर पर खरीदार और डीलर दोनों के हस्ताक्षर होंगे और इसे पीएम ई-ड्राइव पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

## पीएम-ई-बस सेवा-भुगतान सुरक्षा तंत्र (PSM) योजना

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने "पीएम-ई-बस सेवा-भुगतान सुरक्षा तंत्र (पीएसएम) योजना" (PM-eBus Sewa-Payment Security Mechanism (PSM) Scheme) को मंजूरी दे दी है।

- इस योजना को केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा लागू किया जाएगा।
- इसका उद्देश्य **पब्लिक ट्रांसपोर्ट ऑथोरिटीज (PTA)** को इलेक्ट्रिक बसों (ई-बसों) की खरीद और संचालन में सहायता प्रदान करना है।
- योजना का वित्तीय परिव्यय ₹3,435.33 करोड़ है।
- 2024-25 से 2028-29 तक इस योजना के तहत 38,000 से अधिक ई-बसों को तैनात किया जाएगा।
- ई-बसों को उनकी तैनाती की तारीख से 12 साल तक संचालन सहायता प्राप्त होगी।
- वर्तमान में कई **पब्लिक ट्रांसपोर्ट ऑथोरिटीज** डीजल या CNG बसों पर निर्भर हैं, जो पर्यावरण प्रदूषण फैलाती हैं। इसके विपरीत, ई-बसें कम ऑपरेशनल कॉस्ट के साथ एक स्वच्छ विकल्प प्रदान करती हैं।
- ई-बसों की खरीद में उच्च शुरुआती खर्च और कम राजस्व की समस्या के समाधान के लिए यह योजना लाई गई है।
- पीएम-ई-बस सेवा योजना एक **डेडिकेटेड फंड** के माध्यम से समय पर भुगतान सुनिश्चित करती है।
- यदि कोई पब्लिक ट्रांसपोर्ट ऑथोरिटीज भुगतान में चूक करता है, तो कार्यान्वयन एजेंसी **कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (CESL)** योजना के फंड का उपयोग करके भुगतान को कवर करेगी।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'मिशन मौसम' को मंजूरी दी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की दो साल की पहल 'मिशन मौसम' (Mission Mausam) के शुभारंभ को मंजूरी दी है।

- इस योजना का उद्देश्य चरम मौसम और जलवायु चुनौतियों से निपटने के लिए भारत की क्षमता को बढ़ाना है।
- मिशन का वित्तीय परिव्यय ₹2,000 करोड़ है।

| मिशन मौसम के प्रमुख उद्देश्य | मिशन मौसम के प्रमुख घटक |
|---|---|
| • अत्याधुनिक मौसम निगरानी प्रौद्योगिकी और प्रणालियों का विकास।<br>• उच्च श्रेणी के वातावरणीय निगरानी का कार्यान्वयन।<br>• **अत्याधुनिक राडार और उपग्रहों** का कार्यान्वयन।<br>• हाई परफॉरमेंस कंप्यूटर (एचपीसी) का विकास।<br>• मौसम और जलवायु प्रक्रियाओं तथा पूर्वानुमान क्षमताओं में सुधार। | • **वायुमंडलीय विज्ञान में अनुसंधान** का विस्तार।<br>• **मौसम निगरानी, पूर्वानुमान और मॉडलिंग** पर ध्यान केंद्रित करना।<br>• 50 डॉप्लर मौसम रडार, 60 रेडियो सोंडे/रेडियो विंड स्टेशन, 100 डिस्ड्रोमीटर, 10 विंड प्रोफाइलर और एक शहरी टेस्ट बेड स्थापित करना।<br>• ऊपरी वायु निगरानी के साथ 10 समुद्री स्वचालित मौसम स्टेशन स्थापित करना। |

## एनपीएस वात्सल्य योजना

- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 18 सितंबर 2024 को **एनपीएस वात्सल्य योजना** शुरू की।
- **बच्चों के लिए बचत योजना**: माता-पिता अपने बच्चों के भविष्य के लिए पेंशन खाते में निवेश कर सकते हैं।
- यह योजना पहले से मौजूद राष्ट्रीय पेंशन योजना का विस्तार है।

**प्रमुख बिंदु:**

- माता-पिता नाबालिग बच्चों के लिए पेंशन खाते खोल सकते हैं।
- खाता खोलने के लिए न्यूनतम योगदान ₹1,000 है, और सालाना ₹1,000 का योगदान आवश्यक है।
- योजना **पेंशन फंड विनियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA)** के तहत चलाई जाएगी।
- नाबालिग सब्सक्राइबर्स को PRAN कार्ड जारी किए जाएंगे।

- 18 वर्ष की उम्र तक यह खाता **एनपीएस खाता** बन जाएगा।
- योगदान के बाद तीन साल की लॉक-इन अवधि होगी। कुछ विशेष परिस्थितियों में 25% निकासी की अनुमति दी गई है।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने Bio-RIDE योजना को मंजूरी दी

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विज्ञान प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT) की दो अम्ब्रेला योजनाओं को जारी रखने की मंजूरी दी है।
- इन योजनाओं को **'जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान नवाचार और उद्यमिता विकास (Bio-RIDE)'** योजना में विलय किया गया है।
- इसमें एक नया घटक **बायोमैन्युफैक्चरिंग और बायोफाउंड्री** शामिल है।

| Bio-RIDE योजना के प्रमुख उद्देश्य | Bio-RIDE योजना के प्रमुख घटक |
|---|---|
| • नवाचार को बढ़ावा देना।<br>• जैव-उद्यमिता को प्रोत्साहित करना।<br>• जैव विनिर्माण में भारत की स्थिति को मजबूत करना। | 1. जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान और विकास (R&D)।<br>2. औद्योगिक और उद्यमिता विकास (I&ED)।<br>3. बायोमैन्युफैक्चरिंग और बायोफाउंड्री। |

## प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को मंजूरी

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान** (Pradhan Mantri Janjatiya Unnat Gram Abhiyan) को मंजूरी दी है।
- यह योजना 79,156 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय (केंद्रीय हिस्सा: 56,333 करोड़ रुपये और राज्य हिस्सा: 22,823 करोड़ रुपये) के साथ शुरू की जाएगी।
- इस योजना का उद्देश्य आदिवासी बहुल गांवों और आकांक्षी जिलों में शत प्रतिशत आदिवासी परिवारों को कवरेज करके आदिवासी समुदायों की **सामाजिक-आर्थिक स्थिति** में सुधार करना है।
- यह योजना 30 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सभी आदिवासी बहुल गांवों में फैले **549 जिलों, 2,740 ब्लॉकों और 63,000 गांवों** को कवर करेगी।
- 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में अनुसूचित जनजातियों की आबादी **10.45 करोड़** है, और देशभर में फैले **705 से अधिक आदिवासी समुदाय** दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों में रहते हैं।
- इस मिशन में **25 कार्यक्रम** शामिल हैं जिन्हें **17 मंत्रालयों** द्वारा लागू किया जाएगा।

**योजना के प्रमुख घटक:**

- ट्राइबल होम स्टे
- सतत आजीविका वन अधिकार धारक (FRA)
- सरकारी आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों के बुनियादी ढांचे में सुधार
- सिकल सेल रोग के निदान के लिए उन्नत सुविधाएँ
- आदिवासी बहुउद्देशीय विपणन केंद्र

## पीएम-आशा (PM AASHA) की योजनाओं के विस्तार को मंजूरी

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (PM AASHA)** की योजनाओं को जारी रखने की मंजूरी दी है।
- **उद्देश्य:** किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य प्रदान करने और उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक वस्तुओं की मूल्य अस्थिरता को नियंत्रित करना।
- योजना का कुल परिव्यय **35,000 करोड़ रुपये** होगा, जो 2025-26 तक जारी रहेगा।

**PM AASHA में शामिल योजनाएँ:**

- **मूल्य समर्थन योजना (Price Support Scheme: PSS)**: अधिसूचित दलहन, तिलहन और खोपरा की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद।
- **मूल्य स्थिरीकरण कोष (Price Stabilization Fund: PSF)**: मूल्य स्थिरता बनाए रखने के लिए।
- **मूल्य घाटा भुगतान योजना (Price Deficit Payment Scheme: POPS)**: किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य और बिक्री मूल्य के अंतर का मुआवजा देना।
- **बाजार हस्तक्षेप योजना (Market Intervention Scheme: MIS)**: बाजार में हस्तक्षेप के द्वारा किसानों की उपज की उचित कीमत सुनिश्चित करना।

**मुख्य बिंदु:**

- न्यूनतम समर्थन मूल्य पर **तुअर, उड़द और मसूर** की 100% खरीद 2024-25 सीजन के लिए की जाएगी।
- सरकार ने किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर तिलहन, दलहन और खोपरा की खरीद के लिए सरकारी गारंटी को बढ़ाकर **45,000 करोड़ रुपये** कर दिया है।
- **NAFED और NCCF** के ई-पोर्टल्स के माध्यम से दालों की खरीद की जाएगी।
- मूल्य स्थिरीकरण कोष योजना के तहत, **टमाटर, भारत दाल, भारत आटा और भारत चावल** की सब्सिडी वाली खुदरा बिक्री में हस्तक्षेप किया जाएगा।
- **मूल्य घाटा भुगतान योजना** के तहत तिलहन के राज्य उत्पादन के 40% तक कवरेज बढ़ाया जाएगा।
- किसानों के खाते में सीधे मूल्य अंतर भुगतान करने का नया विकल्प जोड़ा गया है।

## प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास योजना (DTVSV) 2024

- केंद्रीय बजट 2024-25 की घोषणा के अनुरूप, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) ने **प्रत्यक्ष कर विवाद से विश्वास योजना, 2024** (Direct Tax Vivad Se Vishwas Scheme (DTVSV) 2024) को अधिसूचित किया है।
- यह योजना 1 अक्टूबर 2024 से लागू होगी।

- DTVSV 2024 का उद्देश्य आयकर से जुड़ी मुकदमेबाजी को कम करना है।
- इसके तहत करदाता 22 जुलाई, 2024 तक लंबित अपील, रिट और याचिकाओं का निपटान कर सकते हैं।
- यह योजना करदाताओं को विवादित कर, ब्याज, या दंड को वास्तविक कुल मांग से कम दरों पर निपटाने का अवसर प्रदान करती है।
- योजना केवल उन करदाताओं के लिए उपलब्ध है, जिनकी अपील, रिट और याचिकाएँ 22 जुलाई, 2024 तक लंबित हैं।

## श्वेत क्रांति 2.0

- केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने **श्वेत क्रांति 2.0** (White Revolution 2.0) के लिए मानक संचालन प्रक्रिया शुरू की।
- यह पहल महिलाओं के सशक्तिकरण और कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में सहायता करेगी।
- **उद्देश्य**: महिला किसानों को औपचारिक रोजगार में शामिल करना और डेयरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करना।
- दूध की खरीद को वर्तमान 660 लाख लीटर प्रतिदिन से बढ़ाकर 1,000 लाख लीटर करना लक्ष्य है।
- चार प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित: महिला सशक्तिकरण, स्थानीय दूध उत्पादन में वृद्धि, डेयरी निर्यात और डेयरी बुनियादी ढांचे में सुधार।
- अगले पांच वर्षों में दूध की खरीद में 50% तक की वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने साणंद में सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुजरात के **साणंद** में सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।
- **निवेश**: 3,300 करोड़ रुपये।
- **उत्पादन क्षमता**: प्रतिदिन 60 लाख चिप।
- इस यूनिट से उत्पादित चिप का उपयोग औद्योगिक, ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रिक वाहन, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार, और मोबाइल फोन जैसे क्षेत्रों में किया जाएगा।

**अन्य सेमीकंडक्टर यूनिट्स:**

- वर्ष 2023 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुजरात के धोलेरा और असम के मोरीगांव में सेमीकंडक्टर यूनिट्स की मंजूरी दी थी।
- कुल 4 यूनिट्स से 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश आएगा, जिनकी कुल क्षमता प्रतिदिन 7 करोड़ चिप उत्पादन की है।

## आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों का विस्तार

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB PM-JAY)** के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज देने की मंजूरी दी है।
- **लाभार्थी**: लगभग 4.5 करोड़ परिवार।
- प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर।
- AB PM-JAY के तहत कवर किए गए परिवारों से संबंधित 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को अतिरिक्त टॉप-अप कवर मिलेगा।
- जो वरिष्ठ नागरिक पहले से निजी स्वास्थ्य बीमा या कर्मचारी राज्य बीमा योजना के तहत आते हैं, वे भी AB PM-JAY के लाभ के पात्र होंगे।
- **AB PM-JAY** दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी वित्तपोषित स्वास्थ्य योजना है।

## डिजिटल कृषि मिशन

- केंद्रीय मंत्रिमंडल समिति ने 2817 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ डिजिटल कृषि मिशन (Digital Agriculture Mission) को मंजूरी दी। इसमें 1940 करोड़ रुपये का केंद्रीय हिस्सा शामिल है।
- इस मिशन को डिजिटल कृषि पहलों का समर्थन करने के लिए एक व्यापक योजना के रूप में माना जाता है, जिसमें शामिल हैं:
  - डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण
  - डिजिटल जनरल क्रॉप एस्टिमेशन सर्वे (DGCES) को लागू करना
  - केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों द्वारा अन्य आईटी पहलों को आगे बढ़ाना
- इस मिशन के तहत बनाए जाने वाले तीन डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर हैं:
  - एग्रीस्टैक (AgriStack)
  - कृषि निर्णय सहायता प्रणाली
  - सॉइल प्रोफ़ाइल मैपिंग
- किसान-केंद्रित डिजिटल सेवाओं को सक्षम करने के अलावा, ये डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर कृषि क्षेत्र के लिए समय पर और विश्वसनीय जानकारी उपलब्ध कराएंगे।
- **एग्रीस्टैक के तहत** किसानों को एक डिजिटल पहचान (किसान आईडी) दी जाएगी, जो राज्य के भूमि रिकॉर्ड, पशुधन स्वामित्व, बोई गई फसलों, जनसांख्यिकीय विवरण, पारिवारिक विवरण, योजनाओं और प्राप्त लाभों से जुड़ी होगी।
- किसानों द्वारा बोई गई फसलों को प्रत्येक मौसम में आयोजित किए जाने वाले **मोबाइल-आधारित डिजिटल फसल सर्वेक्षण** के माध्यम से दर्ज किया जाएगा।

## एग्रीश्योर फंड लॉन्च

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 3 सितंबर को नई दिल्ली में **एग्रीश्योर फंड (AgriSURE Fund)** का शुभारंभ किया।
- यह स्टार्ट-अप और ग्रामीण उद्यमों के लिए कृषि कोष (AgriSURE – Agri Fund for Start-ups & Rural Enterprises) के रूप में एक इनोवेटिव फंड है, जिसका उद्देश्य भारत के कृषि परिदृश्य में क्रांति लाना है।

**मुख्य बिंदु:**

- **एग्रीश्योर** एक सेबी के पास पंजीकृत श्रेणी II का वैकल्पिक निवेश कोष (AIF) है।
- इस फंड का कुल ₹750 करोड़ का पूंजी कोष है, जिसमें:
  - भारत सरकार का योगदान ₹250 करोड़
  - नाबार्ड का योगदान ₹250 करोड़
  - बैंकों, बीमा कंपनियों और निजी निवेशकों से ₹250 करोड़ जुटाए जा रहे हैं।
- यह योजना **उच्च-जोखिम, हाई इम्पैक्ट वाले प्रौद्योगिकी-संचालित उपक्रमों** पर ध्यान केंद्रित करते हुए कृषि और ग्रामीण स्टार्ट-अप इकोसिस्टम में इनोवेशन और विकास को बढ़ावा देगी।

## प्रधानमंत्री ने अमरावती में पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखी

- प्रधानमंत्री ने अमरावती में **PM MITRA (मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल) पार्क** की आधारशिला रखी।
- 1000 एकड़ में फैला यह पार्क महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (MIDC) द्वारा विकसित किया जा रहा है।
- भारत सरकार ने टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए **7 पीएम मित्र पार्क** स्थापित करने की मंजूरी दी है, जो तमिलनाडु, तेलंगाना, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, और महाराष्ट्र में स्थापित किए जाएंगे।

## लेह में CREATE का mn~?kkVu किया गया

- केंद्रीय MSME मंत्री श्री जीतन राम मांझी ने वर्चुअल मोड के माध्यम से लेह में स्थापित **प्रौद्योगिकी के माध्यम से ग्रामीण उद्यम त्वरण केंद्र** (Centre for Rural Enterprise Acceleration through Technology: CREATE) का mn~?kkVu किया।
- CREATE पश्मीना ऊन रोविंग सुविधा, गुलाब और अन्य फूलों से आवश्यक तेल प्राप्त करने के लिए उत्पादन सुविधा के विकास के लिए प्रशिक्षण और उपलब्ध फलों और अन्य कच्चे माल के बायो-प्रोसेसिंग के लिए उत्पादन सुविधा के विकास हेतु प्रशिक्षण प्रदान करेगा।
- पश्मीना ऊन रोविंग के लिए आवश्यक मशीनरी स्थापित हो गई है और यह चालू होने और संचालन के लिए तैयार है।
- यह केंद्र स्थानीय उत्पादकता, उत्पाद की गुणवत्ता, आर्थिक क्षमता को बढ़ाएगा और स्थानीय समुदायों के लिए आजीविका के अवसर प्रदान करेगा।

## विश्वस्य (Vishvasya)-ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी स्टैक लॉन्च

- केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) ने **ब्लॉकचेन-एज़-ए-सर्विस (BaaS)** की पेशकश करने के लिए **विश्वस्य (Vishvasya)-ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी स्टैक** लॉन्च किया है।
- यह अलग-अलग अनुमति प्राप्त ब्लॉकचेन आधारित एप्लिकेशन का समर्थन करने के लिए डिज़ाइन किए गए भौगोलिक रूप से वितरित इंफ्रास्ट्रक्टर है।
- MeitY ने NBFLite-लाइटवेट ब्लॉकचेन प्लेटफ़ॉर्म, प्रमाणिक का भी अनावरण किया, जो – मोबाइल ऐप के मूल स्रोत और राष्ट्रीय ब्लॉकचेन पोर्टल को सत्यापित करने के लिए एक इनोवेटिव ब्लॉकचेन-सक्षम समाधान है।

## ब्लॉकचेन-एज़-ए-सर्विस (BaaS):

- BaaS, थर्ड पार्टी क्लाउड-आधारित इंफ्रास्ट्रक्चर और मैनेजमेंट है जो ब्लॉकचेन ऐप बनाने और संचालित करने वाली कंपनियों के लिए उपलब्ध होता है।
- यह सॉफ़्टवेयर एज़ ए सर्विस (SaaS) मॉडल पर आधारित है और इसी तरह काम करता है।
- यह कस्टमर्स को ब्लॉकचेन पर अपने स्वयं के ब्लॉकचेन ऐप और संबंधित कार्यों को बनाने, होस्ट करने और संचालित करने के लिए क्लाउड-आधारित समाधानों का लाभ उठाने की अनुमति देता है।

**ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी:**

- ब्लॉकचेन तकनीक एक उन्नत डेटाबेस तंत्र है जो किसी व्यावसायिक नेटवर्क के भीतर पारदर्शी सूचना साझा करने की अनुमति देता है। एक ब्लॉकचेन डेटाबेस ब्लॉक में डेटा संग्रहीत करता है जो एक श्रृंखला में एक साथ जुड़े होते हैं।
- जिस प्रकार हज़ारों-लाखों कंप्यूटरों को आपस में जोड़कर इंटरनेट का अविष्कार हुआ, ठीक उसी प्रकार डाटा ब्लॉकों (आँकड़ों) की लंबी श्रृंखला को जोड़कर उसे ब्लॉकचेन का नाम दिया गया है।
- ब्लॉकचेन तकनीक तीन अलग-अलग तकनीकों का समायोजन है, जिसमें इंटरनेट, पर्सनल 'की' (निजी कुंजी) की क्रिप्टोग्राफी अर्थात् जानकारी को गुप्त रखना और प्रोटोकॉल पर नियंत्रण रखना शामिल है।

## VisioNxt-फैशन पूर्वानुमान पहल

- केंद्रीय वस्त्र मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने 5 सितंबर 2024 को राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) के **'VisioNxt फैशन पूर्वानुमान पहल'** तथा भारत-विशिष्ट फैशन ट्रेंड बुक **'परिधि 24×25'** का शुभारंभ किया।
- **निफ्ट VisioNxt** भारत की ऐसी पहली पहल है जो फैशन ट्रेंड इनसाइट और पूर्वानुमान के लिए AI और EI को जोड़ती है।
- VisioNxt एक ट्रेंड इनसाइट्स और पूर्वानुमान पहल है। इसकी स्थापना निफ्ट दिल्ली (क्रिएटिव लैब) और निफ्ट चेन्नई (इनसाइट्स लैब) में, भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के समर्थन से 2018 में की गई थी।
- यह पहल भारतीय फैशन और रिटेल मार्केट के लिए ट्रेंड इनसाइट और पूर्वानुमान देने पर केंद्रित है।
- फैशन ट्रेंड से संबंधित परामर्श सेवाएँ, शैक्षणिक पाठ्यक्रम, कार्यशालाएँ आदि भी प्रदान किए जाते हैं।

## NaBFID पब्लिक फाइनेंसियल इंस्टीट्यूशन के रूप में अधिसूचित

- भारत सरकार ने **नेशनल बैंक फॉर फाइनेंसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर एंड**

**डेवलपमेंट (NaBFID)** को कंपनी अधिनियम के तहत एक पब्लिक वित्तीय संस्थान के रूप में अधिसूचित किया है।

- कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ने कहा कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2 के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केंद्र सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से NaBFID को "पब्लिक वित्तीय संस्थान" के रूप में अधिसूचित किया।
- इस कदम से बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को वित्तपोषित करने की बैंक की क्षमता बढ़ेगी, जिससे देश में बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा मिलेगा।

**NaBFID**:

- यह विकास वित्त संस्थान (DFI) है जिसकी स्थापना 2021 में **नेशनल बैंक फॉर फाइनेंसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट एक्ट, 2021** द्वारा की गई थी।
- इसका उद्देश्य बुनियादी ढांचे के विकास के लिए दीर्घकालिक नॉन-रिकोर्स वित्त में अंतराल को दूर करना और भारत में बॉन्ड और डेरिवेटिव बाजारों के विकास को मजबूत करना है।

## BHASKAR डिजिटल प्लेटफॉर्म

- **BHASKAR Full Form: "भारत स्टार्टअप नॉलेज एक्सेस रजिस्ट्री"**
- **वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** के अंतर्गत उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) **BHASKAR डिजिटल प्लेटफॉर्म** लॉन्च करेगा।
- इसका उद्देश्य भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करना है।
- यह प्लेटफॉर्म स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत शुरू किया जाएगा।
- BHASKAR स्टार्टअप, निवेशक, सलाहकार, सेवा प्रदाता और सरकारी संस्थाओं के बीच सहयोग को केंद्रीकृत और सुव्यवस्थित करेगा।

## केंद्र सरकार ने VDA के आधार पर न्यूनतम मजदूरी दरों में संशोधनों को मंजूरी दी

- केंद्र सरकार ने **परिवर्तनशील महंगाई भत्ते (Variable Dearness Allowance: VDA)** को समायोजित करके **न्यूनतम मजदूरी दरों में संशोधन की घोषणा की है।**
- **अकुशल श्रमिकों** को 783 रुपये प्रति दिन (20,358 रुपये प्रति माह) मिलेंगे।
- **अर्ध-कुशल श्रमिकों** को 868 रुपये प्रति दिन (22,568 रुपये प्रति माह) मिलेंगे।
- **कुशल और लिपिक श्रमिकों** को 954 रुपये प्रति दिन (24,804 रुपये प्रति माह) मिलेगा।
- **उच्च कुशल श्रमिकों** को 1,035 रुपये प्रति दिन (26,910 रुपये प्रति माह) मिलेगा।

## न्यूनतम मजदूरी

- न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 (Minimum Wages Act, 1948) के प्रावधानों के तहत केंद्र और राज्य सरकारें अपने अधिकार क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी तय करती हैं।
- न्यूनतम मजदूरी दरें श्रमिकों के कौशल स्तरों के आधार पर वर्गीकृत होती हैं: अकुशल, अर्ध-कुशल, कुशल, और अत्यधिक कुशल।

# 4. अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य

## छठा क्वाड लीडर्स शिखर सम्मेलन

- इसका आयोजन 21 सितंबर 2024 को संयुक्त राज्य अमेरिका के विलमिंगटन (डेलावेयर) में किया गया।
- इसमें भारत, जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्राध्यक्षों ने भाग लिया।

**प्रमुख घोषणाएं:**

- **क्वाड कैंसर मूनशॉट:** इस कार्यक्रम के तहत सर्वाइकल कैंसर से निपटने के लिए सभी चार देशों ने वित्तीय योगदान की घोषणा की। भारत ने इस बीमारी की स्क्रीनिंग के लिए 10 मिलियन डॉलर देने का वादा किया, और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया व गावी इस क्षेत्र के लिए 40 मिलियन तक वैक्सीन उपलब्ध कराएंगे।
- **क्वाड-एट-सी शिप ऑब्जर्वर मिशन:** 2025 में यू.एस. कोस्ट गार्ड, जापान कोस्ट गार्ड, ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल, और भारतीय तट रक्षक के बीच पहली बार क्वाड-एट-सी शिप ऑब्जर्वर मिशन शुरू करने की योजना बनाई गई है।
- **MAITRI (Maritime Initiative for Training in the Indo-Pacific):** क्वाड देशों को उनके जल क्षेत्र की निगरानी, सुरक्षा, और गैरकानूनी व्यवहारों को रोकने के लिए प्रशिक्षण देने की पहल की गई है।
    - भारत 2025 में पहली MAITRI कार्यशाला की मेजबानी करेगा।
- **ओपन RAN तैनाती:** क्वाड ने **पलाऊ में प्रशांत क्षेत्र में पहली बार ओपन रेडियो एक्सेस नेटवर्क (RAN) तैनात किया।** फिलीपींस में चल रहे फील्ड ट्रायल और एशिया ओपन RAN अकादमी (AORA) को समर्थन का विस्तार करने की योजना है।

## भारत का पहला राष्ट्रीय सुरक्षा सेमीकंडक्टर निर्माण संयंत्र

- भारत और अमेरिका के सहयोग के तहत भारत को अपना पहला **राष्ट्रीय सुरक्षा सेमीकंडक्टर निर्माण संयंत्र** मिलेगा।
- इसे **"शक्ति (Shakti)"** नाम दिया गया है।

**प्रमुख बिन्दु:**

- यह संयंत्र सैन्य हार्डवेयर, दूरसंचार नेटवर्क, और इलेक्ट्रॉनिक्स में उपयोग के लिए चिप का उत्पादन करेगा।
- इसे इन्फ्रारेड, गैलियम नाइट्राइड, और सिलिकॉन कार्बाइड सेमीकंडक्टर के निर्माण के लिए स्थापित किया जाएगा।
- यह **भारत सेमीकंडक्टर मिशन** के अंतर्गत स्थापित होगा और 'शक्ति' नामक यह फैब, एडवांस्ड सेंसिंग, एडवांस्ड कम्युनिकेशन और हाई वोल्टेज पावर इलेक्ट्रॉनिक्स पर ध्यान केंद्रित करेगा।
- इस फैब को **भारत सेमी**, **3rdiTech**, और **अमेरिकी अंतरिक्ष बल** के बीच एक रणनीतिक साझेदारी के हिस्से के रूप में विकसित किया जाएगा।

## भारत ने IPEF के क्लीन इकॉनमी और फेयर इकॉनमी समझौतों पर हस्ताक्षर किए

- भारत ने 21 सितंबर, 2024 को डेलावेयर (USA) में **इंडो-पैसिफिक इकनोमिक फ्रेमवर्क (IPEF)** के तहत क्लीन इकॉनमी, फेयर इकॉनमी और IPEF ओवररिचिंग अरेंजमेंट पर केंद्रित समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

| **IPEF क्लीन इकॉनमी समझौता (पिलर-III)** | **IPEF फेयर इकॉनमी समझौता (पिलर-IV)** |
|---|---|
| • इसका उद्देश्य तकनीकी सहयोग, कार्यबल विकास, क्षमता निर्माण और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देना है।<br>• स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु-अनुकूल प्रौद्योगिकियों के विकास को प्रोत्साहित करना भी इस समझौते का प्रमुख उद्देश्य है। | • इंडो-पैसिफिक में अधिक पारदर्शी और पूर्वानुमानित व्यापार और निवेश वातावरण बनाना इसका लक्ष्य है।<br>• भ्रष्टाचार को रोकने और उसका मुकाबला करने, कर पारदर्शिता और कर प्रशासन में सुधार के लिए सहयोग किया जाएगा। |

## IPEF ओवररिचिंग अरेंजमेंट:

- यह एक प्रशासनिक समझौता है, जो एक **ओवरसाइट मिनिस्टीरियल मैकेनिज्म** स्थापित करता है।

**इंडो-पैसिफिक इकनोमिक फ्रेमवर्क (IPEF):**

- IPEF की शुरुआत 23 मई 2022 को टोक्यो (जापान) में की गई थी।
- इसमें 14 देश शामिल हैं: ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, फिजी, भारत, इंडोनेशिया, जापान, कोरिया गणराज्य, मलेशिया, न्यूजीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, वियतनाम और अमेरिका।
- इसका उद्देश्य इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में विकास, आर्थिक स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देना है।

**IPEF के चार पिलर्स:**

1. व्यापार (पिलर I)
2. सप्लाई चेन रेजिलिएंस (पिलर II)
3. क्लीन इकॉनमी (पिलर III)
4. फेयर इकॉनमी (पिलर IV)

**नोट:** भारत ने फरवरी 2024 में **सप्लाई चेन रेजिलिएंस (पिलर II)** पर समझौते की पुष्टि की थी और **पिलर I** में पर्यवेक्षक के रूप में शामिल है।

## संयुक्त राष्ट्र का "पैक्ट फॉर फ्यूचर" समझौता

- संयुक्त राष्ट्र द्वारा 23 सितंबर 2024 को **"पैक्ट फॉर फ्यूचर" (UN Pact for the Future)** समझौते को अपनाया गया।
- यह समझौता भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित, अधिक शांतिपूर्ण, स्थायी और समावेशी दुनिया के लिए ठोस कार्यवाही करने का ऐतिहासिक घोषणापत्र है।

- इस समझौते के साथ-साथ इसके अनुलग्नक, **ग्लोबल डिजिटल कॉम्पैक्ट** और **डिक्लेरेशन फॉर फ्यूचर जनरेशन (Declaration on Future Generations)** को भी सर्वसम्मति से अपनाया गया।
- समझौते के पाँच प्रमुख फोकस क्षेत्र हैं:
    - सतत विकास
    - अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा
    - विज्ञान और प्रौद्योगिकी
    - युवा और भावी पीढ़ियाँ
    - ग्लोबल गवर्नेंस को बदलना
- इस समझौते में **सुरक्षा परिषद** में सुधार का भी वादा किया गया है, जिससे इसे अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण, पारदर्शी, और लोकतांत्रिक बनाने की आवश्यकता को मान्यता दी गई है।
- यह सुधार **भारत के पक्ष** का समर्थन करता है, जो वर्षों से सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग करता रहा है।
- रूस और ईरान सहित सात देशों ने "पैक्ट फॉर फ्यूचर" का विरोध किया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो दिवसीय संयुक्त राष्ट्र **'समिट ऑफ द फ्यूचर'** सम्मेलन में भाग लिया।

## भारत और UAE के बीच असैन्य परमाणु सहयोग पर समझौता

- भारत और संयुक्त अरब अमीरात (UAE) ने 9 सितंबर 2024 को असैन्य परमाणु सहयोग के लिए **समझौता ज्ञापन (MoU)** पर हस्ताक्षर किए।
- यह समझौता न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (NPCIL) और ENEC (एमिरेट्स न्यूक्लियर एनर्जी कंपनी) के नेतृत्व वाले बाराकाह न्यूक्लियर पावर प्लांट ऑपरेशंस एंड मेंटेनेंस के बीच हुआ।
- यह समझौता अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की भारत यात्रा के दौरान हुआ।
- इससे पहले, भारत ने कई देशों जैसे फ्रांस, संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, नामीबिया, कनाडा, अर्जेंटीना, कजाकिस्तान, कोरिया गणराज्य, चेक गणराज्य, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और यूनाइटेड किंगडम के साथ भी असैन्य परमाणु सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे।

**प्रमुख समझौते**

1. **परमाणु सहयोग से संबंधित समझौता ज्ञापन।**
2. **दीर्घकालिक LNG आपूर्ति के लिए समझौता।**
3. **ADNOC और इंडिया स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड (आईएसपीआरएल) के बीच समझौता।**
4. **गुजरात सरकार और अबू धाबी डेवलपमेंटल होल्डिंग कंपनी पीजेएससी के बीच फूड पार्क के विकास पर समझौता।**

- भारत और UAE **I2U2 समूह** का हिस्सा हैं, जिसमें इजरायल और संयुक्त राज्य अमेरिका भी शामिल हैं। इसके तहत **गुजरात और मध्य प्रदेश में फूड पार्क की स्थापना** की जाएगी।

## इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (IBCA) की भारत की सदस्यता को मंजूरी

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (IBCA)** की स्थापना संबंधी फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर और अनुसमर्थन करके भारत की सदस्यता को मंजूरी दी है।

**प्रमुख बिंदु:**

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 29 फरवरी 2024 को **150 करोड़ रुपये** की एकमुश्त बजटीय सहायता के साथ भारत में मुख्यालय वाले IBCA की स्थापना को मंजूरी दी।
- इसका उद्देश्य बिग कैट्स की प्राप्ति वाले **95 रेंज देशों**, नॉन-रेंज देशों, संरक्षण भागीदारों, वैज्ञानिक संगठनों, और कॉरपोरेट्स के बीच एक बहु-देशीय गठबंधन बनाना है।
- संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देश IBCA के सदस्य बनने के लिए पात्र हैं, और अब तक **24 देशों** (भारत सहित) ने IBCA के सदस्य बनने के लिए सहमति व्यक्त की है।
- भारत, निकारागुआ, इस्वातिनी और सोमालिया IBCA के सदस्य हैं, और भारत इसका संस्थापक सदस्य है।

**इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस (IBCA)**

- भारत के **प्रोजेक्ट टाइगर** के 50 साल पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने **9 अप्रैल, 2023** को IBCA लॉन्च किया।
- इसका उद्देश्य बिग कैट्स और उनके हैबिटैट के भविष्य को सुरक्षित करना है।
- बिग कैट्स में 7 बड़ी बिल्ली प्रजातियों में शामिल हैं: **बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, प्यूमा, जगुआर और चीता।**
    - इनमें से पाँच प्रजातियाँ भारत में पाई जाती हैं।

## भारत ने BBNJ समझौते पर हस्ताक्षर किये

- भारत ने समुद्र में समुद्री जैव विविधता की रक्षा के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने 25 सितंबर 2024 को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में **"राष्ट्रीय अधिकार क्षेत्र से परे जैव विविधता (BBNJ) समझौते** पर हस्ताक्षर किए।

**BBNJ समझौता**

- **BBNJ Full form: Biodiversity Beyond National Jurisdiction**
- इस संधि को "राष्ट्रीय अधिकार क्षेत्र से परे क्षेत्रों की समुद्री जैविक विविधता के संरक्षण और सतत उपयोग" (Conservation and Sustainable Use of Marine Biological Diversity of Areas beyond National Jurisdiction) यानी **BBNJ एग्रीमेंट** के रूप में जाना जाता है।
- इसे **खुला समुद्र संधि (High Seas Treaty)** के रूप में भी जाना जाता है।
- यह संधि **समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (UNCLOS)** के तहत एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है।
- **BBNJ को 19 जून 2023** को संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय अधिकार क्षेत्र से परे क्षेत्रों की समुद्री जैव विविधता पर अंतर-सरकारी सम्मेलन द्वारा अपनाया गया।

- यह एक **अंतर्राष्ट्रीय कानूनी बाध्यकारी संधि (international legal binding)** है, जो 20 सितंबर 2025 तक हस्ताक्षर के लिए उपलब्ध रहेगी।
- यह संधि समुद्री जीवन की बहाली और जलवायु परिवर्तन के प्रति इसकी सहनशीलता को बढ़ाने के लिए **हाई-सी** पर बड़े संरक्षित क्षेत्रों के निर्माण की अनुमति देगी।
- भारत सहित अब तक **101 देशों** ने संधि पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि, अब तक केवल **10 देशों** ने इसकी पुष्टि की है।
- यह औपचारिक रूप से तब लागू होगी जब कम से कम **60 सरकारें** इसे राष्ट्रीय कानून में अपनाएंगी।
- यह संधि महासागर के लगभग **दो-तिहाई (64%) क्षेत्र** को कवर करती है, जो पृथ्वी की सतह का लगभग आधा हिस्सा है।
- यह राष्ट्रों के क्षेत्रीय जल और **अनन्य आर्थिक क्षेत्र (EEZ)** से परे समुद्री जीवन के संरक्षण और सतत उपयोग को सुनिश्चित करती है।
- इस समझौते के पक्षकार खुले समुद्र से प्राप्त समुद्री संसाधनों पर संप्रभुता का दावा या प्रयोग नहीं कर सकते और लाभों का निष्पक्ष और न्यायसंगत बंटवारा सुनिश्चित करेंगे।

## ऑपरेशन ln~Hkko

- भारत ने **यागी टाइफून** से प्रभावित देशों – म्यांमार, लाओस और वियतनाम को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए **ऑपरेशन** ln~Hkko **(Operation Sadbhav)** लॉन्च किया।
- भारत ने इन देशों को मानवीय सहायता और आपदा राहत (HADR) प्रदान करने की पहल की है।
- इस हेतु भारत ने म्यांमार, लाओस और वियतनाम को **यागी टाइफून** के प्रभाव से निपटने में सहायता करने के लिए तत्काल राहत सामग्री भेजी है।
- **ऑपरेशन** ln~Hkko भारत की **'एक्ट ईस्ट पॉलिसी'** के तहत, आसियान क्षेत्र में HADR में योगदान का हिस्सा है।

## भारत "खनिज सुरक्षा वित्त नेटवर्क (MSFN)" में शामिल हुआ

- भारत औपचारिक रूप से **संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व वाले खनिज सुरक्षा वित्त नेटवर्क (Minerals Security Finance Network: MSFN)** में शामिल हो गया।

**MSFN**

- इसका उद्देश्य **क्रिटिकल मिनरल्स** के लिए सप्लाई चेन को सुरक्षित करने के लिए सदस्यों के बीच सहयोग को मजबूत करना है।
- यह 14 देशों और यूरोपीय संघ द्वारा किया गया एक समझौता है, जो **DFI** (विकास वित्त संस्थान) और **ECA** (निर्यात ऋण एजेंसियों) को तालमेल बनाने और प्रभाव बढ़ाने के लिए साथ लाता है।
- **MSFN** की उत्पत्ति **खनिज सुरक्षा भागीदारी (MSP)** से हुई है।

**खनिज सुरक्षा भागीदारी (MSP)**

- यह 2022 में स्थापित एक फ्रेमवर्क है।
- **MSP** का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर क्रिटिकल मिनरल आपूर्ति श्रृंखलाओं में सार्वजनिक और निजी निवेश को आकर्षित करना है।
- भारत को जून 2023 में **MSP** में शामिल किया गया था। यह समूह कोबाल्ट, निकल, लिथियम और 17 "रेयर अर्थ" खनिजों की आपूर्ति श्रृंखलाओं पर केंद्रित है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ब्रुनेई और सिंगापुर यात्रा

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3-5 सितम्बर 2024 को ब्रुनेई दारुस्सलाम और सिंगापुर की आधिकारिक यात्रा पर थे।
- **ब्रुनेई यात्रा**: यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ब्रुनेई की पहली द्विपक्षीय यात्रा थी। प्रधानमंत्री मोदी ने बंदर सेरी बेगवान में प्रतिष्ठित उमर अली सैफुद्दीन मस्जिद का दौरा किया।
  - प्रधानमंत्री ने ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया से मुलाकात की और आईसीटी, फिनटेक, साइबर सुरक्षा, नई प्रौद्योगिकियों और नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग पर सहमति जताई।
  - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 3 सितंबर 2024 को ब्रुनेई की अपनी ऐतिहासिक यात्रा के दौरान **उमर अली सैफुद्दीन मस्जिद** का दौरा किया। यह भारत और ब्रुनेई के बीच राजनयिक संबंधों की **40वीं वर्षगांठ** के साथ मेल खाता है।

**ब्रुनेई:**

- यह देश दक्षिण-पूर्व एशिया में बोर्नियो द्वीप के उत्तरी तट पर स्थित है, और इसका पश्चिमी खंड बड़ा है, जिसमें बंदर सेरी बेगवान की राजधानी स्थित है।
- ब्रुनेई ने 1984 में स्वतंत्रता प्राप्त की, और यह राष्ट्रमंडल और आसियान का सदस्य है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सिंगापुर यात्रा

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 4-5 सितम्बर 2024 के अपने सिंगापुर प्रवास के दौरान सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग और राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम से मुलाकात की। इस बैठक में द्विपक्षीय और बहुपक्षीय विषयों पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ने भारत-सिंगापुर सहयोग को और सुविधाजनक बनाने के लिए निम्नलिखित घोषणाएँ की:
- **इन्वेस्ट इंडिया कार्यालय**: सिंगापुर में इन्वेस्ट इंडिया कार्यालय की स्थापना की जाएगी।
- **तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र**: सिंगापुर में भारत का पहला तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र खोला जाएगा।

**प्रमुख समझौते**

- इस यात्रा के दौरान, भारत और सिंगापुर ने निम्नलिखित क्षेत्रों में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया:
  - सेमीकंडक्टर
  - डिजिटल प्रौद्योगिकी
  - कौशल विकास
  - स्वास्थ्य सेवा

**सिंगापुर**

- **अवस्थिति :** दक्षिण-पूर्व एशिया
- सिंगापुर मुख्य द्वीप उत्तर में जोहोर जलडमरूमध्य द्वारा प्रायद्वीपीय मलेशिया से अलग होता है।
- यह एक संकरा चैनल है जिसे सड़क व रेल मार्ग से पार किया जाता है।
- इसकी दक्षिणी सीमा सिंगापुर जलडमरूमध्य से होकर गुजरती है।
- **राजधानी :** सिंगापुर सिटी

## भारत में पहली बार इंटरनेशनल कोऑपरेटिव एलायंस का आयोजन होगा

- भारत पहली बार **इंटरनेशनल कोऑपरेटिव एलायंस (International Cooperative Alliance: ICA)** की आम सभा का आयोजन 25 से 30 नवंबर 2024 तक नई दिल्ली में करेगा।
- यह ICA के 130 साल के इतिहास में पहली बार होगा कि सम्मेलन भारत में आयोजित किया जाएगा।

**इंटरनेशनल कोऑपरेटिव एलायंस**

- ICA दुनिया भर में सहकारी समितियों को एकजुट करता है, उनका प्रतिनिधित्व करता है और उनकी सेवा करता है।
- इसकी स्थापना **1895** में हुई थी और यह सबसे पुराने और सबसे बड़े गैर-सरकारी संगठनों में से एक है।
- ICA के सदस्य कृषि, बैंकिंग, उपभोक्ता, मछली पालन, स्वास्थ्य, आवास, बीमा, और उद्योग व सेवाओं से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय सहकारी संगठन हैं।
- ICA का वैश्विक कार्यालय **ब्रुसेल्स** में स्थित है।

## जॉर्डन कुष्ठ रोग का उन्मूलन करने वाला दुनिया का पहला देश बना

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने जॉर्डन के हाशमाइट साम्राज्य को कुष्ठ रोग उन्मूलन करने वाला दुनिया का पहला देश बनने की पुष्टि की है।
- WHO ने जॉर्डन में कुष्ठ रोग के उन्मूलन को सत्यापित भी कर दिया है।

**कुष्ठ रोग (Leprosy):**

- कुष्ठ रोग, जिसे **हैनसेन रोग** के रूप में भी जाना जाता है, एक प्राचीन संक्रामक रोग है।
- यह मुख्य रूप से **त्वचा, परिधीय तंत्रिकाओं, श्वसन पथ की म्यूकोसल सतहों और आंखों** को प्रभावित करता है।
- कुष्ठ रोग एक **उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग (NTD)** है, जो अभी भी 120 से अधिक देशों में मौजूद है, और हर साल इसके 200,000 से अधिक नए मामले सामने आते हैं।

## भारत को GlobE नेटवर्क की स्टीयरिंग कमेटी का सदस्य बना

- भारत को **GlobE नेटवर्क** की 15 सदस्यीय स्टीयरिंग कमेटी के लिए चुना गया है।
- यह **भ्रष्टाचार-रोधी कानून प्रवर्तन प्राधिकरणों का वैश्विक परिचालन नेटवर्क (Global Operational Network of Anti-Corruption Law Enforcement Authorities)** है, जो G20 फ्रेमवर्क के तहत शुरू की गई पहल है।
- केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत में GlobE नेटवर्क के लिए **केंद्रीय प्राधिकरण** के रूप में कार्य करता है।
- **सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)** सदस्य प्राधिकरण के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**GlobE नेटवर्क**

- इसकी स्थापना 3 जून, 2021 को **संयुक्त राष्ट्र महासभा के विशेष सत्र** (UNGASS) के दौरान की गई थी।
- इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार और **वित्तीय अपराध** को दूर करना है।
- GlobE नेटवर्क में वर्तमान में 121 सदस्य देश और 219 सदस्य प्राधिकरण शामिल हैं।
- GlobE नेटवर्क वैश्विक एजेंसियों को **सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं का आदान-प्रदान**, आपराधिक खुफिया जानकारी साझा करने और भ्रष्टाचार से निपटने के लिए रणनीति तैयार करने में सक्षम बनाता है।

## भारत को अर्जेंटीना के 3 लिथियम ब्लॉक में नॉन-इनवेसिव एक्सप्लोरेशन की मंजूरी मिली

- भारत की **KABIL (Khanij Bidesh India Ltd)** ने अर्जेंटीना में हाल ही में अधिग्रहित 5 लिथियम ब्लॉकों में से 3 में **नॉन-इनवेसिव एक्सप्लोरेशन** करने की अनुमति प्राप्त की है।
- इस हेतु विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद, कंपनी को इन ब्लॉकों में एक्सप्लोरेशन गतिविधियां शुरू करने की अनुमति दी जाएगी।
- **नॉन-इनवेसिव एक्सप्लोरेशन** पर्यावरण को क्षति पहुंचाए बिना खनिज प्रणालियों की पहचान के लिए रिमोट सेंसिंग और अन्य तकनीकों का उपयोग करता है।
- **जनवरी 2024** में, KABIL ने अर्जेंटीना में 5 लिथियम ब्लॉकों के अधिग्रहण और उनके वाणिज्यिक उपयोग के लिए ₹200 करोड़ के लिथियम अन्वेषण समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- ये **ब्राइन ब्लॉक** अर्जेंटीना के कैटमार्का जिले में स्थित हैं और लगभग 15,703 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करते हैं।
- **लिथियम**, जिसे **सफेद सोना** कहा जाता है, भारत के ग्रीन ट्रांजिशन के लिए प्रमुख खनिज है। यह मोबाइल फोन और इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी में व्यापक रूप से उपयोग होता है।

## लिथियम ट्राइएंगल:

- अर्जेंटीना **लिथियम ट्राइएंगल** में शामिल है, जो दक्षिण अमेरिका के एंडीज पर्वतों में अर्जेंटीना, बोलीविया और चिली को कहा जाता है। इन तीन देशों के पास दुनिया की 75% से अधिक लिथियम आपूर्ति मौजूद है।

# 5. अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी

## वीमेन इन स्पेस लीडरशिप प्रोग्राम (WiSLP)

- **विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST)** ने ब्रिटिश काउंसिल के सहयोग से 24 सितंबर, 2024 को **"अंतरिक्ष नेतृत्व में महिलाएं कार्यक्रम" (Women in Space Leadership Programme: WiSLP)** लॉन्च किया।
- यह कार्यक्रम **यूके-भारत शिक्षा और अनुसंधान पहल (UKIERI)** के तहत शुरू किया गया है।
- इसका उद्देश्य अंतरिक्ष विज्ञान में **महिला नेतृत्व** को बढ़ावा देने के लिए जेंडर-समावेशी गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है।
- **कोवेंट्री विश्वविद्यालय** इस पहल में वितरण भागीदार के रूप में काम कर रहा है।

## चंद्रयान-4 मिशन को मंजूरी

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने चंद्रमा पर उतरने के बाद पृथ्वी पर लौटने और चंद्रमा के सैंपल एकत्र करके उनका विश्लेषण करने हेतु **चंद्रयान-4** मिशन को मंजूरी दी है।
- **उद्देश्य:**
  - चंद्रमा पर भारतीय लैंडिंग और सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापसी के लिए **प्रौद्योगिकियों का विकास और प्रदर्शन** करना।
  - **डॉकिंग/अनडॉकिंग, लैंडिंग, पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी,** और **मून सैंपल कलेक्शन** जैसे प्रमुख प्रौद्योगिकी प्रदर्शन को पूरा करना।
- चंद्रयान-4 मिशन के लिए बजट: ₹2104.06 करोड़
- इस लागत में अंतरिक्ष यान विकास, LVM3 के दो लॉन्च वाहन मिशन, बाहरी डीप स्पेस नेटवर्क समर्थन, और डिजाइन सत्यापन के लिए विशेष परीक्षण आयोजित करना शामिल है।
- यह मिशन **मून सैंपल** के साथ सफलतापूर्वक वापसी से संबंधित है, इससे भारत महत्वपूर्ण आधारभूत प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भर हो सकेगा।

## नेक्स्ट जनरेशन लॉन्च व्हीकल (NGLV) के विकास को मंजूरी

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **नेक्स्ट जनरेशन लॉन्च व्हीकल (Next Generation Launch Vehicle: NGLV)** के विकास को मंजूरी दी है।
- यह भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना और संचालन तथा 2040 तक चंद्रमा पर भारतीय मानवयुक्त मिशन की क्षमता विकसित करने के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

| NGLV की विशेषताएं | NGLV का विकास |
|---|---|
| • NGLV में **LVM3 की तुलना में 1.5 गुना कम लागत** और वर्तमान पेलोड क्षमता का **3 गुना अधिक** होगा।<br>• इसे **री-यूजेबल** (फिर से उपयोग करने योग्य) बनाया जाएगा।<br>• इसे पृथ्वी की निचली कक्षा (LEO) में **30 टन की अधिकतम पेलोड क्षमता** के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें री-यूजेबिलिटी फर्स्ट स्टेज है। | • इसका प्रदर्शन **तीन विकास उड़ानों** (D1, D2 & D3) के साथ किया जाएगा।<br>• इसके विकास चरण को पूरा करने के लिए लक्ष्य **96 महीने (8 वर्ष)** का है।<br>• इस हेतु स्वीकृत कुल निधि **₹8240 करोड़** है, जिसमें विकास लागत, तीन विकासात्मक उड़ानें, आवश्यक सुविधा स्थापना, कार्यक्रम प्रबंधन, और लॉन्च अभियान शामिल हैं। |

**NGLV के लाभ:**

- NGLV का विकास भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन, चंद्र और अन्य ग्रहों के अन्वेषण मिशन, और संचार व अर्थ ऑब्जरवेशन सैटेलाइट्स को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजने में मदद करेगा।
- इससे **राष्ट्रीय और वाणिज्यिक अंतरिक्ष मिशन** भी सक्षम होंगे, जिससे देश में संपूर्ण अंतरिक्ष इकोसिस्टम को लाभ मिलेगा।

**वर्तमान में भारत के लॉन्च व्हीकल्स:**

- **PSLV, GSLV, LVM3 और SSLV** के माध्यम से भारत वर्तमान में 10 टन तक के उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा (LEO) और 4 टन तक के उपग्रहों को भू-समकालिक स्थानांतरण कक्षा (GTO) में लॉन्च करने में आत्मनिर्भर है।

## भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (BAS) के निर्माण को मंजूरी

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **गगनयान कार्यक्रम** के दायरे का विस्तार करते हुए **भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (Bharatiya Anatriksh Station: BAS)** की पहली यूनिट के निर्माण को मंजूरी दी है।

**BAS की विशेषताएं:**

- **BAS-1** के पहले मॉड्यूल के विकास और इसके निर्माण एवं संचालन के लिए विभिन्न प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन और सत्यापन करने के लिए मिशन शुरू किए जाएंगे।
- **गगनयान कार्यक्रम** में संशोधन करते हुए, नए विकास और चल रहे कार्यक्रमों को पूरा करने के लिए **मानवरहित मिशन** और अतिरिक्त हार्डवेयर की आवश्यकता को शामिल किया गया है।
- **दिसंबर 2028** तक **BAS-1** की पहली यूनिट को लॉन्च करने के लिए **8 मिशनों** के माध्यम से प्रौद्योगिकी विकास और प्रदर्शन को पूरा किया जाएगा।
- **नोट:** भारत ने 2035 तक एक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और 2040 तक **चंद्रमा पर भारतीय लैंडिंग** का लक्ष्य निर्धारित किया है।

## वीनस ऑर्बिटर मिशन (VOM) के विकास को मंजूरी

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वीनस ऑर्बिटर मिशन (VOM) के

विकास को मंजूरी दे दी है।

- यह चंद्रमा और मंगल से परे शुक्र ग्रह की खोज और अध्ययन के सरकार के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।
- शुक्र ग्रह, पृथ्वी का सबसे निकटतम ग्रह है और माना जाता है कि इसका निर्माण पृथ्वी के समान परिस्थितियों में हुआ था।
- इस मिशन के तहत शुक्र ग्रह की सतह और उपसतह, वायुमंडलीय प्रक्रियाओं और शुक्र के वायुमंडल पर सूर्य के प्रभाव के अध्ययन हेतु शुक्र ग्रह की कक्षा में अंतरिक्ष यान परिक्रमा करेगा।
- वीनस ऑर्बिटर मिशन (VOM) के लिए स्वीकृत कुल राशि: 1236 करोड़ रुपये
- अंतरिक्ष यान पर व्यय: 824.00 करोड़ रुपये

**शुक्र ग्रह (Venus)**

- शुक्र, सूर्य से दूसरा ग्रह है और पृथ्वी का निकटतम पड़ोसी ग्रह है।
- यह चार आंतरिक, स्थलीय (या चट्टानी) ग्रहों में से एक है, और इसे अक्सर पृथ्वी का जुड़वां कहा जाता है क्योंकि आकार और घनत्व में दोनों ग्रह समान हैं।
- जुड़वां ग्रह कहे जाने के बावजूद शुक्र और पृथ्वी में काफी अंतर हैं। शुक्र के पास कार्बन डाइऑक्साइड से भरा एक घना, जहरीला वातावरण है और यह लगातार सल्फ्यूरिक एसिड के घने, पीले बादलों में डूबा रहता है जो गर्मी को फांसता है, जिससे अधिक ग्रीनहाउस प्रभाव पैदा होता है।
- सौरमंडल के अधिकांश अन्य ग्रहों की विपरीत शुक्र अपनी धुरी पर पीछे की ओर घूमता है। इसका मतलब है कि शुक्र पर सूर्य पश्चिम में उदय होता है और पूर्व में अस्त होता है।

**शुक्र ग्रह पर विभिन्न मिशन**

- शुक्र वह पहला ग्रह था जिसे नासा के मेरिनर-2 ने 14 दिसंबर, 1962 को फ्लाई बाय/एक्सप्लोर किया था।
- हाल के वीनस मिशनों में यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) की "वीनस एक्सप्रेस" और जापान की "अकात्सुकी वीनस क्लाइमेट ऑर्बिटर" शामिल हैं।
- जून 2021 में, शुक्र के लिए तीन नए मिशनों की घोषणा की गई।
    - NASA ने दो नए मिशनों (VERITAS और DAVINCI) की घोषणा की।
    - ESA ने एक (EnVision) की घोषणा की।

## पोलारिस डॉन मिशन



**जेरेड आइसेकमैन**
मिशन कमांडर



**किड पोटेट**
पायलट



**सारा गिलिस**
मिशन स्पेशलिस्ट



**अन्ना मेनन**
मिशन स्पेशलिस्ट

- पोलारिस डॉन मिशन 10 सितंबर 2024 को स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट से प्रक्षेपित किया गया।
- यह इसाकमैन और एलन मस्क के स्पेसएक्स का संयुक्त मिशन है।
- इस मिशन के क्रू ड्रैगन कैप्सूल "रेजिलिएंस" में 4 लोगों को लगभग पांच दिन के लिए अंतरिक्ष कक्षा में भेजा गया।
- यह पोलारिस कार्यक्रम के तहत तीन परीक्षण और विकास मिशनों में से पहला है।
- इसमें एस्ट्रोनॉट ने पृथ्वी से करीब 700 Km ऊपर स्पेस में स्पेसवॉक की। यह दुनिया की पहली प्राइवेट स्पेसवॉक थी।
- इसमें एस्ट्रोनॉट **जेरेड आइसेकमैन और सारा गिलिस** ने पृथ्वी से 700 किमी ऊपर स्पेस वॉक की।
- इसका उद्देश्य **स्पेसवॉक करना और ह्यूमन हेल्थ से जुड़े एक्सपेरिमेंट** करना था।
- इस मिशन के दौरान ह्यूमन हेल्थ से जुड़ी 36 रिसर्च स्टडी और एक्सपेरिमेंट भी किए गए।
- इसके अलावा स्पेस में स्टारलिंक के लेजरबेस्ड कम्युनिकेशन की टेस्टिंग की गई।
- नोट: **फाल्कन 9 दुनिया का पहला ऑर्बिटल क्लास रीयूजेबल टू स्टेज-रॉकेट** है, जिसे स्पेसएक्स द्वारा विकसित किया गया है।
- यह ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट 7 एस्ट्रोनॉट को स्पेस में ले जाने में सक्षम है। यह **एकमात्र प्राइवेट स्पेसक्राफ्ट** है जो इंसानों को स्पेस स्टेशन तक ले जाता है और वापस लाता है।
- इसके तहत अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष के एक क्षेत्र से गुजरते हुए गए, जिसे वैन एलन बेल्ट (Van Allen belt) के रूप में जाना जाता है।
    - इसमें रेडिएशन का उच्च स्तर होता है, लेकिन क्रू मेंबर्स को अंतरिक्ष यान और उनके नए एडवांस स्पेससूट द्वारा संरक्षित किया जाएगा।

**स्पेसवॉक**

- स्पेसवॉक या एक्स्ट्रावेहिकुलर एक्टिविटी (EVA) अंतरिक्ष में एक अंतरिक्ष यात्री द्वारा अंतरिक्ष यान के बाहर बिताई गई गतिविधि की अवधि है।
- सोवियत अंतरिक्ष यात्री एलेक्सी लियोनोव द्वारा 18 मार्च, 1965 को पहली बार स्पेसवॉक किया गया था।

# रक्षा प्रौद्योगिकी

## INS मालपे और INS मुल्की

- यह भारतीय नौसेना के लिए स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित दो पनडुब्बी रोधी युद्ध शैलो वाटरक्राफ्ट (Anti-Submarine Warfare Shallow Watercrafts) है।
- इन्हें 9 सितंबर 2024 को कोचीन शिपयार्ड में लॉन्च किया गया।
- ये पोत तटीय जल में पनडुब्बी रोधी अभियान, कम तीव्रता वाले समुद्री और माइन बिछाने के अभियान, समुद्री सतह के नीचे निगरानी तथा खोज और बचाव अभियानों में सक्षम हैं।
- ये हल्के वजन वाले टॉरपीडो, पनडुब्बी रोधी युद्ध रॉकेट, एक क्लोज-इन हथियार प्रणाली और रिमोट-नियंत्रित बंदूकों से लैस हैं।

## FWD 200B: भारत का पहला स्वदेशी लड़ाकू मानवरहित विमान

- फ्लाइंग वेज डिफेंस एंड एयरोस्पेस (FWDA) ने स्वदेश निर्मित देश का पहला लड़ाकू मानव रहित हवाई वाहन (UAV), FWD 200B का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया।
- इसके बाद भारत एडवांस्ड मानव-रहित लड़ाकू विमान से लैस देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है।
- FWD 200B को मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस (MALE) मानव रहित लड़ाकू हवाई वाहन (UCAV) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
- इसकी लागत आयातित अमेरिकी ड्रोन का केवल दसवां हिस्सा है।
- **विशेषताएं:**
  - उड़ान ऊंचाई: 12,000 फीट, अधिकतम 15,000 फीट तक
  - क्रूज गति: 152 किमी प्रति घंटा
  - अधिकतम गति: 250 किमी प्रति घंटा
  - उड़ान क्षमता: 7 घंटे
  - रेंज: 800 किमी

## वर्टिकल लॉन्च शॉर्ट रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल (VL-SRSAM) का उड़ान परीक्षण

- इसका उड़ान सफल परीक्षण रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) और भारतीय नौसेना ने 12 सितंबर, 2024 को ओडिशा के तट पर चांदीपुर में किया।
- इसका परीक्षण जमीन पर स्थित वर्टीकल लांचर से किया गया और एक उच्च गति वाले हवाई लक्ष्य को सफलतापूर्वक निशाना बनाया गया।
- मिसाइल सिस्टम ने लक्ष्य को सफलतापूर्वक ट्रैक किया और उस पर प्रहार किया।

## एडवांस्ड बैलिस्टिक्स फॉर हाई एनर्जी डिफेट (ABHED)

- यह हल्के वजन वाले बुलेट प्रूफ जैकेट है।
- इस हेतु रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली (IIT-Delhi) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- **जैकेट की विशेषताएं:**
  - पॉलिमर और स्वदेशी बोरॉन कार्बाइड सिरेमिक सामग्री से बने हैं।
  - उच्चतम खतरे के स्तर का सामना करने में सक्षम।
  - BIS स्तर के अनुसार वजन: 8.2 किलोग्राम और 9.5 किलोग्राम के बीच।
  - मॉड्यूलर डिज़ाइन के साथ 360 डिग्री सुरक्षा प्रदान करते हैं।

## परम रुद्र सुपरकंप्यूटर तथा 'अर्का' और 'अरुणिका' HPC

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 सितंबर 2024 को तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर (PARAM Rudra Supercomputers) और हाई-परफॉरमेंस कंप्यूटिंग (HPC) सिस्टम राष्ट्र को समर्पित किए।
- राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (NSM) के तहत स्वदेशी रूप से विकसित इन सुपरकंप्यूटरों को अग्रणी वैज्ञानिक अनुसंधान की सुविधा के लिए **पुणे, दिल्ली और कोलकाता में स्थापित** किया गया है।

### परम रुद्र सुपरकंप्यूटर

- पुणे स्थित जायंट मीटर रेडियो टेलीस्कोप (GMRT) फास्ट रेडियो बर्स्ट (FRBs) और अन्य खगोलीय घटनाओं का पता लगाने के लिए इसका उपयोग किया जाएगा।
- दिल्ली में इंटर-यूनिवर्सिटी एक्सेलरेटर सेंटर (IUAC) में यह सुपरकंप्यूटर मटेरियल साइंस और एटॉमिक फिजिक्स जैसे क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा देगा।
- कोलकाता स्थित एस.एन. बोस केंद्र में यह सुपरकंप्यूटर भौतिकी, ब्रह्मांड विज्ञान और पृथ्वी विज्ञान जैसे क्षेत्रों में एडवांस्ड अनुसंधान को बढ़ावा देगा।

### हाई-परफॉरमेंस कंप्यूटिंग (HPC)

- प्रधानमंत्री ने मौसम और जलवायु अनुसंधान के लिए तैयार की गई प्रणाली **'अर्का' और 'अरुणिका' (Arka and Arunika)** का भी लोकार्पण किया।
- इन HPC प्रणालियों को भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) **पुणे** और राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र (NCMRWF) **नोएडा** में स्थापित किया गया है।
- ये हाई-रिज़ॉल्यूशन मॉडल उष्णकटिबंधीय चक्रवातों, भारी वर्षा, आंधी, ओलावृष्टि, हीट वेव, सूखे और अन्य महत्वपूर्ण मौसम संबंधी घटनाओं की सटीक भविष्यवाणी में मदद करेंगे।

## मल्टीड्रग रोधी तपेदिक (MDR-TB) के लिए एक नई उपचार पद्धति BPaLM उपचार को मंजूरी

- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (NTEP) के तहत मल्टीड्रग रोधी तपेदिक

(MDR-TB) के लिए एक नई उपचार पद्धति BPaLM को मंज़ूरी दी है।

- BPaLM उपचार में बेडाक्विलाइन, प्रेटोमैनिड, लाइनज़ोलिड और मोक्सीफ्लोक्सासिन (Bedaquiline, Pretomanid, Linezolid, and Moxifloxacin) का संयोजन शामिल है।
- यह उपचार 20 महीने के बजाय छह महीने का विकल्प प्रदान करता है, जिसमें कम साइड इफेक्ट्स और उच्च सफलता दर होती है।
- इससे उपचार का समय और खर्च दोनों कम हो जाएंगे।
- भारत में MDR-TB के लिए विश्व का सबसे बड़ा टीबी प्रयोगशाला नेटवर्क है।
- भारत 2025 तक टीबी उन्मूलन की दिशा में काम कर रहा है, जो वैश्विक लक्ष्य से पांच साल पहले है।

### न्यूरालिंक के एक्सपेरिमेंटल इम्प्लांट "ब्लाइंडसाइट" को "ब्रेकथ्रू डिवाइस" का दर्जा

- एलोन मस्क के ब्रेन-चिप स्टार्टअप न्यूरालिंक के एक्सपेरिमेंटल इम्प्लांट "ब्लाइंडसाइट" (Blindsight) को अमेरिकी फ़ूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (USFDA) ने "ब्रेकथ्रू डिवाइस" का दर्जा दिया है।
- ब्लाइंडसाइट डिवाइस दृष्टि बहाल कर सकता है और उन लोगों की मदद करेगा जिन्होंने अपनी दोनों आँखें और ऑप्टिक तंत्रिका खो दी हैं।
- FDA का ब्रेकथ्रू टैग उन चिकित्सा उपकरणों को दिया जाता है जो घातक बीमारियों का उपचार या डाइग्नोस्टिक प्रदान करते हैं।
- एलोन मस्क की न्यूरालिंक कंपनी एक ब्रेन चिप इंटरफ़ेस बना रही है जिसे मानव खोपड़ी के भीतर प्रत्यारोपित किया जा सकता है।
- न्यूरालिंक का उपकरण मानव तंत्रिका संकेतों को प्रोसेस करता है और उन्हें कंप्यूटर या फोन जैसे डिवाइस में संप्रेषित करता है।
- उद्देश्य: डिवाइस द्वारा दिव्यांग रोगियों को फिर से चलने, संवाद करने और नेत्रहीनों की दृष्टि बहाल करने में मदद करना।

### वरुण अभ्यास 2024

- यह भारतीय नौसेना और फ्रांसीसी नौसेना के मध्य आयोजित होने वाला अभ्यास है।
- यह नौसैनिक अभ्यास 2-4 सितंबर 2024 तक भूमध्य सागर में आयोजित किया गया।
- यह द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 1993 में शुरू हुआ था और 2001 में इसे 'वरुण' नाम दिया गया।

### "युद्ध अभ्यास-2024 (Exercise YUDH ABHYAS-2024)"

- यह भारत-संयुक्त राज्य अमेरिका का संयुक्त सैन्य अभ्यास है।
- यह 9-22 सितंबर 2024 को राजस्थान के बीकानेर में महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में आयोजित किया गया।
- यह अभ्यास 2004 से भारत और अमेरिका में बारी-बारी से प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है।

### ईस्टर्न ब्रिज अभ्यास 2024

- यह भारत और ओमान की वायु सेनाओं के बीच होने वाला अभ्यास है।
- यह 11 से 22 सितंबर 2024 तक ओमान के एयर फोर्स बेस मसीराह में आयोजित हुआ।
- यह ईस्टर्न ब्रिज अभ्यास का सातवां संस्करण है।

### अल नजाह अभ्यास 2024

- यह भारत और ओमान के बीच आयोजित होने वाला संयुक्त सैन्य अभ्यास (थल सेना) है।
- यह अभ्यास 13 से 26 सितंबर 2024 तक ओमान के सलालाह में रबकूट प्रशिक्षण क्षेत्र में आयोजित किया गया।
- यह अभ्यास रेगिस्तानी वातावरण में सैन्य संचालन पर केंद्रित है।

### ओशन 2024 ड्रिल

- यह रूस का सबसे बड़ा नौसैनिक अभ्यास है।
- ओशन 2024 ड्रिल प्रशांत और आर्कटिक महासागरों के साथ भूमध्य सागर, कैस्पियन और बाल्टिक समुद्रों में एक साथ आयोजित की गई।
- इस अभ्यास का उद्देश्य रूसी नौसेना और वायु सेना की लड़ाकू तत्परता का आकलन करना है।
- इस अभ्यास में चीन ने भी हिस्सा लिया।

# 6. खेल परिदृश्य

## पेरिस पैरालम्पिक खेल-2024

- **संस्करण**: 17वाँ
- **मेजबान**: पेरिस (फ्रांस)
- **सम्मिलित देश**: 169 (NPA और RPT टीम सहित)
- **प्रतिस्पर्धाएँ**: 22 खेलों के 549 इवेंट
- **शुभारम्भ**: 28 अगस्त, 2024
- **समापन**: 8 सितंबर, 2024
- **शुभंकर**: फ्रीजेस (The Phryges)
- **ध्येय वाक्य (Motto)**: 'गेम्स वाइड ओपन' (French: Ouvrons Grand les Jeux)
- **उद्घाटन समारोह में भारतीय ध्वजवाहक**: सुमित अंतिल (भाला फेंक) और भाग्यश्री जाधव (शॉटपुट)।
- **समापन समारोह में भारतीय ध्वजवाहक**: हरविंदर सिंह (तीरंदाज) और प्रीति पाल (स्प्रिंटर)।
- **पिछला संस्करण**: 16वें पैरालम्पिक खेलों का आयोजन टोक्यो (जापान) में 24 अगस्त से 5 सितंबर, 2021 को हुआ था।
- फ्रांस ने पैरालम्पिक खेलों की मेजबानी दूसरी बार की है। इससे पहले वर्ष 1992 में इनका आयोजन फ्रांस के टिग्नेस और अल्बर्टविले में हुआ था।
- पेरिस शहर ने पैरालम्पिक खेलों की मेजबानी पहली बार की है।

**पदक तालिका**

| रैंक | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चीन | 94 | 76 | 50 | 220 |
| 2 | ग्रेट ब्रिटेन | 49 | 44 | 31 | 124 |
| 3 | संयुक्त राज्य अमेरिका | 36 | 42 | 27 | 105 |
| 4 | नीदरलैण्ड्स | 27 | 17 | 12 | 56 |
| 5 | ब्राजील | 25 | 26 | 38 | 89 |
| 18 | भारत | 7 | 9 | 13 | 29 |

**भारत का प्रदर्शन**:

- **भारत का स्थान**: 18वाँ (7 स्वर्ण, 9 रजत, 13 कांस्य; कुल 29 पदक)
- **भारत ने पेरिस पैरालम्पिक खेलों में** एथलेटिक्स में सर्वाधिक 17 पदक जीते। (4 स्वर्ण, 6 रजत, 7 कांस्य पदक)
- **प्रतिभागी**: भारत के 84 पैराएथलीट्स (अब तक के सर्वाधिक) ने 12 खेलों में भाग लिया।
  - भारतीय एथलीटों ने तीन नए खेलों: पैरा साइकिलिंग, पैरा रोइंग और ब्लाइंड जूडो में हिस्सा लिया।
- **टोक्यो पैरालम्पिक**: 54 भारतीय एथलीटों ने 9 खेलों में भाग लिया और 19 पदक जीते थे।

**भारत के पदक विजेता**

| खिलाड़ी | पदक | खेल | स्पर्द्धा |
|---|---|---|---|
| अवनि लेखरा | स्वर्ण | शूटिंग | महिला 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग SH1 |
| नितेश कुमार | स्वर्ण | बैडमिंटन | पुरुष एकल SL3 |
| सुमित अंतिल | स्वर्ण | एथलेटिक्स | जेवलिन थ्रो F64 (पुरुष) |
| हरविंदर सिंह | स्वर्ण | तीरंदाजी | व्यक्तिगत रिकर्व ओपन (पुरुष) |
| धरमबीर सिंह | स्वर्ण | एथलेटिक्स | क्लब थ्रो F51 |
| प्रवीण कुमार | स्वर्ण | एथलेटिक्स | पुरुष हाई जंप T64 |
| नवदीप | स्वर्ण | एथलेटिक्स | जेवलिन थ्रो F41 (पुरुष) |
| मनीष नरवाल | रजत | शूटिंग | पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल SH1 |
| निषाद कुमार | रजत | एथलेटिक्स | पुरुष हाई जंप T47 |
| योगेश कथूनिया | रजत | एथलेटिक्स | पुरुष डिस्कस थ्रो F56 |
| तुलसीमति मुरुगेसन | रजत | बैडमिंटन | महिला एकल SUS |
| शरद कुमार | रजत | एथलेटिक्स | पुरुष ऊँची कूद T63 |
| अजीत सिंह यादव | रजत | भाला फेंक | F-46 स्पर्द्धा (पुरुष) |
| सुहास यथिराज | रजत | बैडमिंटन | पुरुष एकल SL4 |
| प्रणव सूरमा | रजत | एथलेटिक्स | क्लब थ्रो F51 |
| सचिन सरजेराव | रजत | एथलेटिक्स | शॉटपुट F46 (पुरुष) |
| मोना अग्रवाल | कांस्य | शूटिंग | महिला 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग SH1 |
| प्रीति पाल | कांस्य | एथलेटिक्स | महिला 100 मीटर T35 |
| रुबीना फ्रांसिस | कांस्य | शूटिंग | महिला 10 मीटर एयर पिस्टल SH1 |
| प्रीति पाल | कांस्य | एथलेटिक्स | महिला 200 मीटर T35 |
| मनीषा रामदास | कांस्य | बैडमिंटन | महिला एकल SU5 |
| राकेश कुमार / शीतल देवी | कांस्य | तीरंदाजी | मिश्रित टीम कंपाउंड ओपन |
| निथ्या श्री सिवान | कांस्य | बैडमिंटन | महिला एकल SH6 |
| सुंदर सिंह गुर्जर | कांस्य | भाला फेंक | F-46 स्पर्द्धा (पुरुष) |
| दीप्ति जीवनजी | कांस्य | एथलेटिक्स | महिला 400 मीटर T20 |
| मरियप्पन थंगावेलु | कांस्य | एथलेटिक्स | ऊँची कूद T63 |
| कपिल परमार | कांस्य | जूडो | J1-60 किग्रा श्रेणी |
| सिमरन शर्मा | कांस्य | एथलेटिक्स | 200 मीटर T12 (महिला) |
| होकातो होतोझे सेमा | कांस्य | एथलेटिक्स | शॉटपुट F57 (पुरुष) |

## दलीप ट्रॉफी 2024

- यह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) की घरेलू क्रिकेट की प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संबंधित है।
- दलीप ट्रॉफी के लिए चार टीमों (इंडिया ए, इंडिया बी, इंडिया सी, इंडिया डी) के बीच मैच 5-22 सितंबर 2024 को खेले गए।
- इसमें इंडिया ए ने फाइनल में इंडिया सी को 132 रन से हराकर ट्रॉफी जीती।
- इंडिया ए के शाश्वत रावत को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

## डायमंड लीग 2024

- जेवेलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने 14 सितंबर 2024 को बेल्जियम के ब्रुसेल्स में डायमंड लीग फाइनल में रजत पदक जीता।
- नीरज चोपड़ा 87.86 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक से मात्र 1 सेंटीमीटर की दूरी से चूक गए।
- पेरिस ओलम्पिक के कांस्य पदक विजेता एंडरसन पीटर्स ने 87.87 मीटर की दूरी पर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता।

## विश्व जूनियर वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में धनुप ने जीता कांस्य पदक

- भारत के भारोत्तोलक लोगानाथन धनुप ने 20 सितंबर 2024 को लियोन (स्पेन) में आयोजित विश्व जूनियर भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता।
- धनुप ने 55 किग्रा भार वर्ग में कुल 231 किग्रा (स्नैच में 107 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 124 किग्रा) वजन उठाया।

## डूरंड कप 2024

- यह एशिया का सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट है।
- इसके 33वें संस्करण के फाइनल में नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड ने पेनल्टी शूटआउट में मोहन बागान को 4-3 से हराकर पहली बार ट्रॉफी जीती।
- नॉर्थ ईस्ट के गोलकीपर गुरमीत सिंह ने पेनल्टी शूटआउट में दो बचाव किए और उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

## 45वीं शतरंज ओलंपियाड

- अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (FIDE) के तत्वावधान में 45वें शतरंज ओलंपियाड का आयोजन बुडापेस्ट (हंगरी) में 10-23 सितंबर 2024 को हुआ।
- भारत ने ओपन और महिला वर्ग दोनों में स्वर्ण पदक जीते।

  **टीम पुरस्कार:**
  - **हैमिल्टन रसेल कप (ओपन वर्ग)**: अर्जुन एरिगासी, रमेशबाबू प्रगननंधा, डोम्माराजू गुकेश, विदित गुजराती, पेंटाला हरिकृष्णा।
  - **वेरा मेनचिक कप (महिला वर्ग)**: वंतिका अग्रवाल, दिव्या देशमुख, हरिका ड्रानावली, वैशाली रमेशबाबू, तानिया सचदेव।

  **व्यक्तिगत श्रेणी में भारतीय स्वर्ण पदक विजेता:**
  - **ओपन बोर्ड 1**: डी. गुकेश।
  - **ओपन बोर्ड 3**: अर्जुन एरिगासी।
  - **महिला बोर्ड 3**: दिव्या देशमुख।
  - **महिला बोर्ड 4**: वंतिका अग्रवाल।

## अमेरिकी ओपन टेनिस 2024

- वर्ष 2024 के अंतिम ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट, अमेरिकी ओपन के 144वें संस्करण का आयोजन 26 अगस्त - 8 सितंबर 2024 को न्यूयॉर्क सिटी में हुआ।

| श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| **पुरुष एकल** | जेनिक सिनर (इटली) |
| **महिला एकल** | आर्यना सबालेंका (बेलारूस)। |
| **पुरुष युगल** | मैक्स पर्सेल और जॉर्डन थॉम्पसन (दोनों ऑस्ट्रेलिया)। |
| **महिला युगल** | ल्यूडमीला किचनोक (यूक्रेन) और जेलेना ओस्तापेंको (लातविया)। |

## भारत के जीवन - विजय ने हांगझू ओपन का पुरुष युगल खिताब जीता

- जीवन नेदुनचेझियान और विजय सुंदर प्रशांत की भारतीय जोड़ी ने हांगझू ओपन 2024 का पुरुष युगल खिताब जीता।
- यह इस जोड़ी का पहला एटीपी खिताब है।
- इन्होंने फाइनल में जर्मन जोड़ी कोन्स्टेनटेन फ्रेंटजेन और हेंड्रिक जेबेन्स को 4-6, 7-6, 10-7 से हराया।

## 8वीं पुरुष हॉकी एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी

- इसका आयोजन चीन के हुलुनबुइर शहर में 8-17 सितंबर 2024 को हुआ।
- इसके फाइनल में भारतीय टीम ने चीन को 1-0 से हराकर रिकॉर्ड 5वीं बार एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी जीती।
- इससे पहले भारत ने 2023, 2018, 2016, और 2011 में यह ट्रॉफी जीती थी।
- भारतीय टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुना गया। (7 गोल)

## अंडर-20 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप 2024

- इसका आयोजन 2-8 सितंबर 2024 को पोंटेवेद्रा (स्पेन) में किया गया। '
- भारतीय महिला पहलवानों ने इस प्रतियोगिता में 1 स्वर्ण, 1 रजत, और 3 कांस्य पदक जीते। पुरुष पहलवानों ने 2 कांस्य पदक जीते।

**भारत के पदक विजेता**

| भारतीय पहलवान | स्पर्द्धा | पदक |
|---|---|---|
| ज्योति बेरवाल | महिला 76 किग्रा | स्वर्ण |
| निकिता | महिला 62 किग्रा | रजत |
| नेहा | महिला 57 किग्रा | कांस्य |
| कोमल | महिला 59 किग्रा | कांस्य |
| सृष्टि | महिला 68 किग्रा | कांस्य |
| अंकुश | पुरुष 57 किग्रा | कांस्य |
| भुवनेश | पुरुष 61 किग्रा | कांस्य |

# 7. पुरस्कार एवं सम्मान

## स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पुरस्कार 2024

- केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 7 सितंबर 2024 को जयपुर में स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पुरस्कार 2024 प्रदान किए।
- इस वर्ष के आयोजन की मेजबानी राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने की थी।
- **नोट:** विजेता शहरों के नगर आयुक्तों को नकद पुरस्कार, ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया।

**सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शहर:**

- **श्रेणी-1 (10 लाख से अधिक जनसंख्या)**: सूरत, जबलपुर, आगरा।
- **श्रेणी-2 (3 से 10 लाख जनसंख्या)**: फिरोजाबाद, अमरावती, झांसी।
- **श्रेणी-3 (3 लाख से कम जनसंख्या)**: रायबरेली, नलगोंडा, नालागढ़।

## 'सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता - 2024'

- **घोषणा:** पर्यटन मंत्रालय द्वारा
- **घोषणा की तिथि:** 27 सितम्बर, 2024 (विश्व पर्यटन दिवस)
  • **उद्देश्य:** भारत की सांस्कृतिक और प्राकृतिक संपत्ति को संरक्षित करते हुए गाँवों में पर्यटन को बढ़ावा देना।
- इसमें 30 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 36 गाँवों को 8 श्रेणियों में विजेता घोषित किया गया।

**विजेता गाँव (2024):**

- **साहसिक पर्यटन श्रेणी:**
  - घुघमारस (छत्तीसगढ़), अरू (जम्मू-कश्मीर), कुतलुर (कर्नाटक), जखोल (उत्तराखण्ड)
- **कृषि पर्यटन श्रेणी:**
  - कुमारकोम (केरल), करडे (महाराष्ट्र), हंसली (पंजाब), सूपी (उत्तराखण्ड), वड़ानगर (प. बंगाल)
- **सामुदायिक पर्यटन श्रेणी:**
  - चित्रकोट (छत्तीसगढ़), मिनिकॉय आइलैंड (लक्षद्वीप), सियालसुक (मिजोरम), **देवमाली (राजस्थान),** अल्पना ग्राम (त्रिपुरा)
- **शिल्प श्रेणी:**
  - सुआलकुची (असम), प्राणपुर (मध्य प्रदेश), उम्देन (मेघालय), मणिबंध (ओडिशा), निर्मल (तेलंगाना)
- **विरासत श्रेणी:**
  - हाफेश्वर (गुजरात), आंद्रो (मणिपुर), माफ्लंग (मेघालय), कीलादि (तमिलनाडु), पुरा महादेव (उत्तर प्रदेश)
- **जिम्मेदार श्रेणी:**
  - दुधानि (दादर नगर हवेली व दमन एवं दीव), कडलुडे (केरल), तार विलेज (लद्दाख), सबरवानी (मध्य प्रदेश), लाडपुरा खास (मध्य प्रदेश)
- **आध्यात्मिक और कल्याण श्रेणी:**
  - अहोविलम (आंध्र प्रदेश), वंदोरा (गोवा), रिकीपीठ (झारखंड), मेलकलिंगम पट्टी (तमिलनाडु), सोमासिला (तेलंगाना)
- **वाइब्रेंट विलेज श्रेणी:**
  - हर्सिल और गुंजी (उत्तराखंड)

## राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार (2024)

- राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने 11 सितम्बर 2024 को नर्सिंग पेशेवरों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किए।
- इस वर्ष कुल 15 नर्सिंग कर्मियों को समुदाय के प्रति कर्तव्य और सेवा के प्रति उनकी उत्कृष्ट प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया।
- राजस्थान से नर्सिंग कर्मी राधे लाल शर्मा को भी राष्ट्रीय नाइटिंगेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- प्रत्येक विजेता को मेरिट प्रमाण-पत्र, ₹1 लाख की नकद राशि, और मेडल प्रदान किया गया।
- राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार की स्थापना स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा की गई।
- इसका उद्देश्य उत्कृष्ट नर्सिंग कर्मियों की सराहनीय सेवाओं को मान्यता देना और सम्मानित करना है।

## 54वाँ दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

- वरिष्ठ अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को देश के सिनेमा जगत के सर्वोच्च (54वें) दादा साहेब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- इसकी घोषणा 30 सितंबर 2024 को केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की।
- यह पुरस्कार उन्हें 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के वितरण समारोह में 8 अक्टूबर 2024 को प्रदान किया गया।
- इस पुरस्कार के तहत स्वर्ण कमल के साथ ₹10 लाख की राशि प्रदान की जाती है।
- मिथुन चक्रवर्ती ने 5 दशकों के कॅरियर में बंगाली, हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, ओडिया और भोजपुरी की 350 से अधिक फिल्मों में काम किया है।
- उन्होंने 1976 में 'मृगया' फिल्म से अपना कॅरियर शुरू किया था और इस फिल्म के लिए उन्हें पहला नेशनल अवॉर्ड मिला था।

- मिथुन को अब तक 3 बार नेशनल अवॉर्ड मिल चुका है। जनवरी 2024 में उन्हें पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया था।
- **नोट:** वर्ष 2023 में अभिनेत्री वहीदा रहमान को (53वें) दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

### राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार (2024)

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 5 सितंबर 2024 को वर्ष 2024 के लिए 82 शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया।
- यह समारोह नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया।
- पुरस्कृत शिक्षकों में 50 स्कूली शिक्षक, 16 उच्च शिक्षा संस्थानों के शिक्षक, और 16 कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के शिक्षक शामिल हैं।
    - चयनित 50 स्कूली शिक्षक 28 राज्यों, 3 केंद्र शासित प्रदेशों और 6 संगठनों से हैं।
    - इनमें 16 महिलाएं भी शामिल हैं।
- उच्च शिक्षा विभाग और कौशल एवं उद्यमिता मंत्रालय से संबंधित शिक्षकों को 2023 से इस पुरस्कार के दायरे में लाया गया था।
- प्रत्येक पुरस्कृत शिक्षक को प्रशस्ति पत्र, रजत पदक, और ₹50-50 हजार की नकद राशि प्रदान की गई।

**राजस्थान से दो शिक्षक सम्मानित**

- राजस्थान के दो शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया-
  1. **बलजिंदर सिंह बराड़ (श्रीगंगानगर)**
  2. **हुकम चंद चौधरी (बीकानेर)**
- बलजिंदर सिंह पंजाबी भाषा को बढ़ावा देने और 'पर्यावरण पाठशाला' के माध्यम से 'पीएम पोषण योजना' में योगदान दे रहे हैं।
- हुकम चंद चौधरी द्वारा बनाए गए एप और वेब पोर्टल कोरोना काल में छात्रों के लिए उपयोगी साबित हुए।

### ध्रुवी पटेल

- ध्रुवी पटेल ने अमेरिका के न्यू जर्सी में 20 सितंबर 2024 को सम्पन्न 'मिस इंडिया वर्ल्डवाइड 2024' का खिताब जीता।
- इसमें प्रथम रनरअप सूरीनाम की लिसा अब्दोएलहक और द्वितीय रनरअप नीदरलैंड की मालविका शर्मा रहीं।
- यह प्रतियोगिता न्यूयॉर्क की 'इंडिया फेस्टिवल कमेटी' द्वारा आयोजित की जाती है।

## SASTRA रामानुजन पुरस्कार 2024

- अलेक्जेंडर डन (Alexander Dunn) को 2024 का प्रतिष्ठित SASTRA रामानुजन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- यह पुरस्कार नंबर थ्योरी पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान प्रदान किया जाएगा।
    - यह 20-22 दिसंबर, 2024 को दक्षिण भारत के कुंभकोणम में SASTRA विश्वविद्यालय में आयोजित होगा।
    - कुंभकोणम रामानुजन का गृहनगर है।
- डन को विश्लेषणात्मक नंबर थ्योरी में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

**SASTRA रामानुजन पुरस्कार**

- यह पुरस्कार 2005 में स्थापित किया गया था।
- इसे युवा गणितज्ञों को रामानुजन के शोध विषय से प्रभावित क्षेत्रों में उनके योगदान के लिए दिया जाता है।
- पिछले पुरस्कार विजेता गणितज्ञों में मंजुल भार्गव (2005), टेरेंस ताओ (2006), अक्षय वेंकटेश (2008), पीटर स्कोल्ज़े (2013), जेम्स मेनार्ड (2014), और मैरीना वियाज़ोव्स्का (2017) शामिल हैं।

### 'लापता लेडीज' फिल्म 97वें ऑस्कर अवॉर्ड में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि बनी

- किरण राव द्वारा निर्देशित फिल्म **'लापता लेडीज'** को 97वें 'ऑस्कर अवॉर्ड (2025)' में सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्मों की श्रेणी में भारत की ओर से आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में चुना गया।
- इस फिल्म में रवि किशन, स्पर्श श्रीवास्तव, प्रतिभा रांता और नितांशी गोयल मुख्य कलाकार है।
- फिल्म की कहानी दो महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है—एक महिला अपने पति की तलाश में निकलती है, जबकि दूसरी महिला अपने पारिवारिक जीवन से भागकर स्वतंत्रता की खोज में है।

# 8. चर्चित व्यक्तित्व

**एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह**

- एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह को 21 सितंबर, 2024 को भारत का नया वायुसेना प्रमुख नियुक्त किया गया।
- उन्होंने 1 अक्टूबर, 2024 को एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी का स्थान लिया।
- उन्हें 21 दिसंबर, 1984 को भारतीय वायुसेना की लड़ाकू शाखा में शामिल किया गया था।
- वह एक योग्य उड़ान प्रशिक्षक और प्रायोगिक परीक्षण पायलट हैं।
- उनके पास 5,000 घंटे से अधिक की उड़ान भरने का अनुभव है।
- **सम्मान**: उन्हें 2019 में अति विशिष्ट सेवा पदक और 2023 में परम विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है।

**एयर मार्शल तेजिंदर सिंह**

- एयर मार्शल तेजिंदर सिंह 1 सितंबर, 2024 को भारतीय वायु सेना के उप-प्रमुख बने।
- एयर मार्शल तेजिंदर सिंह को 2007 में वायुसेना पदक और 2022 में अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है।

**आतिशी मर्लेना**

- आतिशी मर्लेना दिल्ली की नई मुख्यमंत्री नियुक्त की गई है।
- इन्होंने अरविन्द केजरीवाल का स्थान लिया।
- आतिशी मर्लेना ने 21 सितंबर, 2024 को दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।
- आतिशी मर्लेना दिल्ली की सबसे युवा मुख्यमंत्री बनीं है। उनसे पहले सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित मुख्यमंत्री रह चुकी हैं।
- उनके साथ सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन और मुकेश अहलावत ने भी मंत्री पद की शपथ ली।
- आतिशी कालकाजी सीट से तीन बार की विधायक हैं।

**शरत कमल**

- शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल को अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (ITTF) फाउंडेशन का पहला भारतीय राजदूत नियुक्त किया गया।
- उन्हें 1 सितम्बर, 2024 को जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में सम्मानित किया गया।
- शरत कमल के नाम कॉमनवेल्थ गेम्स में 13 पदक जीतने का रिकॉर्ड है।
- वह हाल ही में पेरिस ओलम्पिक के पुरुष ध्वजवाहक भी थे।

**तुहिन कांत पाण्डे**

- भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी तुहिन कांत पाण्डे को केंद्र सरकार में वित्त सचिव नियुक्त किया गया है।
- इन्होंने टीवी सोमनाथन (वर्तमान: कैबिनेट सचिव) का स्थान लिया।

**अमृत मोहन प्रसाद**

- भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अमृत मोहन प्रसाद को 13 सितंबर, 2024 को सशस्त्र सीमा बल (SSB) का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया।
- वह ओडिशा कैडर के 1989 बैच के अधिकारी हैं।
- उनका कार्यकाल 31 अगस्त, 2025 तक या अगले आदेश तक रहेगा।

**रामसेवक शर्मा**

- ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ONDC) ने आर. एस. शर्मा को अपना गैर-कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है।
- रामसेवक शर्मा पूर्व में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) के महानिदेशक, भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) के अध्यक्ष और राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के CEO रह चुके हैं।
- ONDC एक सरकारी ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म है, जो एक नेटवर्क-केंद्रित मॉडल पर काम करता है, जहाँ विक्रेता और खरीदार किसी भी प्लेटफ़ॉर्म या ऐप्लिकेशन के बिना लेन-देन कर सकते हैं।

**जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस एम. एस. रामचन्द्र राव**

- सितंबर 2024 में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालयों में नए मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई।
- जस्टिस सुरेश कुमार कैत ने 25 सितंबर, 2024 को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के 28वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।
- जस्टिस एम. एस. रामचन्द्र राव ने 25 सितंबर, 2024 को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के 16वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की।

**आलोक रंजन**

- आलोक रंजन को राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) का निदेशक नियुक्त किया गया है।
- यह मध्य प्रदेश कैडर के 1991 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी है।
- उनका कार्यकाल 30 जून, 2026 तक रहेगा।

**रणधीर सिंह**

- भारत के पूर्व निशानेबाज रणधीर सिंह 8 सितम्बर, 2024 को एशियाई ओलम्पिक परिषद (OCA) के अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए।
- वह 2024-28 तक इस पद पर रहेंगे।

**शिगेरू इशिबा**

- जापान की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी ने 27 सितम्बर, 2024 को शिगेरू इशिबा को देश का नया प्रधानमंत्री चुना है।

- इशिबा जापान के पूर्व रक्षा मंत्री रह चुके है।
- इन्होंने फुमियो किशिदा का स्थान लिया।

**माइकल बर्नियर**

- माइकल बर्नियर फ्रांस के प्रधानमंत्री नियुक्त किए गए है।
- इन्होंने 5 सितम्बर, 2024 प्रधानमंत्री पद ग्रहण किया।

**अनुरा दिसानायके**

- अनुरा कुमारा दिसानायके ने 23 सितम्बर, 2024 को श्रीलंका के 10वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।
- उन्होंने रानिल विक्रमसिंघे का स्थान लिया।

**हरिनी अमरसूर्या**

- यह श्रीलंका की प्रधानमंत्री बनी है।
- वह श्रीलंका की तीसरी महिला प्रधानमंत्री बनीं। उनसे पहले सिरिमाओ भंडारनायके और चंद्रिका कुमारतुंगा इस पद पर रह चुकी हैं।
- श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने हरिनी अमरसूर्या को 24 सितम्बर, 2024 को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई।

**अब्देलमदजीद तेब्बौने**

- अब्देलमदजीद तेब्बौने ने अल्जीरिया के राष्ट्रपति चुनाव जीता है।
- उन्हें 94.65 प्रतिशत मत मिले और वह दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति चुने गए।

**जफ़र हसन**

- जफ़र हसन जॉर्डन के प्रधानमंत्री नियुक्त किए गए है।
- इन्होंने 15 सितम्बर, 2024 प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।

**डिडिएर गिलाउम**

- डिडिएर गिलाउम मोनाको के मिनिस्टर ऑफ स्टेट बने है।
- इन्होंने 2 सितम्बर, 2024 प्रधानमंत्री पद ग्रहण किया।

**सलीमा इम्तियाज**

- सलीमा इम्तियाज को आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ डेवलपमेंट अंपायर्स में नामांकित किया गया।
- यह पाकिस्तान की पहली महिला आईसीसी अंपायर है।

## निधन

**सीताराम येचुरी**

- यह कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) के महासचिव थे।
- **इनका** 12 सितम्बर, 2024 को 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
- **यह** 2015 से सीपीआई (एम) के महासचिव थे।
- **यह** 2005 में राज्यसभा सांसद के रूप में चुने गए थे।

**केकी एन. दारूवाला:**

- यह मशहूर अंग्रेजी कवि और पूर्व आईपीएस अधिकारी थे।
- इनका 26 सितम्बर, 2024 को 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
- यह 1958 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी थे।
- इन्होंने रिसर्च एण्ड एनालिसिस विंग (रॉ) में भी सेवाएँ दीं।
- इन्होंने 1984 में साहित्य अकादमी पुरस्कार जीता।

**अरुणा वासुदेव**

- यह मशहूर फिल्म क्रिटिक और लेखिका थी।
- इनका 5 सितम्बर, 2024 को 88 वर्ष की आयु में निधन हुआ।
- यह 'एशियाई सिनेमा की माँ' के नाम से जानी जाती थीं।

# 9. चर्चित स्थल

**'श्री विजय पुरम': पोर्ट ब्लेयर का नया नाम**

- केंद्र सरकार ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर 'श्री विजय पुरम' (Sri Vijaya Puram) कर दिया है।
- श्री विजय पुरम नाम भारत के स्वतंत्रता संग्राम में हासिल की गई जीत और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की अद्वितीय भूमिका का प्रतीक है।
- यह द्वीपीय क्षेत्र चोल साम्राज्य के नौसैनिक अड्डे के रूप में भी कार्य करता था।
- इस स्थान पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने पहली बार तिरंगा फहराया था।
- इससे पहले रॉस द्वीप का नाम बदलकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप कर दिया था, जहां नेताजी को समर्पित एक राष्ट्रीय स्मारक का मॉडल प्रस्तुत किया गया।

**पुणे (महाराष्ट्र): भारत का पहला '$Co_2$-से-मेथनॉल पायलट प्लांट'**

- महाराष्ट्र के पुणे में थर्मैक्स लिमिटेड में भारत के पहले $Co_2$-से-मेथनॉल पायलट प्लांट की आधारशिला रखी गई।
- इस प्लांट की क्षमता 1.4 टन प्रति दिन (TPD) है और यह कार्बन कटौती और रूपांतरण प्रौद्योगिकी में एक अग्रणी प्रयास है।
- इस परियोजना को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), दिल्ली और थर्मैक्स लिमिटेड के बीच सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) के तहत कार्यान्वित किया जा रहा है।
- इसे केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत DST द्वारा समर्थित किया गया है।

**गोरखपुर (उत्तर प्रदेश): एशियन गिद्धों के लिए भारत का पहला संरक्षण और ब्रीडिंग केंद्र**

- उत्तर प्रदेश के गोरखपुर वन प्रभाग के कैंपियरगंज रेंज के भारीवैसी में 6 सितंबर 2024 को एशियन गिद्धों के लिए भारत के पहले संरक्षण और प्रजनन केंद्र का उद्घाटन किया गया।
- इस केंद्र को "जटायु संरक्षण और प्रजनन केंद्र" नाम दिया गया है।
- इस केंद्र का उद्देश्य एशियन किंग गिद्ध प्रजाति की आबादी में सुधार करना है।
- वर्ष 2007 से एशियन गिद्धों को अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) की लाल सूची में क्रिटिकली एंडेंजर्ड के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

**कलिंगनगर (ओडिशा): भारत की सबसे बड़ी ब्लास्ट फर्नेस**

- टाटा स्टील लिमिटेड ने ओडिशा के कलिंगनगर में अपने प्लांट के दूसरे चरण के विस्तार के तहत 'भारत की सबसे बड़ी ब्लास्ट फर्नेस' शुरू की है।
- यह लौह अयस्क को पिग आयरन (कच्चा लोहा) में परिवर्तित करने वाली एक रिएक्टर है, जो लौह और इस्पात उद्योग में उपयोग की जाती है।
- इस नई ब्लास्ट फर्नेस की क्षमता 5,870 $m^3$ है और यह टाटा स्टील की समग्र उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाएगी।
- यह फर्नेस ऑटोमोटिव, बुनियादी ढांचे, बिजली, जहाज निर्माण, और रक्षा सहित विभिन्न उद्योगों की मांगों को पूरा करने में सक्षम होगी।

**वाराणसी (उत्तर प्रदेश) : वैदिक-3D संग्रहालय**

- उत्तर प्रदेश सरकार वाराणसी में संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के मुख्य भवन में वैदिक-3D संग्रहालय का निर्माण करेगी।
- यह संग्रहालय भारतीय ज्योतिष, खगोल विज्ञान और वैदिक साहित्य को समर्पित होगा।
- वैदिक साहित्य के विकास को प्रदर्शित करते हुए 16 संस्कार, 64 कलाएं और 18 विद्या स्थलों के साथ-साथ भारतीय ऋषियों के योगदान पर प्रकाश डालेगा।

# 10. महत्वपूर्ण तथ्य

### "पार्टनरशिप फॉर कार्बन अकाउंटिंग फाइनेंशियल्स (PCAF)"

- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने 9 सितंबर को पार्टनरशिप फॉर कार्बन अकाउंटिंग फाइनेंशियल्स (PCAF) पर हस्ताक्षर करने का निर्णय लिया।
- यह भारत का पहला बैंक है जो PCAF पर हस्ताक्षर कर रहा है।
- यह कदम जलवायु जोखिम प्रबंधन और जलवायु से जुड़े जोखिम डिस्क्लोजर पर भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा जारी मसौदा दिशानिर्देशों के अनुरूप है।
- PCAF की शुरुआत 2015 में नीदरलैंड के 14 वित्तीय संस्थानों द्वारा ASN बैंक के नेतृत्व में की गई थी।
- यह पहल पेरिस समझौते के लिए वित्तीय उद्योग की पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाने का काम करती है।

### मनकीडिया समुदाय को औपचारिक रूप से हैबिटेट राइट्स प्रदान किए गए

- हाल ही में, ओडिशा के मनकीडिया समुदाय (Mankidia Community) को अनुसूचित जनजाति और अन्य पारंपरिक वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के तहत औपचारिक रूप से अधिवास का अधिकार (Habitat Rights) प्रदान किए गए।
- मनकीडिया ओडिशा में हैबिटेट राइट्स पाने वाला दूसरा विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (PVTG) है।
- जिला स्तरीय समितियों (DLC) द्वारा हैबिटेट राइट्स प्रदान किए जाते हैं।
- मनकीडिया समुदाय एक ऑस्ट्रो-एशियाई समुदाय है, जो मुख्य रूप से जंगलों से जीविका कमाता है।
- ओडिशा ने अब तक 6 PVTG समुदायों को हैबिटेट राइट्स प्रदान किए हैं, जो देश में सबसे अधिक है।

### पोषण माह कार्यक्रम 2024 संबंधी रैंकिंग

- केंद्र सरकार द्वारा आयोजित पोषण माह (Poshan Maah) के तहत महाराष्ट्र जागरूकता अभियान आयोजित करने में शीर्ष प्रदर्शन करने वाला राज्य बना है।
- **पोषण माह** कार्यक्रम एनीमिया की रोकथाम, विकास की निगरानी, सुशासन और प्रौद्योगिकी के माध्यम से प्रभावी सेवा वितरण पर केंद्रित है।
- हर साल सितंबर को पूरे देश में राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जाता है।

### चक्रवात असना (Cyclone Asna)

- चक्रवात असना एक दुर्लभ मौसम संबंधी घटना है, जो अरब सागर में उत्पन्न हुआ था।
- इस चक्रवात को "असना" नाम पाकिस्तान द्वारा दिया गया, जिसका अर्थ है "स्वीकार किया जाना या प्रशंसा के पात्र"।
- यह चक्रवात गुजरात के कच्छ तट और पाकिस्तान के आसपास के इलाकों में चक्रवात का रूप ले लिया था।
- चक्रवात असना अगस्त में भूमि-उत्पन्न (land-originating) एक दुर्लभ तूफान था, जिसने 16 अगस्त को बंगाल की खाड़ी में कम दबाव वाले क्षेत्र के रूप में शुरुआत की और पश्चिम की ओर बढ़ते हुए 30 अगस्त को कच्छ के पास अरब सागर में चक्रवात का रूप धारण किया।
- यह 1944 के बाद अगस्त में अरब सागर में उत्पन्न होने वाला केवल चौथा चक्रवात है।

### तंजावुर वीणा

- **तंजावुर वीणा (Thanjavur veena) देश का पहला संगीत वाद्य यंत्र है जिसे भौगोलिक संकेतक (GI) टैग** मिला है।
- इसके बाद आंध्र प्रदेश की बोब्बिली वीणा को भी GI टैग दिया गया है।
- वीणा के चार प्रकार होते हैं:
    - रुद्र वीणा और विचित्र वीणा (हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में लोकप्रिय)
    - सरस्वती वीणा और चित्रा वीणा (कर्नाटक शास्त्रीय संगीत में उपयोग)
- तंजावुर एकमात्र स्थान है जहां सरस्वती वीणा बनाई जाती है।

### पहला संयुक्त कमांडर सम्मेलन

- इसका आयोजन 4-5 सितम्बर, 2024 को लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में आयोजित किया गया।
- इसका विषय "*सशक्त और सुरक्षित भारत: सशस्त्र बलों में परिवर्तन" था।*
- इसमें रक्षा मंत्री और सशस्त्र बलों के शीर्ष अधिकारियों का नेतृत्व चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने भाग किया।

# 11. इंडेक्स एवं रिपोर्ट्स

## वैश्विक नवाचार सूचकांक 2024 (Global Innovation Index-GII 2024)

- **संस्था**: विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) द्वारा जारी।
- **पहला स्थान**: स्विटजरलैण्ड
- **अंतिम स्थान (133वाँ)**: अंगोला

**शीर्ष 5 देश**

1. स्विटजरलैण्ड
2. स्वीडन
3. अमेरिका
4. सिंगापुर
5. यूके

**भारत का प्रदर्शन**:

- भारत 38.3 के स्कोर के साथ 39वें स्थान पर रहा। (वर्ष 2023 में 40वें स्थान पर था।)
- **सूचीबद्ध भारतीय शहर**: मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरू और चेन्नई को विश्व के शीर्ष 100 प्रौद्योगिकी समूहों में शामिल किया गया।

## वैश्विक साइबर सुरक्षा सूचकांक (GCI) 2024

- संस्था: अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU) द्वारा जारी।
- GCI 2024 में देशों का मूल्यांकन पांच प्रमुख मापदंडों के आधार पर किया गया है:
    1. कानूनी
    2. तकनीकी
    3. संगठनात्मक
    4. क्षमता विकास
    5. सहयोग
- GCI 2024 में भारत 98.49 स्कोर के साथ टियर 1 में पहुंच गया है और 'रोल मॉडलिंग' देशों की श्रेणी में शामिल हो गया, जो साइबर सुरक्षा में सबसे उच्च स्तर है।
- इसमें 46 देशों को टियर 1 में रखा गया है, जिसमें भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश और पाकिस्तान भी शामिल हैं। यह सभी पाँच साइबर सुरक्षा मापदंडों में मजबूत प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं।
- अधिकांश देश (105) टियर 3 और टियर 4 में रखे गए हैं।
- GCI 2024 के अनुसार, अफ्रीका क्षेत्र ने 2021 के बाद से साइबर सुरक्षा में सबसे अधिक प्रगति की है।

## राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक (SFSI) 2024

- **संस्था:** भारतीय सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (Food Safety and Standards Authority of India - FSSAI) द्वारा जारी।
- यह सूचकांक राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के खाद्य सुरक्षा प्रदर्शन का वार्षिक मूल्यांकन करता है।
- **शीर्ष 5 राज्य:**
    1. केरल (लगातार दूसरे वर्ष)
    2. तमिलनाडु
    3. जम्मू और कश्मीर
    4. गुजरात
    5. नगालैण्ड


## एशिया पावर इंडेक्स 2024

- संस्था: ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित थिंक टैंक **लोवी इंस्टीट्यूट (Lowy Institute)** द्वारा जारी। ‘
- इस सूचकांक में **संयुक्त राज्य अमेरिका** पहले और **चीन** दूसरे स्थान पर है।
- **भारत** (स्कोर: 39.1 के साथ)एशिया पावर इंडेक्स 2024 में **तीसरे स्थान** पर है।
- यह इंडेक्स **27 देशों और क्षेत्रों** को उनके विदेशी नीति दिशा-निर्देश देने की क्षमता के आधार पर रैंक करता है।
- भारत ने **कोविड महामारी** के बाद उल्लेखनीय आर्थिक सुधार दिखाया है, जिसने इसकी आर्थिक क्षमता में **4.2 अंकों** की वृद्धि में योगदान दिया।
- **भारत की विशाल जनसंख्या** और मजबूत GDP वृद्धि, परचेजिंग पावर पैरिटी के मामले में, इसे दुनिया की **तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था** के रूप में स्थान देती है।

## IMD वर्ल्ड टैलेंट रैंकिंग 2024

- यह रैंकिंग स्विट्जरलैंड स्थित इंस्टीट्यूट फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट (IMD) द्वारा जारी की जाती है।
- इसमें 67 अर्थव्यवस्थाओं को शामिल किया गया है। इसे IMD वर्ल्ड कॉम्पिटिटिवनेस सेंटर (WCC) द्वारा प्रकाशित किया जाता है।
- इसके तहत स्विट्जरलैंड लगातार 11वें वर्ष दुनिया के सबसे प्रतिस्पर्धी देश के रूप में सूची में पहले स्थान पर है।
- इसमें भारत की रैंकिंग 2 स्थान गिरकर 56वें स्थान (2023 में) से 58वें स्थान (2024 में) पर हो गई है। भारत का समग्र स्कोर 40.7 है।
- इसमें अपील श्रेणी में भारत का प्रदर्शन पिछले वर्ष की तुलना में स्थिर रहा है और 2024 में 53वें स्थान पर रहा।
- भारत की रैंकिंग में तत्परता और निवेश व विकास श्रेणी में काफी गिरावट आई है।
- तत्परता श्रेणी में भारत की रैंकिंग 18 (2022 में) से घटकर 35 (2024 में) हो गई है। इसी तरह, निवेश और विकास में भारत की रैंकिंग 61 (2022 में) से घटकर 66 (2024 में) हो गई।

- इसमें भारत ने एशिया-प्रशांत देशों में 12वां स्थान हासिल किया है।




## टाइम 100 एआई 2024 सूची

- प्रसिद्ध अमेरिकी पत्रिका टाइम (TIME) ने 5 सितम्बर 2024 को 'टाइम 100 एआई 2024' शीर्षक से सूची जारी की।
- यह सूची उन 100 प्रभावशाली व्यक्तियों की है जिन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के क्षेत्र में विशेष योगदान दिया है। टाइम ने इस सूची को चार श्रेणियों में विभाजित किया है:
  1. लीडर्स (Leaders)
  2. इनोवेटर्स (Innovators)
  3. शेपर्स (Shapers)
  4. थिंकर्स (Thinkers)

| सूची में शामिल भारतीय (केवल **शेपर्स श्रेणी में शामिल है**) |
|---|
| 1. अश्विनी वैष्णव (रेल मंत्री)<br>2. अनिल कपूर (बॉलीवुड अभिनेता)<br>3. नंदन नीलेकणी (इंफोसिस के सह-संस्थापक) |

**सूची में शामिल भारतीय-अमेरिकी**

| **लीडर्स श्रेणी** | **इनोवेटर्स श्रेणी** | **थिंकर्स श्रेणी** | **शेपर्स श्रेणी** |
|---|---|---|---|
| • सुंदर पिचाई (गूगल और अल्फाबेट के सीईओ)<br>• सत्य नडेला (माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ)<br>• रोहित प्रसाद (अमेजन, एसवीपी और हेड साइंटिस्ट) | • अरविंद श्रीनिवास (CEO, पर्प्लेक्सिटी)<br>• शिव राव (एब्रिज के सह-संस्थापक)<br>• अनंत विजय सिंह (प्रोडक्ट लीड, प्रोटॉन) | • अंबा काक (सह-कार्यकारी निदेशक, एआई नाउ इंस्टीट्यूट)<br>• द्वारकेश पटेल (होस्ट, द्वारकेश पॉडकास्ट) | • अमनदीप सिंह गिल (संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रौद्योगिकी दूत)<br>• आरती प्रभाकर (US ऑफिस ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी पॉलिसी की डायरेक्टर)<br>• विनोद खोसला (संस्थापक, खोसला वेंचर्स)<br>• दिव्या सिद्धार्थ (को-फाउंडर, कलेक्टिव इंटेलिजेंस प्रोजेक्ट) |

## भारतीय राज्यों का सापेक्ष आर्थिक प्रदर्शन: 1960-61 से 2023-24 रिपोर्ट

- प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (EAC-PM) ने 'भारतीय राज्यों का सापेक्ष आर्थिक प्रदर्शन: 1960-61 से 2023-24' शीर्षक से एक वर्किंग पेपर जारी किया है।
- भारत के **पश्चिमी और दक्षिणी क्षेत्रों** ने 1960-61 से 2023-24 तक अन्य क्षेत्रों की तुलना में बेहतर आर्थिक प्रदर्शन किया है।
- मार्च 2024 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में 5 बड़े **दक्षिणी राज्यों** (कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु) ने मिलकर भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग **30%** का योगदान दिया।
- **महाराष्ट्र** अभी भी भारत की GDP में सबसे बड़ा योगदानकर्ता (**13.3%**) राज्य है।
- **गुजरात** का GDP में हिस्सा 2000-01 के 6.4% से बढ़कर 2022-23 में **8.1%** हो गया।
- **उत्तर प्रदेश** का GDP में योगदान 1960-61 के 14% से घटकर वर्तमान में **9.5%** रह गया है।
- **बिहार** GDP में **4.3%** का योगदान देता है। (यह भारत का तीसरा सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है।)
- **पश्चिम बंगाल** का राष्ट्रीय GDP में हिस्सा 1960-61 में **10.5%** था, जो अब 2023-24 में घटकर **5.6%** रह गया है।
- **दिल्ली, तेलंगाना, कर्नाटक और हरियाणा में वर्ष** 2023-24 में **प्रति व्यक्ति सापेक्ष आय सबसे अधिक** होगी।
  - दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत की तुलना में 250.8% अधिक है।
- **गुजरात** (राष्ट्रीय औसत का **160.7%) और महाराष्ट्र** (राष्ट्रीय औसत का **150.7%) ने वर्ष 1960 के दशक से औसत से अधिक आय बनाए रखी है।**
- ओडिशा की **प्रति व्यक्ति आय में** उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जो वर्ष 2000-01 में 55.8% से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 88.5% हो गयी है।

**सबसे अमीर भारतीय राज्य (सापेक्ष प्रति व्यक्ति आय के आधार पर)**

| **राज्य** | **1960-61** | **2023-24** |
|---|---|---|
| दिल्ली | 218.30% | 250.80% |
| तेलंगाना | - | 193.60% |
| कर्नाटक | 96.70% | 180.70% |
| हरियाणा | 106.90% | 176.80% |
| तमिलनाडु | 109.20% | 171.10% |

| महत्वपूर्ण दिवस | | |
|---|---|---|
| **तारीख** | **दिवस** | **महत्वपूर्ण तथ्य** |
| 2 सितंबर | **विश्व नारियल दिवस** | • वर्ष 2024 की थीम: कोकोनट फॉर ए सर्कुलर इकोनॉमी: बिल्डिंग पार्टनरशिप फॉर मैक्सिमम वैल्यू'<br>• विश्व नारियल दिवस का उद्देश्य नारियल के महत्व और कई देशों की आर्थिक स्थिरता में उनकी भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।<br>• एशियन पैसिफिक कोकोनट कम्युनिटी (APCC) ने 2009 में इस दिन की शुरुआत की थी। |
| 5 सितंबर | **अंतर्राष्ट्रीय चैरिटी दिवस** | • वर्ष 2024 की थीम: "गरीबी उन्मूलन के लिए वैश्विक एकजुटता"<br>• संयुक्त राष्ट्र ने 2012 में इस दिन की स्थापना गरीबी और मानवीय संकटों को कम करने के साधन के रूप में दान को बढ़ावा देने के लिए की थी।<br>• यह मदर टेरेसा की मृत्यु की वर्षगांठ को याद करता है, जो परोपकारी कार्य और करुणा का प्रतीक हैं। |
| 5 सितंबर | **शिक्षक दिवस (भारत)** | • भारत में शिक्षक दिवस 5 सितंबर को मनाया जाता है, जो डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन है, जो भारत के दूसरे राष्ट्रपति, सम्मानित दार्शनिक और शिक्षक थे। |
| 8 सितंबर | **अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस** | • वर्ष 2024 की थीम: 'बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देना: आपसी समझ और शांति के लिए साक्षरता'<br>• 1966 में यूनेस्को द्वारा स्थापित, अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का उद्देश्य साक्षरता के गरिमा और मानवाधिकार के रूप में महत्व को उजागर करना है। |
| 10 सितंबर | **विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस** | • वर्ष 2024 की थीम: "कार्रवाई के माध्यम से आशा पैदा करना"<br>• विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस 2003 से मनाया जा रहा है।<br>• यह विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम संघ (IASP) द्वारा आयोजित किया जाता है। |
| 11 सितंबर | **राष्ट्रीय वन शहीद दिवस** | • राष्ट्रीय वन शहीद दिवस उन लोगों को सम्मानित करता है जिन्होंने जंगलों और वन्यजीवों की रक्षा करते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया है।<br>• इसे पहली बार 2013 में मनाया गया था।<br>• यह 1730 के खेजड़ली नरसंहार को याद करती है, जिसमें राजस्थान में पेड़ों की रक्षा करते हुए बिश्नोई जनजाति के 360 सदस्य शहीद गए थे। |
| 14 सितंबर | **विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस** | • वर्ष 2024 की थीम: "डिजिटल दुनिया में प्राथमिक चिकित्सा"<br>• विश्व प्राथमिक चिकित्सा दिवस प्रत्येक वर्ष सितंबर के दूसरे शनिवार को मनाया जाता है।<br>• इसकी शुरुआत 2000 में इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेड क्रॉस एंड रेड क्रिसेंट सोसाइटीज (IFRC) द्वारा की गई थी। |
| 14 सितंबर | **हिंदी दिवस** | • वर्ष 2024 की थीम: "हिंदी – पारंपरिक ज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को जोड़ना"<br>• हिंदी दिवस 1949 में संविधान सभा द्वारा हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में अपनाने की स्मृति में मनाया जाता है। |
| 15 सितंबर | **अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस** | • यह दिवस 2007 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा स्थापित किया गया था।<br>• इसका उद्देश्य लोकतंत्र के सिद्धांतों को बढ़ावा देना और उनका पालन करना है। |
| 15 सितंबर | **इंजीनियर दिवस (भारत)** | • यह दिवस प्रख्यात भारतीय इंजीनियर सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के सम्मान में मनाया जाता है। |
| 16 सितंबर | **विश्व ओजोन दिवस** | • वर्ष 2024 की थीम: 'मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल: जलवायु कार्रवाई को आगे बढ़ाना'<br>• यह दिवस 1987 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर करने की स्मृति में मनाया जाता है।<br>• इसका उद्देश्य ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले पदार्थों को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करके ओजोन परत की रक्षा करना था। |

| | | |
|---|---|---|
| 17 सितंबर | **विश्व रोगी सुरक्षा दिवस** | • वर्ष 2024 की थीम: "रोगी सुरक्षा के लिए निदान में सुधार"<br>• विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा 2019 में स्थापित, विश्व रोगी सुरक्षा दिवस का उद्देश्य रोगी सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना और चिकित्सा त्रुटियों के जोखिम को कम करना है। |
| 18 सितंबर | **विश्व बांस दिवस** | • वर्ष 2024 की थीम: "अगली पीढ़ी का बांस: समाधान, नवाचार और डिजाइन"<br>• यह दिवस बांस के सतत उपयोग और संरक्षण को बढ़ावा देता है, जो एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है। |
| 21 सितंबर | **अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस (यूएन)** | • वर्ष 2024 की थीम: "शांति की संस्कृति का विकास करना।"<br>• यह दिवस विश्व स्तर पर शांति और अहिंसा को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। |
| 21 सितंबर | **विश्व अल्जाइमर दिवस** | • वर्ष 2024 की थीम: "डिमेंशिया पर कार्रवाई करने का समय, अल्जाइमर पर कार्रवाई करने का समय।"<br>• यह दिवस विश्व अल्जाइमर माह का हिस्सा है, जो अल्जाइमर रोग और अन्य डिमेंशिया से जुड़े कलंक को चुनौती देने और जागरूकता बढ़ाने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय अभियान है। |
| 21 सितंबर | **अंतर्राष्ट्रीय रेड पांडा दिवस** | • सितंबर के तीसरे शनिवार को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय रेड पांडा दिवस इस साल 21 सितंबर को मनाया गया।<br>• यह दिवस रेड पांडा नेटवर्क द्वारा 2010 में शुरू किया गया था तथा लुप्तप्राय लाल पांडा के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित है। |
| 22 सितंबर | **रोज डे (कैंसर रोगियों का कल्याण)** | • रोज डे का उद्देश्य कैंसर से जूझ रहे लोगों को सहायता और आशा प्रदान करना है। |
| 22 सितंबर | **विश्व राइनो दिवस** | • इसे पहली बार 2010 में विश्व वन्यजीव कोष (WWF) और विभिन्न संरक्षण भागीदारों द्वारा गैंडों की दुर्दशा और उनके संरक्षण की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालने के लिए स्थापित किया गया था।<br>• इस दिन का उद्देश्य गैंडों के सामने आने वाले खतरों की ओर ध्यान आकर्षित करना है। |
| 22 सितंबर | **विश्व नदी दिवस** | • वर्ष 2024 की थीम: 'जीवन के जलमार्ग'<br>• सितंबर के चौथे रविवार को मनाया जाने वाला विश्व नदी दिवस पहली बार 2005 में स्थापित किया गया था।<br>• इसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर जल मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। |
| 23 सितंबर | **अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस** | • वर्ष 2024 की थीम: 'Sign up for Sign Language Rights'<br>• संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा घोषित, यह दिन बधिर लोगों के मानवाधिकारों की पूर्ण प्राप्ति को प्राप्त करने में सांकेतिक भाषाओं के महत्व पर प्रकाश डालता है।<br>• यह तिथि 1951 में विश्व बधिर संघ की स्थापना का प्रतीक है। |
| 25 सितंबर | **विश्व फार्मासिस्ट दिवस** | • वर्ष 2024 की थीम: "फार्मासिस्ट: वैश्विक स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करना।"<br>• यह दिवस अंतर्राष्ट्रीय फार्मास्युटिकल फेडरेशन (FIP) ने इस पेशे को बढ़ावा देने और वैश्विक स्वास्थ्य में इसके योगदान हेतु मनाया जाता है।<br>• यह दुनिया भर में स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने में फार्मासिस्टों की भूमिका को स्वीकार करने के लिए प्रतिवर्ष मनाया जाता है। |
| 27 सितंबर | **विश्व पर्यटन दिवस** | • वर्ष 2024 की थीम: "पर्यटन और शांति।"<br>• यह दिवस संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO) द्वारा 1980 में शुरू किया गया था।<br>• यह आर्थिक विकास और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए संधारणीय पर्यटन को बढ़ावा देता है। |
| 28 सितंबर | **विश्व रेबीज दिवस** | • वर्ष 2024 की थीम: 'ब्रेकिंग रेबीज बाउंड्रीज' |

| | | |
|---|---|---|
| | | • इसका उद्देश्य रेबीज की रोकथाम और नियंत्रण के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। <br> • यह लुई पाश्चर को समर्पित है, जिन्होंने पहला रेबीज टीका विकसित किया था। |
| 29 सितंबर | **विश्व हृदय दिवस** | • वर्ष 2024 की थीम: 'कार्रवाई के लिए हृदय का प्रयोग' (Use Heart for Action) <br> • विश्व हृदय संघ द्वारा स्थापित, विश्व हृदय दिवस हृदय संबंधी बीमारियों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देता है। |
| 30 सितंबर | **अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस** | • यह दिवस अनुवादकों के काम का सम्मान करता है वैश्विक संचार और समझ को बढ़ावा देने में दुभाषियों और लेखकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। |

# 12. प्रमुख दिवस एवं सप्ताह

### 1 – 7 सितंबर: राष्ट्रीय पोषण सप्ताह

- विषय: "सभी के लिए पौष्टिक आहार"
- राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का उद्देश्य संतुलित आहार और स्वस्थ खान पद्धतियों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

### 17-20 सितम्बर, 2024: भारत जल सप्ताह:

- **उद्घाटन** : भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा।
- आयोजक: जल शक्ति मंत्रालय।
- थीम: 'समावेशी जल विकास एवं प्रबंधन के लिए भागीदारी और सहयोग'

# Samyak
An Institute For Civil Services

# IAS
## FOUNDATION
क्लास 12th के बाद ग्रेजुएशन
के साथ 3 वर्षीय कोर्स

# RAS
## FOUNDATION
क्लास 12th के बाद ग्रेजुएशन
के साथ 3 वर्षीय कोर्स

# PSI
## PAPER 1st & PAPER 2nd

*Special Batch For*
**RAS PRELIMS**
**FAST TRACK BATCH**
300 HOURS INTENSIVE CLASSES BASED ON MOST IMPORTANT TOPICS

**RAS-2021 RESULT**
राजस्थान में पहली बार
**TOP 10 में 9 TOPPERS**




TOTAL **650+** Selection

Samyak Gurukul
A Residential Coaching For Civil Services
शिक्षा | स्वास्थ्य | संस्कार | सफलता

## राजस्थान में पहली बार IAS/RAS की तैयारी के लिए पूर्ण सुरक्षित माहौल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आवासीय कोचिंग

गुरुकुल की सुविधाएँ


विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन



गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन


योग प्राणायाम


सेपरेट हॉस्टल (Boys / Girls)


आधुनिक क्लासरूम


लाइब्रेरी




ONLINE COURSE & TEST SERIES AVAILABLE ON APP
SCAN QR & DOWNLOAD APP NOW

Live & Recorded Classes
Test Series & Solution
Personal Mentorship
Toppers' Strategic Sessions

HEAD OFFICE: NEAR RIDDHI - SIDDHI, JAIPUR 9875170111